सुप्रभात
रांची, रविवार
23.07.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net श्रावण (मलमास), शुक्ल पक्ष, पंचमी, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 13 12



बेटी को साइंटिस्ट बनायेंगी आलिया भट्ट

SURJABASHA

न्यूज डायरी

### छह गेंद में 3 रन नहीं बना सका भारत, मैच टाई

**मीरपुर।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम और बांग्लादेश की महिला क्रिकेट टीम के बीच तीसरा टी 20 मैच शनिवार को मीरपुर में बराबरी पर खत्म हो गया। टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश की महिलाओं ने 4 विकेट पर 225 रन बनाये। भारतीय टीम को 226 रनों का लक्ष्य दिया। 49.3 ओवरों में भारतीय टीम सभी केवल 225 रन ही बना सकी। मैच टाई हो गया और सीरीज 1-1 से बराबरी पर छूटा।

### यासीन मलिक मामले में 4 अधिकारी सस्पेंड

**नयी दिल्ली।** तिहाड़ जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे जेकेएलएफ प्रमुख यासीन मलिक मामले में जेल प्रशासन ने ऐक्शन लिया है। जेल प्रशासन की तरफ से सुरक्षा में चूक मामले में चार अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया गया है। सस्पेंड अधिकारियों में 1 डिप्टी सुपिरटेंडेंट, 2 असिस्टेंट सुपरिटेंडेंट और 1 अन्य अधिकारी शामिल हैं।

### वीरेंद्र राम के पिता और पत्नी की याचिका खारिज

**रांची।** जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की पत्नी और पिता की अग्रिम जमानत याचिका पर इडी के विशेष कोर्ट ने खारिज कर दी। इडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने शनिवार को दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद गेंदा राम और राजकुमारी देवी को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया।

### झारखंड में भी बुलडोजर अपराधी का घर जमींदोज

**चाईबासा।** यूपी का बुलडोजर अब झारखंड पहुंच चुका है। राज्य में भी अपराधियों के घर बुलडोजर से ढाहे जा रहे हैं। अंतरराज्यीय संगठित गिरोह के सरगना शिवशंकर जोको उर्फ पडेया का घर प्रशासन ने जमींदोज कर दिया।

### देवघर से छह साइबर अपराधी गिरफ्तार

**देवघर।** जिला पुलिस ने शनिवार को छापेमारी कर छह साइबर ठगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने गिरफ्तार साइबर अपराधियों के पास से छह मोबाइल फोन और 16 फर्जी सिम कार्ड बरामद किया है।

### तालाब में गिरी बस 17 लोगों की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश में शनिवार को एक बड़ा हादसा हुआ। दक्षिण-पश्चिम बांग्लादेश में एक यात्री बस सड़क किनारे एक बड़े तालाब में गिर गई। इस हादसे में 17 लोगों की मौत हो गयी और 24 से अधिक घायल हो गये।

**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 75,000 रु./प्रति किलो |

## मुख्यमंत्री सारथी योजना का शुभारंभ कर बोले सीएम, अपना हुनर निखारें, लीडर बनें

# नये दौर में हुनरमंद होना जरूरी : हेमंत

...और क्या बोले मुख्यमंत्री

- स्किल्ड की ही बाजार में मांग, रोजगार के बेहतर विकल्प
- कुशल युवाओं का झारखंड बनाने का है संकल्प
- शिक्षा के साथ-साथ हुनरमंद होना मास्टर डिग्री से कम नहीं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आज जमाना तकनीक का है। बदलते वक्त के साथ तकनीक भी बदल रही है। ऐसे में हर इंसान को हुनरमंद होना होगा। अगर आपके पास हुनर होगा तो बाजार में आपकी डिमांड भी होगी और रोजगार के बेहतर विकल्प और अवसर भी मिलेंगे। वरना जमाने से आप काफी पीछे रह जायेंगे। ऐसे में आप अपने हुनर को निखारें और अपनी जिंदगी का अहम हिस्सा बनायें। राज्य के युवाओं को प्रखंड स्तर पर हुनरमंद बनाने के लिए शनिवार को सीएम हेमंत सोरेन ने आर्यभट्ट सभागार में मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत बिरसा योजना एवं रोजगार प्रोत्साहन भत्ता तथा परिवहन भत्ता वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए उक्त बातें कही।

**बड़े शहरों की ओर भागना बंद होगा :** सीएम ने कहा कि सरकार ने यहां के ग्रामीण नौजवानों के स्किल डेवलपमेंट के लिए यह योजना शुरू की है। पहले जहां आपको कौशल विकास के प्रशिक्षण के लिए बड़े शहरों का रुख करना पड़ता था। वहीं, अब आपको अपने प्रखंड में ही खोले जा रहे बिरसा केंद्र में अपनी इच्छा के अनुरूप फील्ड में स्किल डेवलपमेंट का कोर्स निःशुल्क कर सकेंगे। इतना ही नहीं, आपको रोजगार प्रोत्साहन भत्ता और परिवहन भत्ता भी मिलेगा। ताकि आप अपने हुनर को बेहतर तरीके से निखार सकें।

**आईकॉन बन मार्गदर्शक का रोल निभायें :** मुख्यमंत्री ने बिरसा केंद्र में स्किल डेवलपमेंट के लिए चयनित युवक-युवतियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप यहां से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद अपने फील्ड के यूथ आईकॉन बनें और एक मार्गदर्शक का रोल निभायें। तभी अन्य बच्चे बच्चियां भी स्किल डेवलपमेंट का कोर्स करने के लिए आगे आयेंगे। (शेष पेज 11 पर)



### हर युवक को हुनरमंद बनाने का प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुशल युवाओं का झारखंड बनाने का हमारा संकल्प है। इस कड़ी में साक्षर, निरक्षर, कम पढ़े लिखे और उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं के स्किल को निखारने के लिए सरकार काम कर रही है। मेरा मानना है कि आज शिक्षा के साथ-साथ हुनरमंद होना किसी मास्टर डिग्री से कम नहीं है। आज एमबीबीएस और बी टेक का कोर्स करने के बाद आप नौकरी तो पा लेंगे, लेकिन अच्छे अवसर के लिए आपके पास प्रबंधन की डिग्री भी बेहद जरूरी है। सीएम ने कहा कि कौशल विकास से जीवन में बदलाव के साथ ऊर्जा का संचार होता है।

#### चयनित युवकों से किया सीधा संवाद

**कार्यक्रम के दौरान सीएम ने बोकारो, चतरा, गढ़वा साहिबगंज और पश्चिमी सिंहभूम जिले के एक-एक प्रखंड में खुलने वाले बिरसा केंद्र में प्रशिक्षण के लिए चयनित युवक-युवतियों से सीधा संवाद किया। उन्होंने सांकेतिक रूप से 1039 प्रशिक्षणार्थियों के बैंक खाते में रोजगार प्रोत्साहन भत्ता के रूप में 13 लाख 9 हजार 5 सौ रुपये और 2178 प्रशिक्षणार्थियों को 11 लाख 87 हजार 840 रुपए परिवहन भत्ता के रूप में ट्रांसफर किये।**

#### केंद्र पर साधा निशाना

सीएम हेमंत सोरेन केंद्र पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पहले किसान का बेटा फौज में जाता था, मगर जिस तरह से केंद्र सरकार ने सेना बहाली में बदलाव किया, उससे वहां भी नौकरी मिलना मुश्किल है। उसके बाद रेलवे और बैंक में नौकरी करते थे, मगर निजीकरण की वजह से वहां भी नौकरी मिलना मुश्किल है। आज देश की अर्थव्यवस्था अच्छी नहीं है। हालत यह है कि 80 प्रतिशत लोग सरकारी अनाज पर आश्रित हैं। महंगाई आसमान छू रही है। इससे आम जनता त्रस्त है।

## पीएम ने 70 हजार युवाओं को दिया रोजगार का तोहफा, कहा

# यूपीए काल में घाटे-घोटाले के लिए जाने जाते थे बैंक

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने शनिवार को कहा कि लोगों ने अगले 25 वर्षों तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से राष्ट्रीय रोजगार मेले के तहत लगभग 70 हजार नवनियुक्तों को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद कहा, रोजगार मेला युवाओं को सशक्त बनाने और देश की प्रगति में उनकी सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करने का एक अच्छा प्रयास है। उन्होंने कहा अब आप देश का नाम रोशन करें। पीएम ने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र में नियुक्ति पत्र अधिक बांटे जाते हैं, लिहाजा युवा कर्मचारियों की भूमिका और जिम्मेदारी भी बढ़ गयी है। उन्होंने यूपीए सरकार पर हमला करते हुए कहा कि उस सरकार ने इतने घोटाले किये कि बैंकों की कमर ही टूट गयी थी। तब यह सेक्टर घाटे-घोटाले के लिए ही जाने जाते थे।



**यूपीए सरकार पर बरसे :** पीएम मोदी ने केंद्र की पूर्ववर्ती यूपीए सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा उस समय घोटाले कर बैंकों को बर्बाद कर दिया था, लेकिन उनकी सरकार ने बैंकों की वित्तीय सेहत को बहाल किया और अब भारत अपने मजबूत बैंकिंग क्षेत्र के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि नियुक्ति पाने वालों में बड़ी संख्या में ऐसे लोग शामिल हैं, जो बैंकिंग क्षेत्र में काम करेंगे। पूर्ववर्ती सरकार के घोटालों की वजह से बैंकिंग प्रणाली की कमर टूट गयी थी। उस समय हजारों करोड़ रुपये का ऋण कुछ नेताओं और परिवारों के चहेते लोगों को दिये जाते थे और ये ऋण वापस करने के लिए नहीं होते थे। (शेष पेज 11 पर)

### भारत और पाकिस्तान में आज खिताबी भिड़ंत

**कोलंबो।** अब तक शानदार प्रदर्शन करने वाली भारत-ए की टीम अपने चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान-ए के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले एमर्जिंग एशिया कप क्रिकेट टूनार्मेंट के फाइनल में खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरूआत करेगी। रविवार को इमर्जिंग एशिया कप का फाइनल मैच खेला जायेगा। यह मैच भारतीय समय के अनुसार दोपहर 2 बजे से शुरू होगा। भारतीय टीम इस मैच में इसलिए भी बढ़े मनोबल के साथ उतरेगी क्योंकि उसने लीग चरण में पाकिस्तान को हराया है। भारतीय खिलाड़ियों को अति आत्मविश्वास से बचना होगा।

# नर्सिंग, एएनएम, जीएनएम की परीक्षा जल्द करायें : हाइकोर्ट

- अदालत ने एडमिशन पर लगी रोक हटायी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य विभाग के शपथ पत्र के आलोक में एएनएम जीएनएम, बीएससी नर्सिंग (बेसिक) बीएससी नर्सिंग (पोस्ट बेसिक) के विज्ञापन पर लगी रोक को हटा दिया है। साथ ही स्वास्थ्य विभाग को जल्द परीक्षा आयोजित करने का निर्देश दिया है। स्वास्थ्य विभाग ने शपथ पत्र में बताया है कि अधिसूचना में झारखंड के निवासियों को आवेदन भरने की अनिवार्यता को विलोपित कर भारत के नागरिक आवेदन दे सकते हैं। इसे एलाऊ किया है। कोर्ट ने निर्देश दिया है कि एएनएम जीएनएम, बीएससी नर्सिंग (बेसिक) बीएससी नर्सिंग (पोस्ट बेसिक) के परीक्षा जो कि झारखंड कंबाइंड के जरिये किया जा रहा है उसे पुनः संशोधित विज्ञापन के साथ जल्द करायें। पूर्व में झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा ने जो विज्ञापन निकाला था उसमें सिर्फ झारखंड के स्थानीय निवासी को आवेदन भरने की अनिवार्यता थी। जिस पर हाईकोर्ट ने सुनवाई करते हुए विज्ञापन पर ही रोक लगा दी थी। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता कृष्ण कुमार ने पैरवी की। बता दें कि पहले विज्ञापन में भारत के नागरिक के साथ-साथ झारखंड के निवासी होने पर आवेदन देने की बाध्यता थी, ऐसे में अब झारखंड के निवासी होना शब्द को विलोपित कर दिया गया है। (शेष पेज 11 पर)

# खूंटी में नौ अपराधियों पर लगेगा सीसीए

## डीजीपी के निर्देश के बाद खूंटी पुलिस की कार्रवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खूंटी।** संगठित और असंगठित अपराध पर लगाम लगाने के लिए खूंटी पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के दर्जनों अपराधियों को सूचीबद्ध किया गया है और उनपर निगरानी शुरू कर दी गई है। नक्सली से लेकर नौ अपराधियों के खिलाफ सीसीए लगाने की तैयारी शुरू कर दी गयी है। जेल से निकले हार्डकोर नक्सलियों से लेकर 38 अपराधियों को चिन्हित कर उन्हें सर्विलांस पर रखा गया है। जबकि 126 गुंडा पंजी दर्ज की गयी है। जिले में पांच वर्षों में विभिन्न थाना क्षेत्रों में कुल 326 आपराधिक मामले दर्ज किए गए थे। जिसमें 326 अपराधी पुलिस की रडार पर हैं। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए खूंटी पुलिस लगातार अभियान चला रही है।

**क्या कहते हैं एसपी :** इधर, इस संबंध में खूंटी के एसपी अमन कुमार ने बताया कि जिले में अपराधियों पर लगाम लगाया जा रहा है। आपराधिक संगठन खड़ा करने से पहले ही कई संगठन के अपराधियों को सलाखों के पीछे भेज दिया गया है। वहीं अपराधियों की तलाश में पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। एसपी ने बताया कि पुलिसिया दबिश और कार्रवाई का नतीजा है कि पहले की तुलना अपराध में कमी आई है। खूंटी एसपी अमन कुमार ने बताया कि नौ अपराधियों पर सीसीए लगाने की तैयारी चल रही है। रिपोर्ट उपायुक्त को भेजा जायेगा। एसपी ने बताया कि पुलिसिया दबिश और कार्रवाई का नतीजा है कि पहले की तुलना अपराध में कमी आयी है।

### राहुल की याचिका पर 17 को होगी सुनवाई

**रांची।** रांची एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी अनामिका किस्कू की अदालत में शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के मोदी सरनेम केस से जुड़े मामले में सुनवाई हुई। इसके बाद अदालत ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 17 अगस्त की तिथि निर्धारित की है। 16 जून को इस मामले में सुनवाई करते हुए अदालत ने राहुल गांधी को सशरीर उपस्थिति होने का निर्देश दिया था। इस आदेश को राहुल गांधी ने हाई कोर्ट में चुनौती दी थी, जिसपर सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने 16 अगस्त तक राहुल गांधी के खिलाफ किसी भी तरह की पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी है। हाइकोर्ट के इस आदेश की जानकारी राहुल गांधी के अधिवक्ता ने एमपी-एमएलए कोर्ट को दे दी है। रांची के रहने वाले प्रदीप मोदी नाम के व्यक्ति ने राहुल गांधी के खिलाफ मोदी उपनाम पर टिप्पणी को लेकर मानहानि का केस किया था। यह मामला 2019 का है।

# आप ही आशा की अंतिम किरण, कोई रास्ता निकालें

- आदिवासी भाइयों-बहनों पर बर्बरता निंदनीय, दिल में हो रही पीड़ा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

### मणिपुर घटना पर राष्ट्रपति को हेमंत का पत्र



**रांची।** पूरा मणिपुर हिंसा की आग में झुलस रहा है। वहां आदिवासी महिलाओं पर अत्याचार हो रहा है। महिलाओं पर पर ढाये गये जुल्म वाले वीडियो ने इंसानीयत को झकझोर कर रख दिया है। संविधान की गरिमा तार-तार हो रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मणिपुर में बिगड़े हालात पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने कहा है कि मणिपुर के मौजूदा हालात को देखते हुए सबकी नजर आप पर टिकी हुई है। ऐसे विपरीत हालात में सिर्फ आप ही अंतिम उम्मीद बची हैं जो वहां की व्यवस्था को पटरी पर लाने में अहम भूमिका अदा कर सकती हैं। पत्र में उन्होंने कहा है कि क्रूरता के सामने चुप्पी एक भयानक अपराध है और इसलिए मैं मणिपुर राज्य में जारी हिंसा पर भारी मन और गहरी पीड़ा के साथ आपको लिखने के लिए मजबूर हूं।

राष्ट्रपति के रूप में, न्याय और करुणा के सिद्धांतों को बनाये रखने के प्रति आपकी दृढ़ प्रतिबद्धता हमेशा हम सभी के लिए मार्गदर्शक रही है। मणिपुर और भारत के सामने संकट की इस सबसे काली घड़ी में, हम आपको आशा और प्रेरणा के अंतिम स्रोत के रूप में देखते हैं। आप ही इस कठिन समय में मणिपुर के लोगों और भारत के सभी नागरिकों को रोशनी दिखा सकते हैं। इस देश के एक चिंतित नागरिक के रूप में, मैं मणिपुर में बढ़ती स्थिति से बहुत व्यथित और चिंतित हूं। दिल पीड़ा से भरा हुआ है। अकथनीय यातना और महिलाओं का यौन शोषण, विस्थापन और प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले कई जातीय समूहों के बीच असुरक्षा की गंभीर भावना पैदा हो गयी है। (शेष पेज 11 पर)



# कोई काम छोटा नहीं होता, शुरू करें पूरी मदद देंगे : सीएम

## युवाओं को अपने ही राज्य में रोजगार दे रही है सरकार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सीएम हेमन्त सोरेन ने शनिवार को आर्यभट्ट सभागार में मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत बिरसा योजना एवं रोजगार प्रोत्साहन भत्ता तथा परिवहन भत्ता वितरण कार्यक्रम में स्किल डेवलपमेंट के लिए चयनित युवक-युवतियों से कहा कि कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता है। ऐसे में काम करने से आप संकोच नहीं करें, क्योंकि, जिस काम से आपका घर- परिवार और जीवन चलता है , वह भगवान के समान होता है। सीएम ने कहा कि आपको अपने राज्य में रोजगार के बेहतर अवसर मिले, इस दिशा में सरकार लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि बिना वजह समय और करियर बर्बाद नहीं हो, हर हाल में अपने आप को निखारना होगा। आपने जो सोचा है, उस राह पर आगे बढ़ें, सरकार आपके साथ सहयोग करेगी। आप एक कदम आगे बढ़ेंगे तो सरकार चार कदम आगे बढ़कर आपका साथ देगी। जरूरत इस बात की है कि आप सरकार की योजनाओं से जुड़कर उसका लाभ लें।

**बड़े पैमाने पर हो रही नियुक्ति :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज झारखंड में बड़े पैमाने पर नियुक्तियां हो रही हैं। कई विभागों में हजारों पद भरे जा चुके हैं ।अनेक पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है। अभी 26 हजार शिक्षकों के लिए विज्ञापन निकल चुका है । ऐसे में जहां देशभर में सरकारी नियुक्तियां सिकुड़ रही है, हम बड़े पैमाने पर युवाओं को बहाल कर रहे हैं । उन्होंने यह भी कहा कि निजी क्षेत्रों में भी अब तक 20,000 से ज्यादा युवाओं को सरकार के प्रयासों से रोजगार उपलब्ध कराया जा चुका है। हमारा प्रयास हर हाथ को काम देना है।

**स्वरोजगार के प्रति युवाओं का बढ़ा रुझान :** मुख्यमंत्री ने कहा कि बदलते समय के साथ शिक्षित युवाओं में स्वरोजगार के प्रति रुझान तेजी से बढ़ रहा है । पहले जहां वे किसी कंपनी में किसी के अधीन काम करते थे । आज अपना व्यवसाय खड़ा कर चुके हैं और अपने साथ कई नौजवानों को भी रोजगार देने का काम कर रहे हैं। सरकार भी स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना लागू की है । आप इन योजनाओं से जुड़कर अपने व्यवसाय और आय को बढ़ा सकते हैं।

### मजदूरों के हितों का कर रहे संरक्षण

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड मजदूर बहुल राज्य है। यहां के लाखों मजदूर दूसरे राज्यों में काम कर रहे हैं। लेकिन, इसके बाद भी पिछले दो दशकों में मजदूरों के प्रति ना तो किसी तरह की संवेदना देखने को मिली और ना ही उनके लिए योजनाएं बनाई गई । उनके हितों को अनदेखा किया जाता रहा। हमारी सरकार पूरी संवेदना के साथ मजदूरों के कल्याण के लिए कई योजनाएं चला रही है, भले ही मजदूर राज्य में काम कर रहा हो या दूसरे राज्यों अथवा विदेशों में। सभी मजदूरों के हितों का संरक्षण सरकार कर रही है।

### क्या है बिरसा योजना

मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत बिरसा योजना के तहत प्रखंड स्तर पर कौशल विकास का प्रशिक्षण केंद्र खोला जाना है। इस योजना के पहले चरण में अस्सी प्रखंडों में बिरसा केंद्र खोले जा रहे हैं। यहां युवाओं को निशुल्क कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जाएगा । प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं को एक हजार रुपए रोजगार प्रोत्साहन भत्ता मिलेगा, जबकि युवतियों, दिव्यांगों और परलैंगिको के लिए यह राशि एक हजार पांच सौ रूपए प्रति माह होगी। इसके अलावा गैर आवासीय प्रशिक्षण के प्रशिक्षणार्थियों को एक हजार रूपए प्रतिमाह परिवहन भत्ता भी मिलेगा। प्रशिक्षण के बाद तीन माह के अंदर नियोजन नहीं होने की स्थिति में 1 वर्ष तक रोजगार प्रोत्साहन भत्ता भी दिया जाएगा।

### युवाओं को मिल रहा रोजगार : भोक्ता

श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि यह सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसके तहत युवाओं को रोजगार दिया जा रहा है। यह आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड ही एकमात्र ऐसा राज्य है, जहां के मजदूरों को देश के अन्य हिस्सों से कोरोना काल में हवाई जहाज से लाया गया था और उन्हें रोजगार भी दिया गया।

### स्वरोजगार की ओर ध्यान दें युवा : आलमगीर

वहीं ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि सरकार ने इससे पहले भी कई विभागों में युवाओं को नियोजित किया है। अभी 26000 शिक्षकों की बहाली के लिए वैकेंसी निकाली गई है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे नौकरी के बजाय स्वरोजगार की ओर ध्यान दें और अपने साथ अन्य लोगों को भी रोजगार दें।

### शिक्षा का खर्च दे रही सरकार

मुख्यमंत्री ने राज्य के बच्चे- बच्चियों से कहा कि आप अपने पढ़ाई पर ध्यान दें। आपकी पढ़ाई का सारा खर्च सरकार वाहन करेगी। उन्होंने कहा कि स्कूली शिक्षा से लेकर विदेशों में उच्च शिक्षा तक का खर्च सरकार वाहन कर रही है । इतना ही नहीं प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारियों के साथ मेडिकल- इंजीनियरिंग और अन्य प्रोफेशनल कोर्सेज के लिए भी सरकार आर्थिक सहयोग कर रही है। आपकी गरीबी आपकी पढ़ाई में बाधा ना बने, इसी बात को ध्यान में रखकर सरकार ने ये कदम उठाए हैं ।

## सीएम 24 नवप्रोन्नत आईपीएस अधिकारियों को लगाएंगे बैच

**रांची।** झारखंड पुलिस ने 24 नवप्रोन्नत आईपीएस अधिकारियों के लिए पिपिंग सेरेमनी का आयोजन किया है। पिपिंग सेरेमनी का कार्यक्रम झारखंड मंत्रालय में 24 जुलाई को दोपहर 12 बजे होगा। इस दौरान राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सभी 24 नवप्रोन्नत आईपीएस अधिकारियों को बैच लगाएंगे।

**इन अफसरों को बैच लगाएंगे सीएम हेमंत सोरेन :** सीएम हेमंत सोरेन जिन आईपीएस अफसरों को बैच लगाएंगे उनमें सरोजनी लकड़ा, अमेल्डा एक्का, सादिक अनवर रिजवी, अरविंद कुमार सिंह, विकास कुमार पांडेय, विजय आशीष कुजूर, दीपक कुमार शर्मा, राजकुमार मेहता, शंभू कुमार सिंह, अजय कुमार सिन्हा, अनुदीप सिंह, पूज्य प्रकाश, सहदेव साव, अमित कुमार सिंह, अजीत कुमार, मुकेश कुमार, दीपक कुमार पांडेय, अनिमेश नैथानी, अजय कुमार - 1, आरिफ एकराम, ऊ. विमल कुमार, मनीष टोप्पो, डा. कैलाश करमाली, पीतांबर सिंह खेरवार अधिकारी शामिल हैं।

## निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की पत्नी और पिता को अग्रिम बेल देने से ईडी कोर्ट का इनकार

**रांची।** जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की पत्नी और पिता की अग्रिम जमानत पर ईडी की विशेष कोर्ट ने फैसला सुना दिया है। दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी होने के बाद अदालत ने 22 जुलाई को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। शनिवार को कोर्ट ने वीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम और पत्नी राजकुमारी देवी को अग्रिम जमानत देने से इनकार करते हुए दोनों की याचिका को खारिज कर दी। ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार उर्फ काका जी ने अग्रिम जमानत याचिका का पुरजोर विरोध किया।

## जेल में कर्मचारियों की लापरवाही से हुई कैदी की मौत तो मिलेगा मुआवजा

**रांची।** जेल कर्मचारियों की लापरवाही से कैदियों की मौत पर उनके आश्रितों को चार लाख का मुआवजा मिलने का आदेश गृह विभाग ने निकाला है। लेकिन, यह मुआवजा उन कैदियों के परिजनों को नहीं मिलेगा जो जेल से फरार या जेल के बाहर कानूनी हिरासत से भाग जाते हैं। गृह कार्य एवं आपदा प्रबंधन विभाग के आदेश के मुताबिक, कैदियों के बीच आपसी झगड़े की वजह से मौत होने, जहर खाने की वजह से मौत होने,जेल कर्मचारियों द्वारा प्रताड़ित या फिर पिटाई करने से हुई मौत मामले में पांच लाख रूपए दिए जाएंगे। वहीं जेल कर्मचारी द्वारा ड्यूटी में लापरवाही के कारण हुई मौत पर चार लाख और कैदी द्वारा आत्महत्या करने पर तीन लाख का मुआवजा दिया जाएगा।

# अपराधियों के मुलाकातियों पर नजर रखने के लिए दो नोडल पदाधिकारी नियुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जेल में बंद अपराधी और उनसे मुलाकात करने वालों पर रांची पुलिस की पैनी नजर रहेगी। एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर दो जेल नोडल अधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है। प्रतिनियुक्त किये गये नोडल पदाधिकारी जेल में बंद अपराधियों की गतिविधि की जानकारी जुटा कर अपने वरीय पदाधिकारी को देंगे। इसके अलावा नोडल पदाधिकारी जिला पुलिस की ओर से संपूर्ण जेल की बाहरी सुरक्षा के प्रभार में रहेंगे। कैदियों को जेल से कोर्ट तक ले जाने और आने के दौरान निर्धारित मानदंडों के अनुपालन में किसी भी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर उसका निराकरण करते हुए अपने वरीय पदाधिकारी को रिपोर्ट सौंपेंगे।

### जेल नोडल पदाधिकारी की जिम्मेदारी

- प्रतिनियुक्त किये गये नोडल पदाधिकारी जेल में कुख्यात अपराधियों से मिलने वाले लोगों पर नजर रखेंगे।
- जेल में बंद हो वैसे अपराधी जिनसे विधि व्यवस्था प्रभावित होती है, उसकी सूची तैयार करेंगे।
- जेल में आने वाले ,रिहा होने वाले और जमानत पर मुक्त होने वाले अपराधियों की सूची तैयार करेंगे।
- कोर्ट में सरेंडर कर जेल में बंद अपराधियों की सूची तैयार कर अपने वरीय पदाधिकारी को इसकी रिपोर्ट सौंपेंगे।
- कोर्ट परिसर की सुरक्षा को लेकर भी नोडल पदाधिकारी प्रतिनियुक्त
- कोर्ट परिसर की सुरक्षा के लिए प्रतिनियुक्त किये गये नोडल पदाधिकारी कोर्ट परिसर की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों पर निगरानी रखेंगे।
- इसके अलावा कोर्ट के मुख्य द्वार पर जांच, कोर्ट हाजत की सुरक्षा और कैदी पेशी की सुरक्षा पर विशेष निगरानी रखेंगे।
- कोर्ट द्वारा जमानत प्राप्त अभियुक्त और उसके जमानत तारों का भी हर दिन रिपोर्ट तैयार करेंगे।
- कोर्ट में उपस्थित गवाहों की भी हर दिन सूची तैयार करेंगे।


उपायुक्त –सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा।
(खनन शाखा)

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि लोहरदगा जिला का लघु खनिज पत्थर, एवं मिट्टी का अलग–अलग District Survey Report (DSR) तैयार की गई है, जिसे लोहरदगा जिला के वेबसाईट https://lohardaga.nic.in पर आमजनों की सुझाव एवं मंतव्य के लिये प्रकाशित किया जाना है।

अतएव उक्त DSR में यदि कोई सुझाव एवं मंतव्य हो तो DSR प्रकाशित होने की तिथि से 21 दिनों के अन्दर अपनी सुझाव जिला खनन कार्यालय लोहरदगा अथवा E-mail ID :- dmo-lohardaga@jharkhandmail.gov.in पर प्रेषित किया जाय।

उपायुक्त,
लोहरदगा।

PR 303028 (Lohardaga) 23-24 (D)



उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गिरिडीह
(जिला नजारत शाखा)
दूरभाष नं०:– 06532-222650 ई०-मेल:– dist.nazaratgrd@gmail.com

-:: शुद्धि पत्र/रद्द ::-

पीरटाँड प्रखण्ड अन्तर्गत मधुबन स्थित मधुबन गेस्ट हाउस, गिरिडीह के रख–रखाव एवं संचालन आउटसोर्सिंग के माध्यम से पूरे 03 (तीन) वर्षों के लिए (यथा कार्यादेश की तिथि से तीन वर्ष) किये जाने हेतु PR NO – 298799 Giridih(23-24)D द्वारा आमंत्रित निविदा की बैठक में जिला क्रय समिति के सदस्यों द्वारा सर्व सम्मति से लिये गये निर्णय के आलोक में उक्त निविदा को रद्द किया जाता है।

जिला नजारत उपसमाहर्त्ता,
गिरिडीह।

PR.NO.302996 Giridih(23-24):D



उपायुक्त–सह–
जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गिरिडीह
(जिला नजारत शाखा)
दूरभाष नं०:– 06532-222650
ई०–मेल:– dist.nazaratgrd@gmail.com

–:: शुद्धि पत्र / रद्द ::–

नया परिसदन भवन, गिरिडीह के रख–रखाव एवं संचालन आउटसोर्सिंग के माध्यम से पूरे 03 (तीन) वर्षों के लिए (यथा कार्यादेश की तिथि से तीन वर्ष) किये जाने हेतु PR NO - 298798(Giridih)23-24*D द्वारा आमंत्रित निविदा की बैठक में जिला क्रय समिति के सदस्यों द्वारा सर्व सम्मति से लिये गये निर्णय के आलोक में उक्त निविदा को रद्द किया जाता है।

जिला नजारत उपसमाहर्त्ता,
गिरिडीह

PR 303000 (Giridih)23-24*D


# झारखंड में दक्षिणी भाग में जमकर बरसा मानसून

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पिछले कई दिनों से कमजोर चल रहा मानसून पिछले 24 घंटों के दौरान झारखंड के दक्षिणी भाग में जमकर बरसा। खासकर पूर्वी सिंहभूम के कई इलाकों में भारी बारिश हुई। इसमें चाकुलिया में सर्वाधिक 97.2 मिमी बारिश दर्ज की गई। चाईबासा, रांची, रामगढ़, खरसावां, जमशेदपुर आदि में भी अच्छी बारिश हुई। राजधानी में सुबह से लेकर शाम तक विभिन्न क्षेत्रों में रुक-रुक कर हल्की बारिश होती रही। राज्य के दक्षिणी भाग में कहीं-कहीं आज भी बारिश होने के आसार व्यक्त किए गए हैं। मौसम विभाग के अनुसर राज्य में मानसून कमजोर चल है। लेकिन देश के पश्चिमी भाग से बंगाल की खाड़ी तक कायम मानसून टर्फ झारखंड के दक्षिण से होकर गुजर रहा है। यह जैसलमेर, दीशा, रतलाम, बेतुल, चंद्रपुर, कोंडागांव, गोपालपुर से होते हुए दक्षिण में अंडमान सागर तक स्थित है। वर्तमान में आंध्रप्रदेश के उत्तर और ओडिशा के दक्षिण में कायम साइक्लोनिक सकुर्लेशन के कारण झारखंड के दक्षिणी भाग में इसका प्रभाव पड़ रहा है। इससे बारिश हो रही है, जबकि राज्य के उत्तरी हिस्सों में मामूली बारिश हुई है। राज्य में मानसून की बारिश में कमी 45 फीसदी है। राज्य में एक जून से अब तक 229.3 मिमी बारिश हुई है, जबकि इस अवधि में सामान्य वर्षापात 414.9 मिमी है। राज्य में गोड्डा, साहिबगंज और सिमडेगा को छोड़ सभी जिलों में सामान्य से काफी कम बारिश हुई है।

### इन इलाकों में हुई बारिश

**स्थान**

चाकुलिया 97.2, धालभूमगढ 83.4, चक्रधरपुर 50.5, चाईबासा 50.0, खरसामा 22.4, जमशेदपुर 22.2, रांची 18.6, रामगढ़ 26.5, हजारीबाग 14.5, कोडरमा 3.0

> ओडिशा और आंध्र प्रदेश के ऊपर बने साइक्लोनिक सकुर्लेशन के प्रभाव से झारखंड के दक्षिणी भागों में बारिश हुई। इसी सिस्टम से होकर मानसून टर्फ गुजर रहा है। लेकिन अगले 24 घंटों के दौरान मानसून की सक्रियता कम हो सकती है। राज्य में 26 के बाद अच्छी बारिश होने की संभावना है। इससे पहले कहीं–कहीं हल्की बारिश हो सकती है।
>
> **अभिषेक आनंद, वैज्ञानिक, मौसम विभाग**

## राहुल गांधी केस में एमपी-एमएलए कोर्ट में अब 17 अगस्त को सुनवाई

**रांची।** सिविल कोर्ट स्थित एमपी-एमएलए कोर्ट की विशेष न्यायिक दंडाधिकारी अनामिका किस्कू की अदालत में शनिवार को कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के मोदी सरनेम केस से जुड़े मामले में सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 17 अगस्त की तिथि निर्धारित की है। मालूम हो कि 16 जून को इस मामले में सुनवाई करते हुए अदालत ने राहुल गांधी को सशरीर उपस्थिति होने का निर्देश दिया था। इस आदेश को राहुल गांधी ने हाई कोर्ट में चुनौती दी थी, जिसपर सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने 16 अगस्त तक राहुल गांधी के खिलाफ किसी भी तरह की पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी है। हाई कोर्ट के इस आदेश की जानकारी राहुल गांधी के अधिवक्ता ने एमपी-एमएलए कोर्ट को दे दी है।

# राज्य में होगी 171 चिकित्सकों की नियुक्ति, निकला विज्ञापन

## एक साल के लिए अनुबंध पर ली जाएगी सेवा, 14 अगस्त तक कर सकते हैं आवेदन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से सरकार और स्वास्थ विभाग समन्वय स्थापित कर काम कर रहे हैं। इसी कड़ी में स्वास्थ्य चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग से संबद्ध झारखंड ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के द्वारा चिकित्सकों की नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किया गया है। अनुबंध पर आधारित इस नियुक्ति में चयनित चिकित्सकों की सेवा एक साल के लिए ली जाएगी। विशेषज्ञ मेडिकल ऑफिसर, रेडियोलॉजिस्ट हेमेटोलॉजिस्ट और मेडिकल ऑफिसर की रेगुलर और बैकलॉग को मिला कर कुल



171 चिकित्सकों की नियुक्ति होनी है। इनमें विशेषज्ञ चिकित्सकों के लिए 123, रेडियोलॉजिस्ट के 19 हेमेटोलॉजिस्ट के एक और मेडिकल ऑफिसर के 28 पद पर नियुक्ति की जानी है। इन सभी पदों के लिए उम्र सीमा 70 वर्ष तय की गई है। 14 अगस्त तक आवेदन करने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है।

**मिलेगा 63000 से लेकर 1.5 लाख तक वेतन :** ऑब्सटेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी, सर्जन, कंसलटेंट मेडिसिन/फिजीशियन, साइकेट्रिस्ट, ऑप्थलमिक, डमेटोलॉजिस्ट, ऑथोर्पेडिक सर्जन को प्रतिमाह 105000 दिया जाएगा। वहीं, रेडियोलॉजिस्ट और हेमेटोलॉजिस्ट को प्रतिमाह 1.5 लाख और मेडिकल ऑफिसर को 63000 रुपया प्रति महीने दिया जाएगा।

### इन पदों के लिए होनी है नियुक्ति

| पद | रेगुलर | बैकलॉग |
| --- | --- | --- |
| ऑब्सटेट्रिक्स एंड गाइनेकोलॉजिस्ट: | रेगुलर-04, | बैकलॉग-10 |
| सर्जन: | रेगुलर- 4, | बैकलॉग-10 |
| रेडियोलॉजिस्ट: | रेगुलर-14, | बैकलॉग-5 |
| हेमाटोलॉजिस्ट : | रेगुलर-1 | |
| कंसलटेंट मेडिसिन/फिजीशियन एमडी: | रेगुलर-24, | बैकलॉग-11 |
| साइकेट्रिस्ट: | रेगुलर-6, | बैकलॉग-8 |
| ऑप्थलमिक सर्जन: | रेगुलर-8 | बैकलॉग-5 |
| डमेटोलॉजिस्ट: | रेगुलर-14 | बैकलॉग-4 |
| ऑथोर्पेडिक सर्जन: | रेगुलर-12 | बैकलॉग-3 |
| मेडिकल ऑफिसर: | रेगुलर-18 | बैकलॉग-10 |

## खबर एक नजर में

### मणिपुर की घटना पर प्रधानमंत्री राजनीति कर रहे है : आभा सिन्हा



**रांची।** प्रदेश महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सह प्रवक्ता आभा सिन्हा ने मणिपुर की घटना पर प्रधानमंत्री पर राजनीति करने का आरोप लगाया और मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को तत्काल हटाने और पूर्वोत्तर राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की है। उन्होंने ने कहा है कि मोदी सरकार संसद में इस मुद्दे पर चर्चा नहीं चाहती क्योंकि वे अक्षमता, हिंसा के लिए षड्यंत्रकारी उकसावे, रैंक की उदासीनता और लापरवाही के दोषी हैं। श्रीमती सिन्हा ने कहा है कि मणिपुर के लोग प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप की गुहार लगा रहे हैं, लेकिन उन्होंने लोगों को सिर्फ पीठ दिखाई है। मोदी अपनी सरकार की अक्षमता का दोष भारत के 140 करोड़ लोगों पर डालने की कोशिश की, जो देश की जनता के साथ धोखा नहीं तो और क्या है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राजस्थान में जो कुछ भी हुआ वह एबीवीपी के तीन गुंडों द्वारा किया गया था और उन्हें सीधे दो घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया। मणिपुर सरकार को 1000 लोगों की भीड़ में से चार लोगों को गिरफ्तार करने में 77 दिन लग गए।

### मणिपुर घटना का राज्य के सभी प्रमंडलों में आज पर्दाफाश करेगी कांग्रेस

**रांची।** मणिपुर 80 दिनों से जातीय हिंसा की आग में जल रहा है। बावजूद इसके हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्र सरकार मूकदर्शक बनी रही और मणिपुर में चल रही जातीय हिंसा को रोकने में पूर्णतः नाकाम रही है। मणिपुर में भीड़ द्वारा आदिवासी महिलाओं को नंगा कर उनके शरीर के साथ दुर्व्यवहार करने का शर्मनाक वीडियो के वायरल होने के बाद जब सर्वोच्च न्यायालय ने स्वतः संज्ञान लिया तब प्रधानमंत्री ने चुप्पी तोड़ने की औपचारिकता पूरी की। आदिवासी महिलाओं के साथ हुई इस अमानवीय घटना से आज पूरा देश शर्मसार है। झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निदेर्शानुसार आदिवासी महिलाओं के साथ मणिपुर में हुई इस शर्मनाक घटना के खिलाफ 23 जुलाई को सभी प्रमंडलों में पार्टी के महिला सांसद/विधायक/नेत्री संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर केंद्र सरकार के अमानवीय चेहरे का पर्दाफाश करने का काम करेंगी।

### मणिपुर की घटना पर भाजपा चुप्पी तोड़े : वीना



**रांची।** मणिपुर में जिस तरह से आदिवासी महिलाओं को निर्वस्त्र करके उन्हें पूरे समाज में घुमाया जा रहा है, उनकी बेइज्जती की जा रही है, यह काफी निंदनीय है। ये बातें अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की राज्यसचिव वीना लिंडा ने शनिवार को अल्बर्ट एक्का चौक पर आयोजित विरोध प्रर्दशन के दौरान कही। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का पिछले तीन महीनों से चुप्पी साधे रहना, मणिपुर को जलने देना उनकी नाकामयाबी दिखाती है, उनके चाल और चरित्र को दशार्ता है। जब भी महिलाओं पर उत्पीड़न की बात आती है, भाजपा सरकार चुप्पी साधे रहती है, चाहे वह मणिपुर की महिलाओं के साथ हो, महिलाओं खिलाड़ियों के साथ हो। इनका बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा फर्जी है।

### आदिवासी महिला संगठनों ने निकाला मार्च



**रांची।** मणिपुर की हिंसा और दो युवतियों के चीरहरण की घटना को लेकर जस्टिस फॉर मणिपुर सामूहिक दुष्कर्म, पीड़िता सर्ववाइवर के बैनर तले विभिन्न आदिवासी महिला संगठनों ने शनिवार को डंगराटोली चौक से पदयात्रा निकाली। साथ ही साथ रांची कॉलेज, आदिवासी छात्रावास से भी जुलूस की शक्ल में लोग निकले। सभी ने अल्बर्ट एक्का चौक पर मणिपुर हिंसा में आदिवासी महिलाओं के साथ घृणित कार्य के विरोध में जोरदार प्रदर्शन और पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय महिला और बाल कल्याण मंत्री स्मृति ईरानी व मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बिरेन सिंह का पुतला दहन किया। महिलाओं ने कहा कि यह शर्मनाक घटना देश की आधी आबादी पर एक घातक प्रहार है। देश में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा एक धोखा साबित हुआ है।

### सरकार को क्यों नहीं सुनाई देती झारखंड की बेटियों की चित्कार : रघुवर



**रांची।** मणिपुर की घटना को लेकर सीएम हेमंत सोरेन ने राष्ट्रपति को पत्र लिखा है। इसपर पूर्व सीएम रघुवर दास ने उन्हें घेरा है। उन्होंने कहा कि ऐसे गंभीर मुद्दे पर राजनीति करने में सीएम को परहेज करनी चाहिए। जब झारखंड में रुबिका पहाड़िन की दिलदार ने टुकड़े–टुकड़े कर दिये, अंकिता को शाहरुख ने जिंदा जला दिया, दुमका में आदिवासी बच्ची का रेप और हत्या कर शव पेड़ से लटका दिया, साहिबगंज में घर से उठाकर आदिवासी बच्ची से रेप किया गया, आश्रम में साध्वी से रेप हुआ और गुमला–रांची नाबालिक बच्चियों के साथ रेप जैसी घटनाएं हुई। इन सब पर मुख्यमंत्री क्यों चुप्पी साधे रहे। मणिपुर की घटना से इतनी ही पीड़ा है, तो अपने पत्र में कम से कम पश्चिम बंगाल के मालदा और बिहार के बेगूसराय की घटना का जिक्र भी कर लेते। क्या हेमंत इन घटनाओं का समर्थन करते हैं। झारखंड की बेटियों की चित्कार हेमंत सोरेन को सुनाई क्यों नहीं देती है। मणिपुर जैसे गंभीर और संजीदा मुद्दे पर राजनीति करने से पहले उन्हें सोचना चाहिए।

### बरहेट में हेडमास्टर पर नाबालिग छात्रा से छेड़खानी का आरोप, संज्ञान लें सीएम : बाबूलाल



**रांची।** साहिबगंज के बरहेट थाना क्षेत्र में हाई स्कूल के एक हेडमास्टर पर यौन शोषण का आरोप लगा है। पीड़ित छात्रा ने इसे लेकर बरहेट थाना प्रभारी को पत्र लिखकर आरोपी पर कार्रवाई करने की मांग की है। इधर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने अपने ट्विटर हैंडल पर थाना प्रभारी को लिखे गये पीड़िता के पत्र को पोस्ट करते हुए कहा है कि बरहेट मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का निर्वाचन क्षेत्र है। उम्मीद है मुख्यमंत्री इस मामले में स्वतः संज्ञान लेंगे और पुलिस कार्रवाई का निर्देश देंगे। शिक्षक की जाति या धर्म देखकर कार्रवाई में कोताही नहीं होनी चाहिए।

**क्या है मामला :** 13 साल की पीड़ित छात्रा बरहेट के बाबुपुर गांव की रहने वाली है, जो पंचकठिया उत्क्रमित उच्च विद्यालय में 10वीं की छात्रा है। उसका आरोप है कि 20 जुलाई 2023 को स्कूल के हेडमास्टर मो शमसाद अली ने उसके साथ अश्लील हरकत की। इससे पहले भी हेडमास्टर ने कई लड़कियों के साथ ऐसी हरकत की है। घटना होने के बाद जब छात्रा दो दिनों तक स्कूल नहीं गई, तो उसके पिता ने कारण पूछा, तब जाकर छात्रा ने आपबीती बतायी। पिता ने इसकी सूचना ग्रामीणों को दी। इसके बाद उग्र ग्रामीण स्कूल पहुंचे और हेडमास्टर से बात करने की कोशिश की, लेकिन उसने उल्टा ग्रामीणों को ही धमकाना शुरू कर दिया।

### केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का निर्णय सराहनीय : मरांडी

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 12वीं तक की शिक्षा को क्षेत्रीय ,स्थानीय भाषाओं में देने की पहल का स्वागत किया। कहा कि विद्यार्थियों के भाषाई विविधता, सांस्कृतिक समझ और शैक्षणिक सफलता को बढ़ावा देने की दिशा में बहुभाषी शिक्षा का महत्वपूर्ण दृष्टिकोण में व्यापक रूप से मान्यता प्रदान करते हुए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 12वीं तक की शिक्षा को मातृभाषा,क्षेत्रीय भाषा ,स्थानीय भाषा को शिक्षा का माध्यम बनाने के निर्णय का स्वागत।

# गांव की सरकार में बढ़ी महिलाओं की लीडरशिप : सुदेश

## नामकुम के सिदरौल में आजसू पार्टी का प्रखंडस्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन सह मिलन समारोह आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** सभी पंचायत और ग्राम प्रभारियों का यह दायित्व है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में पार्टी की नीति और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें। पूरी निष्ठा के साथ संगठन विस्तार में जुड़े, कार्यकर्ता ही संगठन की मूल पूंजी हैं। ये बातें नामकुम प्रखंड अंतर्गत सिदरौल में आयोजित आजसू के प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन सह मिलन समारोह में पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो ने कही। इस मौके पर कई नेताओं और सामाजिक कार्यकताओं ने पार्टी का दामन थामा।

सभा को संबोधित करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि सिर्फ 35 किलो अनाज के लिए राज्य नहीं बना है। आज किसी गरीब के पास लाल कार्ड है, कल उसके पिता जी के पास भी लाल कार्ड था और आने वाले कल में उनके बेटे के पास भी लाल कार्ड होगा हम सभी को मिलकर यह परंपरा तोड़नी होगी। इसके लिए सबसे सशक्त माध्यम है शिक्षा। बेहतर शिक्षा से प्रदेश आगे बढ़ सकता है। आज प्रदेश का हर बच्चा यही सोच रहा है कि उसके लिए, उसके भविष्य के लिए राज्य में क्या हो रहा है। सरकार उनके विकास लिए क्या कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि बीडीओ एवं सीओ को जमीन नापने में मजा आता है गरीब का काम करने में नहीं। गलत धारणाओं में सरकार की व्यवस्था जा रहीं है।

सरकार सत्ता में आने से पहले कई बड़े बड़े वादे किए थे। इनमें से एक भी वादा पूरा नहीं हुआ। चाहे वो नियोजन या स्थानीय नीति की बात हो या रोजगार या रोजगार नहीं मिलने पर बेरोजगारी भत्ता देने की बात हो सरकार ने अपने किसी वादे को पूरा नहीं किया। कार्यकताओं के लिए अब बैठने का समय नहीं है। यह वक़्त है राज्य की जनता को राज्य सरकार द्वारा की जा रही है वादाखिलाफी के बारे में बताने का। इसके लिए सभी कार्यकर्ता एकजुट हो कर इस बात को एक एक यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करें।

पंचायती राज व्यवस्था में हमने महिलाओं के 33 प्रतिशत आरक्षण को बढ़ा कर 50 प्रतिशत करने का काम किया था, जिसका नतीजा है कि गांव में महिलाओं की लीडरशिप आज बढ़ी है। वार्ड से लेकर जिला परिषद तक महिलाओं ने जीत कर अपनी लीडरशिप को साबित किया है। आज हर गांव में महिला समिति समूह है जहां से महिलाएं अपने और अपने परिवार की जरूरत के हिसाब से लोन ले सकती है वो भी मात्र एक फीसदी के ब्याज दर पर। इन समूहों से गरीब परिवार में बदलाव आया है और विश्वास पैदा हुआ है। समूह के कारण ही आज किसी भी ग्रामीण को पैसों के लिए अपनी जमीन या गहनों को गिरवी नहीं रखना पड़ता है।

### नामकुम राजधानी में, पर इसका बोध नहीं होता

**नामकुम** राजधानी में तो है लेकिन यहां पर राजधानी में होने का किसी भी स्तर पर बोध नहीं होता है। इस प्रखण्ड में कुल 101 गांव हैं जो आज तक विकास से काफी दूर हैं। रांची में शहर से सटे ऐसे कई गांव हैं जहां अभी भी एक राज्य की राजधानी में होते हुए भी कोई सुविधा नहीं है। जिसका कारण है उचित नितृत्व न मिल पाना।

# मेन रोड व हरमू बाईपास में विज्ञापन लगाने को नया स्ट्रक्चर तैयार नहीं करने का निर्देश

## आरएमसी ने जारी की आम सूचना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची मेन रोड में अब किसी तरह का एडवर्टिजमेंट बोर्ड (विज्ञापन पट्ट, होर्डिंग वगैरह) लगाये जाने को किसी तरह का स्ट्रक्चर तैयार नहीं किया जाएगा। साथ ही हरमू बाइपास रोड के लिए भी रांची नगर निगम (आरएमसी) द्वारा इससे संबंधित आदेश लागू होगा।

निगम के अपर प्रशासक की ओर से आम सूचना जारी करते हुए कहा गया है कि रांची नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत अभी ट्रैफिक की गहरी समस्या है। जगह की अनुपलब्धता भी है। ऐसे में महात्मा गांधी रोड (कचहरी चौक से हिनू चौक तक) नये विज्ञापन पट्ट की संरचना तैयार नहीं की जा सकेगी। इसके अलावा हरमू बाइपास रोड (रातू रोड चौक से बिरसा चौक तक) में भी किसी तरह की संरचना तैयार किए जाने पर अगले आदेश तक रोक रहेगी। यदि किसी विज्ञापन एजेंसी एवं अन्य के स्तर से अवैध तरीके से होर्डिंग की संरचना लगाई जाती है तो संबंधित एजेंसी का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया जायेगा। साथ ही झारखंड नगरपालिका अधिनियम-2011 की सुसंगत धाराओं के अधीन कार्रवाई की जायेगी। गौरतलब है कि अभी रांची में कई जगहों पर फ्लाईओवर के निर्माण का कार्य जारी है। इन सबके बीच होर्डिंग लगाने या एडवर्टिजमेंट बोर्ड लगाने को पहले से तैयार की गयी संरचनाओं के चलते समस्याएं आती रही हैं। ट्रैफिक की समस्या और विकट होती रही है। इसे देखते रांची नगर निगम ने फैसला लिया है कि अभी मेन रोड और हरमू बाइपास रोड एरिया में कहीं भी नयी संरचना तैयार नहीं करने दी जायेगी।

# रेलवे ने किया आद्रा से चलने वाली कुछ ट्रेनों को रद्द, राज्य के यात्री भी होंगे प्रभावित

## बरबेंदा रेलखंड पर पावर ब्लॉक लिया जायेगा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल के अंतर्गत कोटशिला बरबेंदा रेलखंड पर विकास कार्य के लिये ट्रैफिक और पावर ब्लॉक लिया जायेगा। इससे कुछ ट्रेनों के समय में बदलाव किया गया है, तो कुछ ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। वहीं, कुछ के मार्ग में बदलाव किया गया है। रांची रेल मंडल की मानें तो ट्रेन संख्या 18035 और 18036 खड़गपुर हटिया खड़गपुर एक्सप्रेस ट्रेन का आद्रा हटिया आद्रा के बीच परिचालन रद्द रहेगा।

### ट्रेनों के समय में बदलाव



- ट्रेन संख्या 18035/18036 खड़गपुर हटिया खड़गपुर एक्सप्रेस ट्रेन 25 जुलाई को रद्द रहेगी।
- ट्रेन संख्या 18601 टाटानगर हटिया एक्सप्रेस ट्रेन 24 जुलाई से 30 जुलाई तक निर्धारित मार्ग चांडिल पुरुलिया कोटशिला मूरी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग चांडिल गुंडा बिहार मूरी होकर चलेगी।
- ट्रेन संख्या 18035 खड़गपुर हटिया एक्सप्रेस ट्रेन 27 जुलाई और 30 जुलाई को अपने निर्धारित प्रस्थान समय के स्थान पर एक घंटे विलंब से प्रस्थान करेगी।
- ट्रेन संख्या 18036 हटिया खड़गपुर एक्सप्रेस ट्रेन 27 जुलाई और 29 जुलाई को अपने निर्धारित प्रस्थान समय के स्थान पर तीन घंटे विलंब से प्रस्थान करेगी।
- ट्रेन संख्या 18036 हटिया खड़गपुर एक्सप्रेस ट्रेन 26, 28 और 30 जुलाई को अपने निर्धारित प्रस्थान समय के स्थान पर एक घंटे विलंब से प्रस्थान करेगी।
- दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के अंतर्गत टाटानगर और खड़गपुर रेलखंड पर विकास कार्य के लिये ट्रैफिक और पावर ब्लॉक लिया जायेगा। इससे ट्रेन संख्या 08151 और 08152 टाटानगर बरकाकाना टाटानगर पैसेंजर स्पेशल ट्रेन 23 जलाई को रद्द रहेगी।

# रिनपास में स्थायी निदेशक के लिए तीसरी बार निकला विज्ञापन

**रांची।** रिनपास में स्थायी निदेशक की तलाश शुरू हो गई है। इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग ने विज्ञापन ने 21 जुलाई को विज्ञापन जारी किया है। विभाग की अपर सचिव मेघा भारद्वाज के हस्ताक्षर से यह विज्ञापन निकाला गया है। इस पद के लिए 11 अगस्त, 2023 तक आवेदकों से आवेदन मांगे गए हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से निदेशक के लिए तीसरी बार विज्ञापन निकाला गया है। इसमें यह भी कहा गया है कि 18 मई और 6 जून, 2023 को निकले विज्ञापन के आलोक में आवेदन देने वालों को पुनः आवेदन करने की जरूरत नहीं है। निदेशक का कार्यकाल 5 साल का होगा। उन्हें सरकारी नियम के अनुसार एनपीए देय होगा। उन्हें रहने के लिए फ्री में आवास भी मुहैया कराया जाएगा।

# सीएम से मिले नागपुरी फिल्म के निमार्ता-निर्देशक राजीव सिन्हा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** मुख्यमंत्री के समक्ष नागपुरी फिल्म के निमार्ता एवं निर्देशक राजीव सिन्हा एवं अन्य कलाकारों ने झारखंड में फिल्म निर्माण से संबंधित संभावनाओं और समस्याओं पर अपनी बातें रखीं। मौके पर नागपुरी फिल्म नासूर की टीम ने मुख्यमंत्री को नागपुरी फिल्म नासूर की पटकथा के संबंध में जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि नासूर फिल्म डायन-बिसाही पर आधारित एक नागपुरी फीचर फिल्म है। वर्तमान समय में भी झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में डायन-बिसाही के नाम पर निर्दोष महिलाओं को प्रताड़ित किया जाता है। कभी-कभी उनकी हत्या तक कर दी जाती है। यह समस्या नासूर की तरह आज भी जिंदा है। अखबारों में आए दिन इस प्रकार की खबरें भी प्रकाशित होती रहती हैं। नागपुरी फिल्म नासूर उपरोक्त समस्या को ही उजागर करती है। नासूर समाज को जागरूक करने वाली एवं प्रेरणादायी फिल्म है।

फिल्म के निमार्ता एवं निर्देशक राजीव सिन्हा ने मुख्यमंत्री के समक्ष कहा कि इस फिल्म का निर्माण झारखंड के ही कलाकारों एवं टेक्नीशियन को लेकर बेहद ही सीमित संसाधनों में किया गया है। बहुत मशक्कत के बाद यह फिल्म रांची के जेडी सिनेमा हॉल में लगायी गयी और लगातार 3 सप्ताह तक चली। इस फिल्म को दर्शकों ने बहुत सराहा, बेहद पसंद किया और अपना प्यार भी दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि वर्तमान समय में झारखंड के अन्य जिलों में सिनेमा हॉल काफी संख्या में बंद हो चुके हैं, जिसकी वजह से इस फिल्म का प्रदर्शन संभव नहीं हो पा रहा है। उन्होंने राज्य सरकार की ओर से ऐसी कोई व्यवस्था करने का अनुरोध किया जिससे इस फिल्म का प्रदर्शन झारखंड के गांव-गांव तक हो सके तथा समाज में व्याप्त डायन-बिसाही जैसी कुरीति से समाज को जागरूक किया जा सके। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने नागपुरी फिल्म नासूर की पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं तथा इस संबंध में राज्य सरकार की ओर से यथोचित मदद करने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर सांसद विजय हांसदा भी उपस्थित थे।

# स्पिक मैके ने आयोजित किया भारतीय शास्त्रीय संगीत और सांस्कृतिक मोहत्सव



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के परफॉर्मिंग आर्ट और आईक्यूएसी एवं स्पिक मैके की ओर से सांस्कृतिक महोत्सव रितु अमृत का आयोजन शनिवार को विश्वविद्यालय के सभागार में किया गया । दो दिवसीय शास्त्रीय संगीत दंगल की शाम की शुरुआत हुई । इस दौरन बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम के पहले दिन प्रसिद्ध बांसुरी वादक राकेश चौरसिया ने अपने बांसुरी की आवाज से लोगों को मंत्र मुक्त कर दिया वही प्रसिद्ध तबला वादक मिथिलेश झा ने अपने ताल से लोगों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। तालियों की गड़गड़ाहट उस समय गूंज उठी जब विख्यात शास्त्रीय संगीत गायिका बेगम परवीन सुलताना ने अपनी आवाज का जादू बिखेरा। दो दिवसीय इस कार्यक्रम के दूसरे दिन कठपुतली प्रदर्शन में पारंगत दादी कुटुम जी और नीमराना संगीत संस्थान अपनी प्रस्तुति देंगे।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य के कहा विश्वविद्यालय का प्रयास रहा है कि शैक्षणिक गतिविधियों के साथ हम अपनी संस्कृति को भी आगे बढ़ाएं । जिससे युवाओं के बीच भारतीय शास्त्रीय संगीत और संस्कृति को बढ़ावा मिल सके।

# योग वाणी सेमिनार आज, राज्यपाल होंगे शामिल

**रांची।** आईएमए के सभागार में रविवार को योग वाणी सेमिनार का आयोजन होगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन शामिल होंगे। इंडियन योग एसोसिएशन झारखंड राज्य समिति के नेतृत्व में रांची के मेडिकल एसोसिएशन, झारखंड न्यूरोसाइंस सोसाइटी और रॉकफील्ड हेल्थ केयर के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योग सलाहकार पद्मश्री डॉ एचआर नागेंद्र और केवल्यधाम लोनावाला के एकेडमिक व ट्रेनिंग अध्यक्ष डॉ एन गणेश राव शामिल होंगे। बताते चलें कि डॉ एचआर नागेंद्र स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान समस्थाना यूनिवर्सिटी के चांसलर हैं। इंजीनियरिंग में 30 रिसर्च पेपर, योगा में 135 रिसर्च पेपर और 28 किताब भी लिख चुके हैं। नागेंद्र इंटरनेशनल योगा डे के चेयरमैन भी हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के द्वारा योगश्री की उपाधि भी दी गई है। वहीं, डॉ गणेश राव विश्व भर में 20000 से अधिक योग सेशन करवा चुके हैं। फुटबॉल के बेहतरीन खिलाड़ी के साथ पर्वतरोही में भी इन्हें महारत प्राप्त है।

# लंबित मांगों को लेकर राज्यभर के डीआरडीए कर्मी सामूहिक अवकाश पर रहे, मंत्री के आवास पर धरना



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य भर के डीआरडीए कर्मियों और पदाधिकारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर शनिवार को झारखंड राज जिला ग्रामीण विकास अभिकरण सेवा संघ के बैनर तले एक दिवसीय सामूहिक अवकाश रखते हुए ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के आवास के समक्ष धरना भी दिया।

संघ के प्रदेश सचिव मानिक चंद्र प्रजापति ने बताया कि डीआरडीए कर्मियों की नियुक्ति सेवा सत्यम करते अब नियमावली 2009 के तहत सभी जिला के डीआरडीए में की गई है। डीआरडीए कर्मियों पदाधिकारियों द्वारा ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन एवं अन्य कार्य का निष्पादन किया जा रहा है। लेकिन डिआरडीए अंतर्गत कार्यरत कर्मियों पदाधिकारियों को विगत कई महीनों से लंबित मासिक वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। ग्रामीण विकास विभाग भारत सरकार के निदेर्शानुसार डीआरडीए कर्मियों को राज्य के किसी भी विभाग के विभिन्न सरकारी पदों में समायोजन के संबंध में राज्य सरकार से अनुरोध भी किया था। लेकिन अभी तक राज्य सरकार के द्वारा समायोजन नहीं किया जा सका है। ऐसे में अपने विभिन्न मांगों के रखने एवं विचार करने के लिए ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार द्वारा 22 जुलाई तक समय दिया गया था लेकिन इस अवधि तक उनकी मांग पूरी नहीं हो पायी है। उन्होंने कहा है कि मांगें पूरी नहीं होने की वजह से डीआरडीए कर्मी आज सामूहिक अवकाश पर रहे और रांची में ग्रामीण विकास मंत्री से मुलाकात भी की। उन्होंने बताया कि मंत्री ने मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया है।

## खबर एक नजर में

### 12 नवप्रोन्नत अधीक्षण अभियंताओं को मिली पोस्टिंग

**रांची।** पथ निर्माण विभाग ने 12 नव प्रोन्नत अधीक्षण अभियंताओं को पदस्थापित कर दिया गया है। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गयी है। इनमें छह इंजीनियरों को ग्रामीण कार्य विभाग, तीन को नगर विकास विभाग, तीन को भवन निर्माण व तीन अभियंताओं की सेवा अधीक्षण अभियंता के पद के लिए दी गयी है। इनकी यहां हुई पोस्टिंग : राकेश कुमार–नगर विकास विभाग,राजीव लोचन–सेवा ग्रामीण कार्य, उपेंद्र शर्मा–सेवा ग्रामीण कार्य, प्रमोद कुमार– सेवा ग्रामीण कार्य, लाल दीपकनाथ शाहदेव– सेवा ग्रामीण कार्य विभाग, इंद्र मोहन चौधरी– सेवा ग्रामीण कार्य विभाग, विनय कुमार–सेवा नगर विकास विभाग, सुशील कुमार हांसदा–सेवा भवन निर्माण विभाग, पंकज कुमार– सेवा ग्रामीण कार्य विभाग, जय प्रकाश सिंह– सेवा भवन निर्माण विभाग और प्रसुन्न कुमार सेवा नगर विकास विभाग में अधीक्षण अभिंयता होंगे।

### रांची नगर निगम ने एलपी पब्लिक स्कूल में बांटे 200 पौधे

**रांची।** शनिवार को रांची नगर निगम द्वारा किशोरगंज स्थित एलपी पब्लिक स्कूल में छात्र–छात्राओं के बीच 200 वृक्षों का वितरण किया गया। साथ ही विवेकानंद यूथ क्वेक फाऊंडेशन एवं रिलेशनस के संयुक्त तत्वावधान में मिशन लाइफ के तहत पर्यावरण संरक्षण एव उर्जा संरक्षण पर सेमिनार भी आयोजित किया गया। इसमें लगभग 200 स्टूडेंट्स ने पर्यावरण संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। सेमिनार का संचालन फाउंडेशन के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल ने किया। मौके पर नगर निगम के सौरभ केशरी, स्कूल के प्रचार्य विजय कुमार मिश्रा, रिलेशनस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी व अन्य भी उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के शिक्षकों, कर्मचारियों के अलावा रांची नगर निगम के कर्मी राजकुमार, सुधाकर यादव, खगेश्वर महतो, राजन महतो और दूसरों ने भी योगदान दिया।

### खूंटी में 15 लाख का डोडा जब्त, तस्कर वाहन छोड़कर फरार

**खूंटी।** खूंटी पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अवैध डोडा से लदे अवैध ट्रक बरामद किया है। पुलिस ने 2630 किलोग्राम डोडा जब्त किया है। जब्त डोडा की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग 15 लाख है। तस्कर वाहन छोड़कर फरार हो गये हैं। यह जानकारी खूंटी डीएसपी अमित कुमार ने दी।

# कार वॉशिंग को बनाये गये पानी के हौज में डूबने से बच्ची की मौत

## बरियातू के श्री रामकृष्ण एनक्लेव में हुआ हादसा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कार वॉशिंग के लिए बनाए गए पानी के हौद में डूबने से बच्ची की मौत हो गई। यह घटना बरियातू थाना क्षेत्र के श्री रामकृष्ण एनक्लेव अपार्टमेंट में हुई है। बच्ची को बचाने के प्रयास में उसकी मां भी जख्मी हो गई। बताया जाता है कि सॉफ्टवेयर इंजीनियर पीके सिंह अपार्टमेंट में तीन माह पहले ही शिफ्ट हुए थे। गुरुवार रात को पीके सिंह की बच्ची हौज के पानी में डूब गयी थी, लेकिन पुलिस को शनिवार को इसकी जानकारी मिली है। घटना की सूचना पर पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। बच्ची की मौत के बाद परिजन ने उसे रिम्स ले गये। पर न शव का पोस्टमार्टम करवाया, न ही बरियातू पुलिस को भी घटना की जानकारी नहीं दी।

जानकारी के मुताबिक, फ्लैट नंबर 302 में रहने वाले पीके सिंह की आठ वर्षीय बच्ची अपार्टमेंट के पिछले वाले हिस्से में साइकिल चला रही थी। जिस स्थान पर बच्ची साइकिल चला रही थी, वहां काफी ढलान है। बच्ची जब ढलान से नीचे आने लगी, तो साइकिल का ब्रेक नहीं लगा पायी। इस कारण तेज गति से वह हौज की दीवार से जा टकराई और पानी भरे हौज के अंदर गिर गई। बच्चे की मां भी कुछ ही दूरी पर खड़ी थी। यह देखकर वह दौड़ी-दौड़ी आई और अपनी बेटी को बचाने के लिए वह भी हौज में कूद गई। वह भी डूबने लगी। शोर मचाने पर अपार्टमेंट के गार्ड और कुछ दूसरे लोग आनन-फानन में मौके पर पहुंचे और सबसे पहले महिला को बाहर निकाला, उसके बाद बच्ची को रिम्स ले गए, लेकिन वहां डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया।

# एमआरपी से ज्यादा कीमत को लेकर जमकर हुई मारपीट

**रांची।** झारखंड में शराब बिक्री से अवैध कमाई का गोरखधंधा जोरों पर है। यहां खुलेआम एमआरपी से ज्यादा कीमत पर शराब बिक रही है। ज्यादा एमआरपी पर शराब बेचने को लेकर रांची के हटिया चौक स्थित शराब दुकानदार और ग्राहक के बीच जमकर मारपीट हो गयी। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। केवल एक दुकान में नहीं बल्कि हर दुकान में शराब एमआरपी से अधिक कीमत पर बेचा जा रहा है। इसको लेकर हर दिन दुकानदार और ग्राहकों के बीच नोकझोंक होती रहती है। आंकड़ों के अनुसार, राज्य में हर दिन औसतन दस करोड़ की शराब बिकती है। यहां एमआरपी से करीब पांच प्रतिशत अधिक कीमत पर शराब की बिक्री होती है। इसका हिसाब निकालें तो पूरे राज्य में शराब बिक्री से हर दिन करीब 50 से 60 लाख रुपये की अवैध कमाई हो रही है।

# पुलिस-पब्लिक के बीच मधुर संबंध से होगें रिश्ते मजबूत : हटिया डीएसपी

## डोरंडा थाना क्षेत्र में पुलिस-पब्लिक वार्ता का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** रांची पुलिस पब्लिक रिपोर्टर द्वारा शनिवार को डोरंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत हिनू यूनाइटेड क्लब बिहारी मंडप मे पुलिस पब्लिक वार्ता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डीएसपी हटिया राजा मित्रा ने कहा कि पुलिस और पब्लिक के बीच यदि रिश्ता मजबूत हो तो कोई भी अपराधी बचकर नहीं निकल सकता। पुलिस की पूंजी पब्लिक है और हम सभी पब्लिक की सेवा के लिए ही पुलिस में बहाल हुए हैं।

हटिया डीएसपी ने कहा कि डोरंडा क्षेत्र ही नहीं बल्कि इस क्षेत्र में जितने भी थाना हैं, लोग हैं, सभी मेरे परिवार हैं। उन पर आंच आएगी तो इसके जिम्मेवार हम सभी होगें, इसलिए सभी मिलजुलकर अपराध या अपराधी पर विशेष नजर रखेंगें तो नि्रित रूप से हमारे क्षेत्र में अमन, चैन कायम रहेगा। उन्होंने कहा कि जनता बिना डर और संकोच के थाने मे अपनी समस्या लेकर पहुंचे, समस्या का समाधान होगा। उन्होंने कहा कि आजकल के युवा नशे की चपेट में आ रहे हैं, उन बच्चों को नशे से दूर रखना भी हम सभी की पहली प्राथमिकता हो। नशा मुक्त समाज का निर्माण करना हमारा मुख्य उद्देश्य है। अपराधियों को चिन्हित कर कार्रवाई की जा रही है। कार्यक्रम लगातार होना चाहिए, इस तरह के कार्यक्रम से आपसी भाईचारा बढ़ता है और पुलिस -पब्लिक के बीच दूरी कम होती है।

विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू ने कहा की पुलिस पब्लिक रिपोर्टर जनता और पुलिस के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी है जो समाज मे आपसी भाईचारा बढ़ाने और अपराध पर अंकुश लगाने की दिशा में सराहनीय कार्य कर रहा है। डोरंडा थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत ने कहा की नशा को दूर करने के प्रति हम अग्रसर है। पुलिस और जनता के बीच आपसी तालमेल एवं सहभागिता बढ़ाने हेतु थाना मे शांति समिति का गठन किया गया है। साथ ही वॉट्सएप ग्रुप बनाया गया है जिसमे सूचना का आदान प्रदान प्रभावी एवां स्थायी रूप से होता है। साथ ही अपराध पर अंकुश लगाने हेतु क्षेत्र के विभिन्न गली मोहल्लों में भी एंटी क्राइम चेकिंग चलाया जा रही है। भाजपा नेता नजीबुल्लाह खान, डोरंडा महावीर मंडल के पप्पू वर्मा, पूर्व पार्षद कौशल किशोर महली, समाजसेवी शंभू गुप्ता, अफजल आदि ने मंच पर बैठे पुलिस अधिकारियों को समस्याओं से अवगत कराया, जिसका हल अधिकारियों द्वारा सुझाया गया।

मौके पर एकता ग्रुप के डायरेक्टर सतीश श्रीवास्तव, सेंट्रल मुहर्रम कमिटी के अध्यक्ष अशरफ अंसारी, महावीर मंडल के अध्यक्ष संजय पोद्दार, मंत्री पप्पू वर्मा,समाज सेवी राणा जफर अली मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने मे पुलिस पब्लिक रिपोर्टर मो सरफराज कुरैशी, मो शाहिद खान, समीर, संदीप कुमार मिश्रा, अमित कुमार वर्मा, मो इरशाद कुरैशी, प्रियंका सिंह, अनु सिंह, इबरार गद्दी, नबो दत्ता, जयप्रकाश जायसवाल, रोहित पांडेय, रवि राम आदि के साथ हिनू यूनाइटेड क्लब बिहारी मंडप के प्रेम श्रीवास्तव, अरविंद उपाध्याय, आलोक रंजन श्रीवास्तव आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# इवीएम व वीवीपैट की फर्स्ट लेवल चेकिंग 1 अगस्त से

## लोकसभा की तैयारी को लेकर चुनाव आयोग ने किया कार्यशाला का आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** राज्य में एक अगस्त से ईवीएम एवं वीवीपैट के फर्स्ट लेवल चेकिंग (एफएलसी) का कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारियों को लेकर शनिवार को इवीएम एवं वीवीपैट की फर्स्ट लेवल चेकिंग (एफएलसी) के संबंध में राज्य के सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी, एफएलसी सुपरवाईजर एवं सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला एटीआई में हुई।

इस कार्यशाला में भारत निर्वाचन आयोग के सचिव मधुसूदन गुप्ता द्वारा इवीएम एवं वीवीपैट के एफएलसी तथा उपयोग के संदर्भ में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। कार्यशाला के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड के रवि कुमार ने सभी उपस्थित पदाधिकारियों को एफएलसी कार्य महत्व एवं भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इसे संपन्न कराने के लिए निर्धारित मानकों की जानकारी दी। सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी को एफएलसी के कार्यक्रम की सूचना जिलास्तर एवं राज्यस्तर पर सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एव स्टेट पार्टीज को ससमय उपलब्ध कराने एवं एफएलसी के दौरान उनकी उपस्थिति के अनुरोध करने का निर्देश दिया गया।

कार्यशाला में ईसीआई के प्रतिनिधि कृष्णा त्रिपाठी एवं उनके दल के अन्य सदस्यों द्वारा ईवीएम एवं वीवीपैट की तकनीकी विशिष्टियों एवं एफएलसी कार्य के पूर्व तथा कार्य के दौरान उनके द्वारा की जाने वाली गतिविधियों के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला में एनएलएमटी राजेश रंजन वर्मा द्वारा टेक्निकल एवं एडमिनिस्टेटिव सेफगार्ड ऑन ईवीएम के संदर्भ में सभी प्रतिभागियों को अवगत कराया। वहीं, राज्य की ईवीएम नोडल पदाधिकारी गीता चौबे ने एफएलसी की तैयारी, प्रक्रिया एवं चरण के संदर्भ में जानकारी दी गई। सभी पदाधिकारियों को ईवीएम एवं वीवीपैट का हैंड्स ऑन प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रदान किया गया तथा उनके द्वारा किये गये प्रश्नों के उत्तर एवं शंकाओं का समाधान भारत निर्वाचन आयोग के सचिव, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं ईसीआई के प्रतिनिधियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन अवर सचिव देवदास दत्ता ने किया।

# पारस एचइसी अस्पताल में नवजात के माता-पिता संग बेबी शॉवर का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** पारस एचइसी अस्पताल रांची में शनिवार को बेबी शॉवर/गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें अस्पताल के लगभग सभी गर्भवती महिलाएं एवं नवजात को जन्म देनेवाली महिलाओं ने शिरकत की। इस आयोजन का मुख्य मकसद नवजात शिशु को जन्म देनेवाली महिलाओं को खुशियों भरा माहौल और शिशु की देखभाल से संबंधित जानकारी देना था। आयोजन में शिरकत करने वाली नवजात शिशु की माताएं एवं उनके पति सभी काफी खुश नजर आ रहे थे।

पारस एचइसी अस्पताल की वरीय स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ पूनम बांका ने इस अवसर पर कहा कि आने वाले नवजात एवं उनके माता पिता के लिए इस खास अवसर का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि डिलीवरी से 4-6 सप्ताह पहले गर्भवती महिलाओं को देवताओं और सभी बड़ों का आशीर्वाद एवं बधाइयां देने की परंपरा रही है। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए पारस एचइसी अस्पताल भी नए मेहमान के परिवार की तरह इस पल की खुशियां मनाने के इस अवसर को सभी के साथ में बांट रहा है। पारस एचइसी अस्पताल परिवार की तरफ से बधाइयां और शुभकामनाएं सभी माताओं को दी गयीं। पारस एचईसी अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ अनुपमा ने कहा कि गर्भवती महिलाओं का 7-8 महीने का समय काफी मुश्किल भरा रहा होता है, उसके बाद खुशियाँ धीरे धीरे करीब आने लगती है। नवजात के जन्म लेने का समय जैसे जैसे नजदीक आता है माता पिता की उत्सुकता बढ़ने लगती है और परिवार में खुशियों का माहौल बनने लगता है । खुशी के इसी पल को पारस एचईसी अस्पताल के द्वारा नवजात के माता पिता के साथ एक यादगार पल बनाने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# कैबिनेट में सेवा शर्त नियमावली पास नहीं हुई, तो बनेगी आंदोलन की रणनीति

## बीआरपी सीआरपी एसएस संघ की हुई वर्चुअल मीटिंग

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बीआरपी सीआरपी एसएस संघ झारखंड प्रदेश रांची के द्वारा कार्यकारिणी की जूम मीटिंग हुई। इसमें संघ के सभी वर्किंग कमिटी के सदस्य शामिल हुए। मौके पर सभी जिलों के सदस्यों अपने-अपने विचार रखे। सर्वप्रथम संघ के पंजीयन पर संतोष व्यक्त किया गया एवं संघ को मजबूत बनाने के लिए स्टेट के सभी बीआरपी सीआरपी को संघ से जोड़ने का आह्वान किया गया। साथ ही अगली कैबिनेट की बैठक में बीआरपी सीआरपी सेवा शर्त नियमावली एवं मानदेय वृद्धि पास नहीं हो जाता है तो संघ दूसरे दिन आंदोलन की रणनीति पर विचार करने के लिए स्वतंत्र रहेगा, क्योंकि बीआरपी सीआरपी पिछले 18 वर्षों से शिक्षा विभाग में कार्यरत हैं एवं विद्यालयों का अनुश्रवण नियमित रूप से करते आ रहे हैं। परंतु वर्तमान में बीआरपी सीआरपी का मानदेय वर्ष 2022 से पारा शिक्षकों से भी कम प्राप्त हो रहा है। बीआरपी सीआरपी सेवा शर्त नियमावली एवं मानदेय वृद्धि पर गठित कमेटी द्वारा पिछले नवंबर 2022 में ही रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया। लेकिन अभी तक सरकार के द्वारा कैबिनेट में पास नहीं हुआ। इस कारण राज्य के सभी बीआरपी सीआरपी आक्रोशित हैं।

# जनता को दिग्भ्रमित करना बंद करे हेमंत सरकार : सहाय

**रांची।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय ने शनिवार को राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला। श्री सहाय केंद्र से प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति नहीं मिलने संबंधी खबर पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राज्य की सरकार जनता को दिग्भ्रमित कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के खाते में पिछले वर्षों के स्वीकृत आवास के पैसे पड़े हुए हैं लेकिन लगभग 75हजार प्रधानमंत्री आवास का निर्माण कार्य लंबित है। कहा कि पूरे प्रदेश में जिस प्रकार से बालू की तस्करी हो रही उससे सरकारी योजनाओं का निर्माण प्रभावित है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने कभी भी किसी राज्य को राशि उपलब्ध कराने में भेदभाव नहीं किया है।

# मैदान ए कर्बला में झूठ व सच की जंग थी : तहजीबुल

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** कोई भी इंसान एक दूसरे इंसान से नफरत नहीं करता। बल्कि उस इंसान में पाई जाने वाली खराब आदत व खराब काम से नफरत करता है। इस खराबी में सबसे बड़ी खराबी का नाम है झूठ। मैदान ए कर्बला में दो शाहजादो की जंग नहीं थी। बल्कि सच और झूठ की जंग थी। ये बातें झारखंड राज्य हज समिति के सदस्य व मस्जिद जाफरीया रांची के इमाम व खतीब हजरत मौलाना हाजी सैयद तहजीब उल हसन रिजवी ने कही। वह शनिवार को मस्जिद जाफरिया में शहीदाने करबला की तीसरी मजलिस को संबोधित कर रहे थे।

मस्जिद जाफरिया में दस दिवसीय एक मोहर्रम से लेकर 10 मोहर्रम तक मजलिस शाहिदान ए कर्बला का आयोजन अंजुमन जाफरिया द्वारा किया गया है। मौलाना तहजीबुल हसन रिजवी ने आगे कहा के एक तरफ झूठ लाव लश्कर और पूरे तामझाम के साथ मजहब इस्लाम को दागदार करना चाहता था। उसे बचाने के लिए पैगंबरे इस्लाम के नवासे हजरत इमाम हुसैन ने झूठ का मुकाबला अपने चंद सच्चों के लेकर किया। आखिरकार कर्बला में सच की जीत हुई और झूठ की हार। कर्बला के जंग से दुनिया को यह सीख लेनी चाहिए के झूठ जितने भी ताकतवर हो उन्हें एक ना एक दिन सच के सामने झुकना पड़ेगा। यजीद और यजीदियत का बेड़ा इमामे हुसैन ने सच्चाई के बल पर डुबोया। आज दुनिया के किसी कोने में भी यजीद का हिमायती नहीं मिलता। लेकिन देखिए आज दुनिया में करोड़ों लोग हुसैन और हुसैनीयत के हिमायत में खड़े हैं। इसकी जिंदा मिसाल मोहर्रम है। मजलिस में नोहा खानी अली रजा तुराबी, कासिम अली, अमीर गोपालपुरी ने की और पेशखानी आमोद अब्बास, हसनैन रांची, हाशिम अली , सोजखानी यावर हुसैन ने किया।

## खबर एक नजर में

### चार कार्यपालक निदेशकों का स्वागत किया गया

**रांची।** राजधानी रांची में सेल इकाइयों में अलग-अलग कार्यक्रमों में, एसोसिएशन ऑफ स्टील एक्जीक्यूटिव्स (एएसई), यूनियन और एससी/एसटी कर्मचारी कल्याण एसोसिएशन (सेवा) ने इस सप्ताह कार्यभार संभालने वाले सभी चार कार्यपालक निदेशकों का स्वागत और अभिनंदन किया।

### कुसुम योजना से राज्य में 36 हजार योजनाएं स्वीकृत

**रांची।** किसानों को पानी और ऊर्जा की गारंटी देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार कुसुम परियोजना चला रही है। झारखंड में इस परियोजना के तहत 36717 योजनाओं की स्वीकृति दी गई है, जिसमें 12844 स्थानों पर सौर ऊर्जा से सिंचाई की व्यवस्था कर ली गई है। वहीं पिछले 4 वर्षों में झारखंड को इस मद में अब तक 36 करोड़ की राशि दी जा चुकी है। पीएम कुसुम योजना मार्च 2026 तक संचालित की जाएगी। इस योजना में पहले 7 .5 हॉर्स पावर तक के मोटर और मशीन लगाने की व्यवस्था थी, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 15 हॉर्स पावर तक किया गया है। सांसद संजय सेठ के लोकसभा में उठाये सवाल पर सरकार की ओर से केंद्रीय मंत्री आरके सिंह ने यह जानकारी दी है।

### झारखंड राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का पोस्टर लांच

**रांची।** झारखंड राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का चौथा संस्करण 9 अक्टूबर से जमशेदपुर में शुरू होने जा रहा है। कॉल फॉर एंट्रीज यानी फिल्म सबमिशन के पोस्टर लॉन्च में संजय उदय सतपथी, राजू मिश्रा, मोनूराज, कैलाश जैक्सन, आलोक राज और संजय सिंह शामिल हुए। इस दौरान संजय उदय सतपथी ने कहा कि झारखंड राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के लगातार तीन वर्षों से सफलता पूर्वक आयोजन के बाद चौथा संस्करण 9 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक जमशेदपुर में आयोजित किया जायेगा। 31 जुलाई तक फिल्म सबमिशन की अंतिम तिथि रखी गयी है।

### आज पलामू में आजसू पार्टी का सम्मेलन

**रांची।** पलामू प्रमण्डल में रविवार को आजसू पार्टी का सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। डालटेनगंज में सम्मेलन की तैयारी पूरी कर ली गयी है। आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। पलामू प्रमण्डल के कार्यकर्ता नेता पहुंचेंगे।

### राज अस्पताल में पहली बार आइवीयूएस तकनीक से एंजियोप्लास्टी

**रांची।** राजधानी रांची के राज अस्पताल में पहली बार क्श्वर (इमेजिंग) तकनीक से एंजियोप्लास्टी की गयी। मरीज के हृदय की मुख्य ऑर्टरी में ओरिजिन से ही ब्लॉकेज था, जिससे मरीज को चलने फिरने में काफी तकलीफ एवं दर्द होता था। मुख्य ऑर्टरी की ब्लॉकेज को हटाने के लिए डॉ. राजेश कुमार झा ने आईवीयूएस यानि (इमेजिंग) तकनीक द्वारा स्टेंट का सटीक प्रत्यारोपण किया। इससे मरीज को राहत मिली। उनके स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हो रहा है।

### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिले संजय सेठ

**रांची।** स्थानीय सांसद संजय सेठ ने शनिवार को नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीजेपी जेपी नड्डा से शिष्टाचार मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान सांसद ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को सांसद सांस्कृतिक महोत्सव की गतिविधियों से अवगत कराया। उन्हें बताया कि इस महोत्सव में लोकसभा क्षेत्र के ऐसे कलाकारों को मंच प्रदान किया गया, जो गुमनाम थे। ऐसे कलाकार भी बड़ी संख्या में शामिल हुए, जो अभी कला के क्षेत्र में संघर्ष कर रहे हैं।

### मदर्स इंटरनेशनल स्कूल की प्राचार्या ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**रांची।** राजधानी के मांडर प्रखंड स्थित आंबे के निकट जाहिर ग्राम में अवस्थित मदर्स इंटरनेशनल स्कूल की प्राचार्य डॉ रोमी झा ने मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित कर स्कूल परिसर तक पक्की सड़क के निर्माण हेतु अनुरोध किया है।

### बाबूलाल से मिला परिवहन व्यवसायियों का प्रतिनिधिमंडल

**रांची।** परिवहन व्यवसायियों का एक प्रतिनिधिमंधल शनिवार को ललित ओझा के नेतृत्व में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह झारखंड राज्य भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से मुलाकात कर अपने व्यवसाय से संबधित समस्याओं से अवगत कराया। श्री बाबूलाल ने सभी समस्याओं को ध्यान से सुनते हुए कहा कि वह समस्याओं के विषय अपने स्तर से सरकार तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे।

### पटेल बीएड कॉलेज में साइंस-आर्ट्स प्रदर्शनी आयोजित

**रांची।** पटेल बीएड कॉलेज मे प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ प्राचार्या ने रिबन काट कर किया। सभी छात्रों ने सुंदर-सुंदर कलाकृतियां का प्रदर्शन किया। साइंस में भी चंद्रयान ग्रुप ने अपनी मॉडल के जरिये दिखाया, जो काफी प्रभाव शाली था। प्राचार्या ने सभी को स्मृति चिह्न देकर पुरस्कृत भी किया।

### केंद्र सरकार चुप्पी साध कर बैठे रही : रेणु गोपीनाथ

**रांची।** जदयू झारखंड की प्रदेश उपाध्यक्ष रेणु गोपीनाथ पणिकर ने कहा है कि मणिपुर में दो महिलाओं को नग्न करके उनके साथ बर्बरतापूर्वक बर्ताव किया गया, लेकिन केंद्र की सरकार चुप्पी साध कर बैठे रही। जब सुप्रीम कोर्ट से फटकार मिली, तब प्रधानमंत्री मोदी को अचानक मणिपुर के लिए दर्द महसूस हुआ।

### सावन क्वीन बनीं नमिता

**रांची।** कांके रोड के हरियाली ग्रुप ने शनिवार को बैकयार्ड में सावन महोत्सव मनाया। गणेश वंदना और शिव स्तुति से इस कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इस कार्यक्रम का संचालन पुष्पा सहाय और ओपल सिंघल ने किया। सावन क्वीन का चुनाव तीन राउंड में किया गया जिसकी विजेता नमिता कुमारी रहीं। सावनी गीत-संगीत और नृत्य से भरपूर ये कार्यक्रम करीब पांच घंटे चला। हरियाली क्लब की अध्यक्ष पुष्पा सहाय ने बताया कि उनका ये समूह करीब पन्द्रह साल से चल रहा है और हर साल बड़े धूमधाम से सावन महोत्सव मनाया जाता है।

### 9 वर्षों की उपलब्धियों के बारे में बताया गया

**रांची।** भाजयुमो झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्य प्रभात के नेतृत्व में लालपुर,कोकर एवं हरमू मंडल में शनिवार को चलाया गया । इस अभियान के तहत मोटरसाइकिल यात्रा निकाल कर बस्तियों में लोगो से संपर्क किया गया एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9वर्षों की उपलब्धियों के बारे मे बताया गया।

### श्री श्याम भंडारे का हुआ आयोजन

**रांची।** आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी रुच-रूच भोग लगाओ भजनों से मंदिर परिसर गूंज रहा था। अवसर था 72 वे श्री श्याम भंडारे का प्रसाद अर्पित करने का। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया के नेतृत्व में शनिवार को यजमानश्री मोहनलाल खंडेलवाल ममता देवी खंडेलवाल माधव प्रिया पलक निमित खंडेलवाल ने श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में विराजमान खाटूनरेश लड्डू गोपाल शालिग्राम शिव परिवार वीर बजरंगबली गुरुजनों को भंडारे का भोग अर्पित कर परिवार की खुशहाली की प्रार्थना की।

### जिला मारवाड़ी सम्मेलन करेगा पौधारोपण

**रांची।** पर्यावरण संरक्षण पौधारोपण कार्यक्रम के तहत रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के द्वारा सदर अस्पताल मे सोमवार को पौधारोपण किया जाएगा। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल, महामंत्री ललित कुमार पोद्दार एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने संयुक्त रूप से यह जानकारी दी।

### पौधरोपण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया

**रांची।** गिरिडीह विधायक माननीय सुदिव्य कुमार सोनू जी के पिता शंभू नाथ का स्वर्गवास आठ जुलाई को हुआ था। शंभु नाथ जी के आकस्मिक निधन पर शनिवार को छात्र क्लब ग्रुप एवं विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के संयुक्त तत्वावधान में कडरू स्थित कार्यालय परिसर मे उनके स्मृति मे पौधा रोपणकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

### मोमिन कांफ्रेंस की राज्य कार्यकारिणी की बैठक आज

**रांची।** झारखंड प्रदेश मोमिन कांफ्रेंस की राज्य कार्यकारिणी की बैठक रविवार को विधायक आवास सभागार, (पुराना विधानसभा परिसर) में प्रदेश अध्यक्ष आबिद अली की अध्यक्षता में होगी।

# एचइसी बचाने की मांग को लेकर भारी उद्योग मंत्री से मिले हटिया यूनियन के संयुक्त महामंत्री

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** हटिया प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन के संयुक्त महामंत्री लीलाधर सिंह ने दिल्ली में भारी उद्योग मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय से मुलाकात की। उन्होंने महेंद्र नाथ पांडेय से एचइसी को बचाने का निवेदन किया। लीलाधर सिंह ने बताया कि मजदूर नेता राणा संग्राम सिंह के निर्देश और एचइसी के कामगारों की दयनीय स्थिति को देखते हुए उन्होंने भारी उद्योग मंत्री से मुलाकात की है।

लीलाधर सिंह ने मंत्री से कहा कि एचइसी जैसा भारी इंजीनियरिंग उद्योग भारत में 75 वर्षों में दूसरा नहीं बन पाया, इसे बर्बाद नहीं होने दें। इसने बोकारो, भिलाई, भिजाग,कुद्रमुख जैसे इस्पात उद्योग देश को दिये हैं। कोयला खनन, अन्तरिक्ष, रेलवे, रक्षा क्षेत्र के अतुलनीय उपकरणों की आपूर्ति की है। चंद्रयान 3 का लांचिंग पैड बनाया और ऐसे लांचिंग पैड पिछले दस वर्षों से बना कर आपूर्ति कर रहे हैं।

# भाजपा युवा मोर्चा ने बाइक यात्रा निकाली

**रांची।** भाजपा युवा मोर्चा (भाजयुमो) ने शनिवार को राज्य के सभी 513 मंडलों में मोटरसाइकिल यात्रा निकाली और अपने-अपने क्षेत्र में घूमकर जनसंपर्क किया। इस दौरान कार्यकताओं ने लोगों को नरेंद्र मोदी सरकार की 9 साल की उपलब्धियों के बारे में बताया और पर्चे बांटे। रांची में मोर्चा की ओर से डीएवी कपिलदेव स्कूल के पास स्थित चिल्ड्रेंस पार्क से बाइक यात्रा निकाली गयी, जिसमें मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्य प्रभात, हरमू मंडल अध्यक्ष इंद्रजीत यादव, हरमू मंडल के युवा मोर्चा अध्यक्ष साहिल कुमार, महामंत्री नितिन गुप्ता, आकाश यादव सोनू आदि थे।

# 'शरशय्या पर भीष्म पितामह' उपन्यास का हुआ लोकार्पण



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** महाभारत अनेक कथाओं और उपकथाओं का महाकाव्य है, जिनसे आज भी लोग सीख लेते हैं। महाभारत की कथा पर आधारित भवेशचंद्र मिश्र 'शिवांशु' का मैथिली उपन्यास शरशय्या पर भीष्म पितामह इस महाकाव्य के एक प्रमुख नायक भीष्म पितामह पर केंद्रित है। लेकिन उपन्यासकार ने उन घटनाओं एवं उपकथाओं का तत्वान्वेषण किया है, जो साधारण लोगों को नहीं मालूम है। ये बातें शुक्रवार को रांची के हरमू स्थित झारखंड मैथिली मंच के विद्यापति दलान पर लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता करते हुए प्राध्यापक डॉ नरेंद्र कुमार झा ने कही।

मैथिली साहित्यकार कृष्णमोहन झा मोहन ने कहा कि महाभारत की कथाओं पर दुनिया भर की भाषाओं में अनेक पुस्तकें लिखी गयी हैं, शिवांशु के इस उपन्यास को उसी श्रृंखला की अगली कड़ी माना जा सकता है। लेकिन, उपन्यासकार ने जिस तर्कशक्ति और कलात्मकता का इसमें उपयोग किया है, वह अप्रतिम है। भारती मंडन पत्रिका के संपादक केदार कानन ने कहा कि शिवांशु जी के पास कहानी कहने की जो विशिष्ट शैली है, उसने इस उपन्यास को जीवंत बना दिया है। जिस कुशलता से उन्होंने इसके कथा-पात्रों का चित्र पाठकों के समक्ष खड़ा किया है, वह बिल्कुल सटीक और रोचक बन पड़ा है।

रांची दूरदर्शन ने पूर्व निदेशक प्रमोद कुमार झा ने कहा कि इस उपन्यास की सबसे खास बात यह है कि भीष्म जैसे विरल चरित्र को चित्रित करने में उपन्यासकार ने उच्चतर मानवीय मूल्य को सुस्थापित करने का लक्ष्य रखा है, और उसे सफलतापूर्वक निभाया भी है। बेशक यह उपन्यास ऐतिहासिक उपख्यान पर आधारित है, लेकिन यह समकालीन जीवन मूल्यों और प्रश्नों से भी मुठभेड़ करता है। लोकार्पण समारोह में कथा लेखिका सुस्मिता पाठक, अमरनाथ झा, कृष्ण कुमार झा एवं झारखंड मैथिली मंच के महासचिव वैद्यनाथ झा सहित अनेक गणमान्य साहित्यकार एवं साहित्य प्रेमी उपस्थित थे। अंत में झारखंड मैथिली मंच के सचिव वैद्यनाथ झा ने सबका धन्यवाद ज्ञापन किया।

# भाजमो की आम सभा 23 को, तैयारियां जोरों पर

**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा (भाजमो) रविवार को आम सभा का आयोजन कर रहा है। यह आम सभा पूर्वाह्न 11 बजे से गाला बैंक्वेट हॉल, पुरानी विधानसभा के सामने आयोजित है। इस आम सभा में केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति, राज्यस्तरीय कार्यकारिणी समिति और जिला स्तरीय कार्यकारिणी समिति के सभी पदाधिकारी शिरकत करेंगे। इस संबंध में तैयारियां जोरों पर हैं। मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने यहां जारी बयान में कहा कि 23 जुलाई की बैठक में इस बात पर गहन मंत्रणा होगी कि लोकसभा और विधानसभा के चुनाव में मोर्चा किन-किन सीटों पर प्रत्याशी खड़ा करेगा।

# सरकारी स्कूलों में न सिस्टम डिवाइस, न पैसा : संघ

## शिक्षकों ने कहा, निजी मोबाइल से नहीं करेंगे विभागीय काम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** शिक्षा विभाग की ओर से विद्यालयों को न तो सिस्टम डिवाइस उपलब्ध कराया जा रहा है और न ही महीने में खर्च होने वाली राशि का भुगतान हो रहा है। इसे लेकर झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने विरोध जताया है। संघ के महासचिव राममूर्ति ठाकुर व मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने कहा है कि प्रदेश के प्राथमिक और मध्य विद्यालय के सारे शिक्षक स्वयं से सभी विभागीय व्हाट्सएप ग्रुप से खुद को अलग करने को मजबूर हैं। संघ ने विद्यालय में उपलब्ध साधनों की स्थिति की समीक्षा कर डिवाइस एवं तत्संबंधी मासिक खर्च उपलब्ध कराने की मांग की है। संघ ने सचिव स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग व निदेशक जेइपीसी को पत्र लिखकर ई-विद्यावाहिनी एवं ऑनलाइन डिजिटल कार्यों में आ रही अत्यधिक कठिनाइयों से उत्पन्न शिक्षकों की मानसिक परेशानियों से अवगत कराते हुए सुझाव दिया है।

विभाग स्तर से डिवाइस की अनुपलब्धता एवं निजी मोबाइल से विभागीय कार्यों का दबाव विद्यालय में 4 वर्ष पूर्व उपलब्ध कराए गए टैब वैसे कई विद्यालयों में टैब खराब हो चुके हैं। इस परिस्थिति में विभागीय अपेक्षित दबाव के कारण शिक्षकों को अपने निजी मोबाइल से उपस्थिति दर्ज कराने को बाध्य किया गया मानसिक दबाव में लेकर शिक्षकों को अपने व्यक्तिगत खर्च पर इंटरनेट की व्यवस्था करने को बाध्य किया गया। निजी मोबाइल से उपस्थिति दर्ज कराने के क्रम में मंत्रा स्कैनर डिवाइस) मोबाइल के कई वर्शन में अटैच नहीं हो पाता और शिक्षक परेशान रहते हैं। ई-विद्यावाहिनी के नए वर्शन में तकनीकी रूप से कई खामियां है। उपस्थिति दर्ज कराने एवं उसे लिंक करने में काफी परेशानियां आती हैं।

# निष्काम भाव से किया गया कर्म ही पूजा है : एसके मिश्रा



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** डीएवी हेहल की प्राथमिक शाखा (एनडीजी) एवं माध्यमिक शाखा (एमसीएम) में विद्यार्थी परिषद का गठन सह अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। विद्यार्थी परिषद के सदस्यों को विद्यालय के प्राचार्य एसके मिश्रा ने बैज एवं शैश (पटका) पहनाकर आशीर्वाद दिया। वहीं, अलंकृत होते हुए छात्र परिषद के सभी सदस्यों ने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की शपथ ली। प्राचार्य एसके मिश्रा ने कहा कि निष्काम भाव से किया गया कर्म ही पूजा है। उम्मीद है कि परिषद के सदस्य विद्यालय की प्रशासनिक व्यवस्था का अभिन्न अंग बनकर समर्पण से विद्यालय को और ऊंचाई की ओर ले जाएंगे।

# निर्मला कॉन्वेंट में ट्रैफिक अवेयरनेस पर कार्यशाला आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल में शनिवार को ट्रैफिक अवेयरनेस पर आधारित वर्कशॉप आयोजित किया गया। इसमें बच्चों को ट्रैफिक नियम से अवगत कराया गया। इसके साथ ही सड़क पर बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी बताया गया।

मौके पर कक्षा प्री नर्सरी से कक्षा केजी तक के विद्यार्थियों को विभिन्न समूहों में बांटकर प्रतियोगिता भी करवाया गया। बच्चों ने आकर्षक ड्राइंग कर ट्रैफिक नियमों को दर्शार्या। सभी छात्र-छात्राओं को ट्रैफिक नियम का पालन करने तथा अपने घर में सभी को वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने को प्रेरित करने के लिए जागरूक किया गया। विद्यालय की सचिव सीमा शर्मा ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों का आत्मविश्वास प्रबल होता है तथा उनको सामाजिक जानकारी भी प्राप्त होती है।

प्राचार्य विजय कुमार शर्मा ने कहा कि आज पूरे देश में ट्रैफिक नियम पालन नहीं करने के कारण कई जाने चले जाते हैं। इसलिए सभी नागरिक और इंसान का यह कर्तव्य है कि वह सुरक्षित समाज का निर्माण करने में अपने हाथ बटाएं तथा ट्रैफिक संबंधी जन जागरूकता को फैलाने और उसका पालन करने की प्रतिज्ञा लें।

मौके पर विद्यालय के वाइस प्रिंसिपल शिल्पी रानी, शिक्षक-शिक्षिका,अनिमा एक्का, मोनीबाला शर्मा, पमिता कच्छप, शिवानी कुमारी, निधि आचार्य, किरण कुमारी सहित सभी स्टूडेंट्स उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत



मृतक रामकुमार गंझू।

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के गुरगांई बुढ़ीबागी निवासी रामधन गंझू का 24 वर्षीय बेटा रामकुमार गंझू की मौत सड़क दुर्घटना में हो गई है। बताया जाता है कि रामकुमार गंझू अपने दोस्त अर्जुन गंझू के साथ केटीएम बाइक में सवार हो गोला-चारु पथ होते हुए रांची जा रहा था। इसी बीच तुम्बाटाड़ के समीप बाईक अनियंत्रित हो दुर्घटना ग्रस्त हो गया। रामकुमार गझू की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं अर्जुन गंझु को मामूली चोट आई। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शनिवार को गांव के मुक्तिधाम भेड़ा नदी में अंतिम संस्कार कर दिया गया। प्रवेश भोक्ता, पूर्व मुखिया विनोद बेदिया, विनोद कुमार महतो, नवीन मुंडा, नीलांबर सिंह खेरवार, रमेश महतो, पूरन गंझू, जयवीर बेदिया, संजय गंझू, भरत मुंडा, अरुण कुमार आदि द्वारा मौत पर दुख जताया गया है।

## राहे : भालू के हमले से वृद्धा की मौत

**राहे।** ओपी क्षेत्र के कापीडीह गांव में भालू के हमले से 73 वर्षीय वृद्धा बुद्धि देवी का मौत हो गयी है। घटना के सम्बंध में ग्रामीणों ओर परिजनों ने बताया कि शनिवार दिन के 3 बजे के आसपास बुद्धि देवी बकरी चराने जंगल की ओर गया था। शाम 5 बजे के बाद बकरी ओर अन्य मवेशी घर वापस आ गये। तब इसकी खोजबीन शुरू हुई। शाम 6 बजे के बाद जंगल में शव पड़ा मिला। शव के गले से खून बह रहा था। पूरे शरीर मे भालू के पंजे के निशान थे। सूचना मिलने पर आजसू प्रखंड अध्यक्ष रंग बहादुर महतो गांव पहुंच कर एंबुलेंस की व्यवस्था कर जंगल से शव को ओपी पहुंचवाया। रात होने के कारण शव को पोस्टमार्टम के लिए नहीं भेजा जा सका।

## घर-घर जाकर हो रहा मतदाताओं का सत्यापन

**सोनाहातू/राहे।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची के निर्देशानुसार प्रखंड के सभी बीएलओ और सुपरवाइजर घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन कर रहे हैं। ये कार्यक्रम 21 जुलाई से 21 अगस्त तक जारी रहेगा। निर्देशानुसार शनिवार को बीएलओ और सुपरवाइजर प्रखंड के बूथ 1 से 31 तक के घर-घर जाकर मतदाताओं का भौतिक सत्यापन कर रहे हैं। अहर्ता रखने वाले पात्र नागरिकों का संबंधित प्रपत्र को भर कर ऑनलाइन एंट्री कराया गया।

## कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ने करायी गोमदा नहर की मरम्मत

**राहे।** कांग्रेस कमेटी राहे के आग्रह पर रांची जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने प्रखंड के डोकाद पंचायत के क्षतिग्रस्त मुख्य नहर का जीर्णोद्वार कार्य अपने स्तर से कराया है। पिछले दिनों स्थानीय किसानों ने अपनी इस समस्या को प्रखंड कांग्रेस कमेटी के माध्यम से जिला अध्यक्ष के समक्ष रखा था। नहर मरम्मत होने से किसानों को कुछ राहत होगी। नहर मरम्मत के दौरान प्रखंड कांग्रेस कमेटी के प्रदीप गोस्वामी, त्रिलोचन महतो, कृष्ण चटर्जी, राजेश्वर सिंह, कृष्णा अहीर, भुपाल महतो एवं प्रभाकर मिश्रा आदि मौजूद थे।

## पिपरवार थाना में शाति समिति की बैठक आज

**पिपरवार।** पिपरवार थाना परिसर मे मुहर्रम त्योहार को लेकर रविवार को शाम पांच बजे से शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है। पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने बताया कि बैठक में मुहर्रम त्यौहार आपसी भाईचारगी के साथ मनाने को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा। बैठक में सीसीएल अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि, राजनीतिक पार्टी और सामाजिक कार्यकर्ताओं के शामिल होने की अपील की है।

### सुंडील में आठ जून को चलायी थी गोली, मांगी थी पांच लाख की रंगदारी

# अंतर जिला गिरोह के तीन गिरफ्तार, जेल

**कॉल डिटेल्स से पकड़े गये तीनों अपराधी**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** पुलिस ने कॉल डिटेल्स के जरिये 8 जून की रात सुंडील में हुये गोलीकांड का खुलासा कर अंतर जिला गिरोह के तीन अपराधियों को धर दबोचा और जेल भेज दिया। इसमें गुमला जिले के कुसुमटोली देवाकी घाघरा निवासी 24 वर्षीय उमेश उरांव, लोहरदगा भक्सो हर्राटोली के 28 वर्षीय संजय भगत व इसी जिले के तिगरा लालपुर में रहने वाले 22 साल के राजेंद्र महली शामिल हैं। जबकि गुमला के घाघरा सेरेगदाग निवासी और सरगना जयनाथ खरवार व सरजू फरार हैं। दोनों की गिरफ्तारी के लिये छापेमारी की जा रही है। गिरोह पर 8 जून की रात करीब 8 बजे सुंडील के मिक्सर मशीन मालिक 40 वर्षीय संतोष चौरसिया को गोली मारने और इसके तीसरे दिन मोबाइल के जरिये पांच लाख रंगदारी मांगे जाने का आरोप है। मामले को लेकर भुक्तभोगी की ओर से रातू थाने में कांड संख्या 229/23 दर्ज करायी गयी थी। यह जानकारी ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने शनिवार की शाम प्रेस वार्ता में दी।



**ऐसे दिया घटना को अंजाम**

इसके अगले दिन जयनाथ और संजय फिर उसी होटल में आये। घटना के दिन जायनाथ ने उमेश उरांव, सेन्हा के अजीत उरांव व गुमला टोटो के सरजू को आईटीआई बस स्टैंड, रांची बुलाया। इन्हें 1.5 लाख रुपये का प्रलोभन के साथ गोली समेत दो देशी कट्टा और एक मोटरसाइकिल देकर संतोष के घर के पास ले गया। तीनों ने योजनाबद्ध तरीके से उस पर दो राउंड गोली चलायी। जयनाथ के खिलाफ गुमला और लोहरदगा के कई थाने में आपराधिक मामले दर्ज हैं।

**अपमान का लिया था बदला**

श्री आलम ने बताया कि तीन माह पूर्व पिस्का मोड़ के एक बर्थडे पार्टी में संजय भगत और संतोष चौरसिया थे। किसी बात को लेकर उसने संजय को वहां से भगा दिया था। अपमान का बदला लेने के लिये राजेंद्र महली से चौरसिया को जान मारने को कहा। वह इनकार कर दिया और यह काम जयनाथ से कराने की सलाह दी। इसके बाद राजेंद्र महली, जयनाथ को लेकर भक्सो स्थित होटल पहुंचा। उसने जयनाथ से संजय की जान पहचान करायी।

**अभियान में थे शामिल**

डीएसपी प्रवीण सिंह, थानेदार सपन महथा, अवर निरीक्षक सह कांड के आईओ अंजन कुमार, अवर निरीक्षक महानंद कुमार, शेखर कुमार सिंह, हवलदार शेख मुमताज, आरक्षी नागेंद्र चौधरी, सशस्त्र बल के जवान और जीप चालक।

## पुख्ता पहचान के बाद ही सिम कार्ड बेचें दुकानदार : डीएसपी

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** डीजीपी संजय सिंह की ओर से अपराध नियंत्रण को लेकर दिये आदेश के बाद पुलिस अधिकारियों की सक्रियता बढ़ गयी है। सीनियर एसपी के निर्देश पर डीएसपी प्रवीण सिंह ने शनिवार को क्षेत्र के मोबाइल दुकानदारों के साथ बैठक की। अपराधियों द्वारा फर्जी सिम के जरिये रंगदारी मांगे जाने के मामले में घंटों चर्चा की गयी। श्री सिंह ने उन्हें पुख्ता पहचान के आधार पर ही सिम बेचने की हिदायत दी। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के संकेत भी दिये। इस पर दुकानदारों ने इसका पालन करने का भरोसा दिलाया। मौके पर थानेदार सपन महथा व अवर निरीक्षक अंजन कुमार मौजूद थे।

**इन्होंने लिया हिस्सा**

शैलेंद्र कुमार पांडेय, मितेश पटेल, रंजीत कुमार, जितेश कुमार, उत्सव कुमार, अनुप कुमार, प्रवीण कुमार केशरी, सुजीत साहू, रंगनाथ कुमार, राजेश कुमार, मनीष कुमार, संतोष कुमार सिन्हा, पंकज कुमार, नीतीश कुमार गुप्ता, आनंद कुमार साहू, प्रविंद्र कुमार, दीपक कुमार, अब्दुल गफ्फार व अमर कुमार साहू आदि।

# आदिवासी संगठनों ने फूंका मणिपुर सीएम का पुतला

**केंद्र सरकर के खिलाफ की नारेबाजी, राष्ट्रपति से की न्याय की मांग**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** मणिपुर में दो आदिवासी महिला को निर्वस्त्र कर घुमाने और उनके साथ अत्याचार व छेड़छाड़ मामले में विभिन्न आदिवासी संगठनों का गुस्सा उबाल पर है। आदिवासी छात्र संघ केंद्रीय अध्यक्ष सुशील उरांव की अगुआई में विरोध प्रदर्शन कर काठीटांड़ चौक पर मुख्यमंत्री बिरेन सिंह का पुतला जलाया और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान श्री उरांव ने कहा कि मणिपुर की घटना पूरे देश की महिलाओं के साथ अपमान है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को आड़े हाथों लेते हुये उन्हें आदिवासियों विरोधी करार दिया। श्री उरांव ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से न्याय की मांग करते हुये केंद्र पर कार्रवाई की मांग की। संचालन सुमित उरांव ने किया।




**कार्यक्रम में लिया हिस्सा**

राजू उरांव, महादेव उरांव, बुधराम मुंडा, शनि उरांव, अनुज उरांव, महादेव बेक, राजेश टेरो, देवदर्शन उरांव, अनील उरांव, अंजलि कुमारी, निशा उरांव, सुनील उरांव, गीता उरांव, प्रीति उरांव, कुसुम उरांव, माधुरी उरांव, सुशांत उरांव, आनंद उरांव, अरुण उरांव, बीरु उरांव, विनोद उरांव, राजेश उरांव, विवेक उरांव, परियाव्रत नाग, मनीषा उरांव, जयराम उरांव, रिभा कुमारी, संध्या लकड़ा, अलका मिंज, सुषमा कुमारी, बिंदु कुमारी, इंदामानी कुमारी, रोहित उरांव, विकास उरांव, करमचंद उरांव, विनोद खलखो, निरंजन उरांव, अमर उरांव, बबलू उरांव, प्रवीण भगत, बिकेश उरांव, बजरंग उरांव व रूपेश उरांव आदि।

### कांके चौक पर विरोध प्रदर्शन, नारेबाजी

**कांके।** मणिपुर राज्य में हो रहे जातीय हिंसा जो गृह युद्ध का रूप ले चुकी है इसके विरोध में और महिलाओं पर हो रहे निरंतर अत्याचार के खिलाफ राजनीतिक पार्टी लोकहित अधिकार पार्टी के कार्यकताओं सहित अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद् सामाजिक न्याय जागरण अभियान आदिवासी सेना आदिवासी एकता मंच ऑल मुस्लिम यूथ एसोसिएशन (आमया) सरना समिति कांके बिरसा मुंडा भ्रष्टाचार निरोधक संगठन लोकमत एवं सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला लेकर विरोध मार्च निकाला और कांके चौक पर पुतला दहन कर केंद्र सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की।

## चोर को ग्रामीणों ने पकड़ा, पुलिस ने भेजा जेल

**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के बसरिया हरदी दोहर के पास लगे एक लाख 33 हजार वोल्ट का टॉवर को अज्ञात चोरों के द्वारा रात के अंधेरे में चोरी किया जा रहा था। टॉवर काटने का आवाज लगभग 11 बजे रात्रि को पास में रह रहे चरण गंझू को मिला तो रातो रात बसरिया बस्ती को सूचना दे दिया। जिसके बाद बसरिया ग्राम के ग्रामीण एक जुट होकर थाना को सूचित कर दिया गया। थाना को सूचित करने के बाद पुलिस लगभग रात्रि 11.30 में बसरिया ग्राम दल बल के साथ पहुँची। पुलिस के साथ मे गांव के ग्रामीण भी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने बताया कि टॉवर काट रहे चोरों की संख्या लगभग 50 से 60 की संख्या में थी। इसमें से एक को पकड़ कर ग्रामीणों ने पुलिस को सौंप दिया, जिसे जेल भेज दिया गया।

एक नजर में

## राज्यपाल परिवार के सदस्यों के साथ हुंडरू फॉल पहुंचे, उठाये प्रकृति का आनंद

**सिकिदिरी।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के परिवार के सदस्यों ने शनिवार को हुंडरू फॉल के मनोरम वादियों का लुत्फ उठाया। राज्यपाल के पुत्र, पुत्र वधु, बेटी, दामाद व उनके बच्चों ने हुंडरु फॉल की खुबसूरत वादियों को करीब से देखा। सुरक्षा व्यवस्था में सिकिदीरी थाना प्रभारी सत्य प्रकाश रवि अपने पुलिस बल के साथ तैनात थे। इस मौके पर अनगड़ा बीडीओ उतम प्रसाद, कनीय अभियंता गौतम कुमार, कुच्चू मुखिया सहदेव बेदिया, राजकिशोर प्रसाद, बालेश्वर बेदिया, मुचीराम महतो, अशोक मुण्डा, पर्यटक मित्र विष्णु कुमार बेदिया, मनोज कुमार बेदिया, मेघनाथ बेदिया, हरिचरण बेदिया, राजेश बेदिया, जीतवहन भोगता नागेश्वर बेदिया, रंजन बेदिया, बुधराम बेदिया आदि उपस्थित थे।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ आजसू का हल्ला बोल कार्यक्रम, प्रखंड मुख्यालय पर दिया धरना



**इटकी।** आजसू पार्टी ने शनिवार को भ्रष्टाचार के खिलाफ हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत इटकी प्रखंड मुख्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया। मौके पर आजसू जिला कार्यकारी अध्यक्ष हकीम अंसारी ने कहा कि ग्रामीण जनता प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार से त्रस्त है। दूर दराज से आने वाले ग्रामीणों को काम के लिये महीनों कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है। अधिकारी व कर्मचारी समय रहते अपने कार्य शैली में बदलाव लाये अन्यथा आजसू पार्टी प्रखंड मुख्यालय में अनिश्चितकालीन तालाबंदी करेगा। कार्यक्रम को जिला परिषद अध्यक्ष सह पार्टी के मांडर विधानसभा प्रभारी निर्मला भगत, जिला सचिव मुर्तजा आलम, कमलू साहू व चिंटू मिश्रा सहित अन्य ने संबोधित किया। कार्यक्रम मो शमीम, सुलेमान अंसारी, मंगरा उरांव, संदीप लकड़ा, विजय उरांव, सरिता देवी, गीता, पूनम, मंगरी उराइन व फूलमनी देवी सहित अन्य शामिल थे।

## मनरेगा लोकपाल ने योजनाओं की समीक्षा की

**खलारी।** खलारी प्रखंड सभागार खलारी में मनरेगा लोकपाल श्रीमति पुष्पलता जयसवाल की अध्यक्षता में मनरेगा से संबंधित बैठक आहूत की गई। जिसमे प्रखंड में चल रही योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में प्रखंड के रोजगार सेवक, पंचायत सचिव, नव पदस्थापित पंचायत सचिव और कनीय अभियंता को मनरेगा से संबंधित जानकारी दी गई। इसके बाद अभिलेख संधारित रखने संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर मायापुर मुखिया, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सहित अन्य मौजूद थे।

## 250 लाभुकों को मिला बत्तख का चूजा

**पिपरवार।** कल्याणपुर पंचायत में वित्तीय वर्ष 2022-23 के मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंतर्गत 15 बक बत्तख के चूजा वितरण योजना का क्रिया प्रमाण पत्र सह स्वघोषणा पत्र का वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता टंडवा प्रखंड प्रमुख रीना कुमारी एवं संचालन टंडवा प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी मधु कुमारी ने किया। कार्यक्रम में बंदनी देवी, फूलमती देवी पार्वती देवी, अंजू कुमारी, सुप्रिया देवी, सनी देवी, गीता देवी, अनिता कुमारी, कौशल्या देवी सहित प्रखंड के 250 लाभुकों को चूजा बत्तख का वितरण किया।

## सोनाहातू से कांवरियों का जत्था देवघर रवाना



**सोनाहातू।** प्रखंड के सोनाहातू से 10 कांवरियों का जत्था सड़क मार्ग से भोलेबाबा के जलाभिषेक के लिए देवघर रवाना हुये। सभी शिव भक्त सुल्तानगंज पहुंच कर गंगा जल लेकर कांवड़ लेकर देवघर पहुंच कर जलाभिषेक करेंगे तथा भक्त वासुकीनाथ में भी जलाभिषेक करेंगे। शनिवार को सभी भक्तों को सोनाहातू बाजार चौक से झंडा दिखाकर रवाना किया गया।

## कार्यशाला : महिला उत्पीड़न पर एफआईआर दर्ज करायें, मिलेगा मुआवजा

**ओरमांझी।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में शनिवार को एक कार्यशाला आयोजित कर कल्याण विभाग की याजनाओं व स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2023 के तहत जलसहियों व जनप्रतिनिधियों को स्वच्छता की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित समेकित जनजातीय विकास अधिकरण (आईटीडीए) के निदेशक सुधीर बाड़ा ने कल्याण विभाग की योजनाओं की जानकारी दी और बलपूर्वक जूतों का माला पहनाना, नग्न कर घुमाना व मल-मूत्र साफ व सिर मुंडन कराना जैसे कई अपराधों की जानकारी दी, और कहा एसटीएसई व महिला उत्पीड़न मामले में एफआईआर जरूर दर्ज कराऐं। पीड़ित को मुआवजा देने का प्रावधान है। इसके अलावे कार्यक्रम में उपस्थित प्रखंड के सभी मुखिया व जलसहिया को स्वच्छ गांव का निर्माण करने संबधित जानकारी दी गई। गांव में कई शौचालय का इस्तमाल नही हो रहा है। गिला व सुखे कचड़े की जानकारी देते हुए कचरा निपटारा के लिए नाडेफ, स्वच्छता गढ़ा, गांव के गली, नाली, सामुदायिक स्थल की साफ सफाई व शौचालय की जानकारी दी गई। मौके पर जिला कल्याण पदाधिकरी संगीता शरण, उपप्रमुख रिजवान अंसारी, बीडीओ विजय सोनी, पंसस, प्रखंड कर्मी आदि उपस्थित थे।

## रातू : अमर तिर्की सिदो-कान्हू क्लब के प्रखंड अध्यक्ष निर्वाचित

**रातू।** प्रखंड में सिदो.कान्हू युवा खेल कल्ब के चुनाव में काफी गहमा.गहमी रही। अमर तिर्की ने अमित उरांव को 4 वोटों से शिकस्त देकर अध्यक्ष निर्वाचित होने का गौरव हासिल किया। श्री तिर्की को 109ए जबकि अमित को 105 वोट मिले। उपाध्यक्ष पद पर विनय उरांव ने 177 मत प्राप्त कर विकास उरांव को पटखनी दी। वहींए 123 वोट के जरियेसुधीर उरांव सचिव चुने गये। उन्होंने जाबिर हुसैन अंसारी को 87 वोटों से हरा दिया। कार्यकारिणी के 11 सदस्य निर्विरोध निर्वाचित घोषित किये गये। बीडीओ हरि शंकर बारिक ने सहकारिता प्रसार पदाधिकारी देवेंद्र नाथ पांडेयए पशुपालन पदाधिकारी डॉ विजय कुमार व आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार को निवार्ची पदाधिकारी बनाया था। प्रमुख संगीता तिर्की और उप प्रमुख रियाजुल अंसारी की देख.रेख में चुनाव शांति पूर्ण तरीके से संपन्न कराया गया। इसमें 750 में से करीब 400 मतदाताओं ने हिस्सा लिया। वोटिंग प्रकिया दिन के 11 बजे शुरू हुयीए जो 2 बजे तक चली। मतदान के लिये तीन टेबल बनाये गये थे। श्री बारिक ने क्लब के निर्वाचित प्रतिनिधियों को सर्टिफि केट प्रदान किये। मौके पर तैयब अंसारीए अभिषेक त्रिपाठी व शमसुल हक आदि प्रखंड कर्मीए पंचायतों के मुखियाए उप मुखिया व सरपंच आदि मौजूद थे।

# सुब्रतो कप विजेता को मिला पुरस्कार

खबर मन्त्र संवाददाता



अतिथियों के साथ प्रतियोगिता में शामिल स्कूली छात्र-छात्राएं।

**ओरमांझी।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार द्वारा आयोजित 62वीं सुब्रोतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइन मैच शनिवार को एसएस$2 उच्च विद्यालय स्टेडियम ओरमांझी में हुआ। प्रखंड स्तरीय इस प्रतियोगिता में 14वर्ष के बालक वर्ग का फाइन मैच उत्क्रमित मध्य विद्यालय आरा-केरम एंव उत्क्रमित मध्य विद्यालय मयापुर के बिच खेला गया। जिसमें आरा केरम ने मयापुर को 2-0 से पराजित किया। वहीं 17वर्ष बालक वर्ग में एस एस$2 उच्च विद्यालय ओरमांझी एंव अब्दुल कयुम अंसारी इरबा के बिच खेला गया। जिसमें ओरमांझी ने ईरबा को 2-0 से पराजित किया। वही बालिका वर्ग में टिकैत उमरांव सिंह शेख भिखारी प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय ओरमांझी एं मध्य विद्यालय चकला के बिच खेला गया। जिसमें ओरमांझी ने चकला को ट्राब्रेकर में 4-3 से पराजित किया। विजेता टीम के खिलाड़ियों को प्रमुख अनुपमा देवी, जिप सदस्य कमिश्नर मुंडा, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र शाही मानकी व बीइओ सीमा कुमारी ने सिल्ड व मेडल देकर सम्मानित किया। मौके पर टुंडाहुली मुखिया रमेश बेदिया, बीपीओ रीना यादव, उमर अंसारी, अरसद अंसारी, विरेन्द्र महतो, सुरेन्द्र महतो, रमेश कुमार महतो व विभिन्न स्कूल के षिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## सीसीएल प्रबंध निदेशक ने किया एनके क्षेत्र का दौरा

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** सीसीएल के प्रबंध निदेशक डॉ बी वीरा रेड्डी ने शनिवार को सीसीएल के एनके क्षेत्र का दौरा किया। डकरा पहुंचे सीसीएल सीएमडी का महाप्रबंधक संजय कुमार ने बुके देकर स्वागत किया। जिसके बाद ड़करा वीआईपी क्लब में सीएमडी ने महाप्रबंधक समेत सभी परियोजना के पदाधिकारी एवं सभी विभाग के प्रमुखों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से क्षेत्र का प्रजेंटेशन पेश किया गया। जिसके बाद सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी ने सभी अधिकारियों के साथ डकराए रोहिणीए केडीएचए पूणार्डीह परियोजना का निरीक्षण किया।इस दौरान अधिकारियों से कोयला उत्पादन उत्पादकता की जानकारी ली। वहीं एरिया की एकमात्र भूमिगत खदान चूरी परियोजना अंदर जाकर कोयला उत्पादन की तकनीक को देखा। इस मौके पर महाप्रबंधक संजय कुमारए जीएम ऑपरेशन केके झाए परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार सिंहए जेके सिंहए अनुज कुमार ए नरेश सिंह राणाए निशांक प्रकाशए सुजीत रंजनए सुजय चट्टोपाध्याय समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

## गौतमधारा में माल गाड़ी का इंजन फेल, तीन घंटे अप लाइन बाधित

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिल्ली।** मुरी-रांची रेल खंड के किता गौतम धारा के बीच अप लाइन पर माल गाड़ी का इंजन फेल हो जाने से 3 घंटे ट्रेनों का आवागमन बाधित रहा। शनिवार प्रातः 4 बजे मुरी से राउरकेला के ले लिए चली मालगाड़ी 4.30 बजे के करीब इंजन फेल होने के कारण किता गौतम धारा के बीच बरवादाग के समीप खड़ी हो गई। जिसके कारण हावड़ा हटिया एक्सप्रेस किता स्टेशन पर एक घंटे, गोरखपुर हटिया एक्सप्रेस सिल्ली स्टेशन पर 40 मिनट, पटना हटिया एक्सप्रेस मुरी स्टेशन पर एक घंटे तक रुकी रही। जिससे यात्रियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। हावड़ा हटिया एक्सप्रेस एवं गोरखपुर हटिया एक्सप्रेस के कई यात्री उतर कर बसों से गंतव्य स्थान के लिए रवाना हुए। हावड़ा रांची एक्सप्रेस ट्रेन को कीता से गंगा घाट तक डाउन लाइन से भेजा गया। जिससे हावड़ा रांची एक्सप्रेस 3 घंटा तथा गोरखपुर हटिया एक्सप्रेस 2 घंटा पटना हटिया एक्सप्रेस एक घंटा विलंब से रांची पहुंची।

# जान की सुरक्षा के लिए बना है मोटर वाहन कानून

**ओरमांझी में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम**

खबर मन्त्र संवाददाता



सड़क सुरक्षा पर नाटक प्रस्तुत करतीं कॉलेज की छात्राएं।

**ओरमांझी।** लापरवाही से वाहन चलाने के कारण सड़क दुर्घटनाओं के कारण लोगों की जाने जा रही है। ज्यादातर युवा इसका शिकार हो रहे हैं। सड़क दुर्घटना रोकने और युवाओं का जागरूक करने को लेकर शनिवार को आरटीसी कॉलेज ओरमांझी में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ट्रैफिक डीएसपी जीतवाहन उरांव ने रांची-रामगढ़ मार्ग शास्त्री चौक पर स्कूली बच्चों को सड़क पार कराने वाले अमीन अंसारी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। साथ ही कॉलेज के छात्र-छात्राओं को यातायात कानून का पालन करने का शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में घायल व्यक्ति को समय पर हॉस्पिटल पहुंचाने में मदद कर अच्छे नागरिक बनें। पुलिस द्वारा पांच हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को मोटर वाहन अधिनियम की जानकारी दी। छात्रों द्वारा पूछे गए सवाल का जबाब भी दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा दुर्घटना का कोई समय नही होता है। बाइक व कार चलाने में हेल्मट व सिट बेल्ट जरूर लगाए। वहीं नशा कर वाहन चलाने वाले पर कार्रवाई करने का कहा। वहीं रोड सेफ्टी इंजीनियर जामाल खान ने बताया पिछले एक वर्ष में राज्य में सड़क दुर्घटना में चार हजार लोगों की मौत हो चुकी है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से निदेषक डॉ पारसनाथ महतो, प्राचार्य भीम महतो, डॉ रूद्रनारायण महतो, थाना के एसआई सूर्यप्रताप सिंह, कॉलेज के शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

**चुटूपालू-सिकिदिरी रोड में दुर्घटनाएं बढ़ी**

ओरमांझी, टोल प्लाजा, चुटूपालू व सिकिदीरी रोड में दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ी है। युवा हेल्मेट लगा बाइक चलाए इसके लिए प्रशासन के साथ शिक्षक व अभिभावकों को भी ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने ड्राईवरी लाइसेंस सहित कई जानकारी दी और कहा 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे बाइक चलाते पकड़े जाने पर अभिभावक को 25 हजार का फाइन व तीन वर्ष की सजा हो सकती है। वहीं इंजीनियर गौतम कुमार ने सड़क दुर्घटना से बचाव में समय-समय पर वाहनों की जांच, निर्धारित गति पर वहन चलाने, अपने लाइन पर चलने, आगे जा रही वाहन से 10 मीटर की दूरी बनाए रखने व ओवरटेक करने में सावधानी सहित महत्वपूर्ण पांच जानकारियां दी। वहीं कॉलेज की छात्राओं ने नाटक प्रस्तुत कर व सड़क पर बिना हेलमेट चलने वाले को पुष्प देकर जागरूक किया।

# विज्ञान में छात्रों की रूचि बढ़ाने का संकल्प

समय संवाद

झारखंड में राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद,भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम के संचालन की जिम्मेदारी साइंस फॉर सोसायटी , झारखंड की है।

उक्त कार्यक्रम का आयोजन पहले जिला स्तर पर किया जाता है , जिसमें चयनित विद्यार्थी राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेते हैं। इस वर्ष कार्यक्रम का थीम ' स्वास्थ्य और कल्याण के लिए पारितंत्र को समझना ' रखा गया है ।शिक्षक ही विद्यार्थियों के दिग्दर्शक सह पथ प्रदर्शक की भूमिका निभाते हैं।




**एस. आर. डी. ए. वी. पुंदाग रांची** में राष्ट्रीय बाल कांग्रेस का राज्य स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

एस. आर. डी. ए. वी.पब्लिक स्कूल ,पुंदाग में 31वें राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के लिए दो दिवसीय राज्य स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। ध्यातव्य है कि झारखंड में राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद,भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम के संचालन की जिम्मेदारी साइंस फॉर सोसायटी , झारखंड की है।

उक्त कार्यक्रम का आयोजन पहले जिला स्तर पर किया जाता है , जिसमें चयनित विद्यार्थी राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेते हैं। इस वर्ष कार्यक्रम का थीम ' स्वास्थ्य और कल्याण के लिए पारितंत्र को समझना ' रखा गया है।

शिक्षक ही विद्यार्थियों के दिग्दर्शक सह पथ प्रदर्शक की भूमिका निभाते हैं, अतः कार्यक्रम के पहले चरण में राज्य के विज्ञान शिक्षकों के लिए शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें संबंधित शिक्षकों को कार्यक्रम की रूप - रेखा समझाई गई ।कार्यक्रम के विषय में उपयोगी जानकारी दी गई , जिसमें करीब चालीस शिक्षकों ने भाग लिया। इन शिक्षकों ने विज्ञान को कैसे रूचिकर बनाया जाए इस पर विमर्श किया।

प्राचार्य श्री संजीत कुमार मिश्र ने सभी प्रतिभागियों के साथ ही अध्यक्ष डॉ. अली इमाम खान, स्टेट कोऑर्डिनेटर डी. एन.एस. आनंद, स्टेट एकेडमिक कोऑर्डिनेटर राजेंद्र कुमार का औपचारिक स्वागत करते हुए ' साइंस फॉर सोसायटी , झारखंड ' के प्रति आभार व्यक्त किया ।उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए परम सौभाग्य का विषय है कि हमारे विद्यालय के प्रांगण में इतने ज्ञानी पुरुषों का एक साथ पदार्पण हुआ है ।सभी अपने विषय के विशेषज्ञ हैं।

उनके कुशल मार्गदर्शन में परियोजना कार्यों में नवाचार लक्षित होंगे। आज के विद्यार्थी तेज दिमाग रखते हैं। उनमें उत्साह की कमी नहीं है,बस जरूरत है कुशल मार्गदर्शन की , उनकी ऊर्जा के सकारात्मक उपयोग की ।प्राचार्य ने उम्मीद जताई कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष का यह आयोजन नवाचारों से परिपूर्ण तथा सफल होगा ।उन्होंने सभी शिक्षकों को भावी कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं भी दीं। संस्थान छात्रों के बीच विज्ञान को लोकप्रिय बनाकर ईनोवेशन के माध्यम से देश के विकास को लेकर काम कर रह है। यह वर्तमान समय की मांग भी है।

# भाव ही भगवान और सरलता ही भक्ति

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**धर्म** की कथा मनोरंजक होने के साथ प्रेरणादाय होती है। कथाओं में जो गूढ़ रहस्य होते हैं उन्हें समझने की आवश्यकता है। राम कथा में जितने भी पात्र है उनके गुणों को अपने अंदर उतारने की आवश्यकता है। हनुमान के भाव को समझाने के लिए जिस प्रकार हनुमान के दिल में राम, लक्ष्मण और सीमा को बताया जाता है वह एक बड़ा उदाहरण है। राम त्याग के प्रतिक थे, लक्ष्मण बैराग्य के प्रतिक और सीता सेवा की प्रतिक थी। हनुमान के ह्दय में त्याग, बैराग्य और सेवा कूट-कूट कर भरा था यही इस बात का संकेतात्मक उदाहरण है। आज समाज में त्याग, बैराग्य और सेवा भाव की कमी है। हनुमान की पूजा का अर्थ इन सभी गुणों का अपने अंदर स्थापना करना है। यह कैसे संभव है? यह तब संभव है जब हम इन गुणों से युक्त संत-महात्माओं की संगत करें। उनका अनुसरण करें। त्याग के बिना समाज नहीं चल सकता है। जीवन के क्रम में वैराग्य भाव आना भी आवश्यक है। लक्ष्मण जैसा वैराग्य जिन्हें कोई आवश्यकता नहीं थी कि जंगल जाये लेकिन वे राम की त्याग और सीता की सेवा का सम्मान किया। भारतीय परम्परा में भक्ति और बैराग्य का महत्व है। सामाजिक जीवन में आज भी पुरानी परम्परा ज्यादा मान्य हैं। भारतीय महिलाओं के इसी त्याग के कारण समाज को मजबूती मिली है। बैराग्य परम्परा में भी सन्यासी सब कुछ छोड़कर गुरु आश्रम में आ जाते हैं। भक्ति और ज्ञान भी समय काल और स्थितियों के अनुसार बदला है। ब्रंहम विद्यालय की चर्चा करते हुये उन्होंने कहा कि छपरा से यह भक्ति परमहंस दयाल जी के माध्यम से टेरी वर्तमान पंजाब तक प्रसारित हुई। पंजाब में विकसित हुई और फिर काशी होती हुई बक्सर आ गई। अठारहवीं सदी के मध्य से अब तक लगातार संत महात्माओं, ब्रंहम ज्ञानियों की परम्परा में सन्यासी बनते रहे। भक्ति का सबसे सरल और सुगम मार्ग होने के साथ काई भी कर्म कांड स्वीकार नहीं किया गया। सन्यास का अर्थ समाज से दूर होना या भागना नहीं है। सन्यास का अर्थ समाज में भक्ति, ज्ञान और बैराग्य का प्रचार प्रसार करते हुये जीव की मुक्ति के लिए उन्हें प्रेरित करना है।

पूरी दुनिया में भारत से ही संत परम्परा फैली है। भौतिक साधनों का अंत नहीं है लेकिन जीव और जीवन का अंत होता है। इसलिए जीवन के अंत को भयहीन और चिंता से ज्ञान के बल पर ही मुक्ति पायी जा सकती है।

(ब्रम्ह विद्यालय एवं आश्रम छोटाका राजपुर, बक्सर,बिहार शाखा कुटी रांची)

# पर्यावरण बचाने का संकल्प



एस. आर. डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, पुंदाग में विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक बनाने हेतु अभियान चलाया जा रहा है ।इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों ने ' हरित दिवस ' मनाते हुए वृक्षारोपण किया था । उसकी अगली कड़ी में ' पर्यावरण ' शीर्षक निबंध लेखन तथा चित्रांकन प्रतियोगिता आयोजित की गई , जिनमें सभी कक्षा के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया ।विद्यार्थियों की कल्पनाशीलता तथा सृजनात्मकता प्रशंसनीय थी ।उक्त प्रतियोगिता खबर मन्त्र हिंदी दैनिक एस. आर. डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल तथा ' स्कूल एज ' पत्रिका के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई थी। प्राचार्य श्री संजीत कुमार मिश्रा ने विद्यार्थियों के कला की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण हमारे जीवन का मूल आधार है ।आज हम पर्यावरण के साथ हुए दुर्व्यवहार का नतीजा ग्लोबल वार्मिंग के रूप में झेल रहे हैं। कहीं अति वृष्टि से परेशानी हो रही है तो कहीं भूस्खलन जान लेवा साबित हो रहा है ।आज के विद्यार्थी ही तो कल के योग्य नागरिक बनेंगे ।इसलिए उनको पर्यावरण के प्रति संवेदनशील और जागरूक बनाना अति आवश्यक है। विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें पुरस्कार तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। एनके मुरलीधर ने भी बच्चों को संबोधित किया।

# बच्चों को स्मार्ट फोन से बचायें, आप भी बचें



अगर आपका बच्चा भी मोबाइल, लैपटॉप, टैब के बिना कुछ देर भी नहीं रह पाता, तो सतर्क हो जाइए क्योंकि यह छोटी सी लापरवाही आपके और आपके बच?चे के लिए बड़ी मुसीबत ला सकती है। दरअसल अधिक स?क्रीन देखने के आदी हो चुके बच्चे अपनी उम्र के हिसाब से अधिक एग्रेसिव और चिड़चिड़ेपन के शिकार हो रहे हैं। यही नहीं, उनमें डिप्रेशन अनिद्रा जैसी मानसिक समस्याएं भी देखने को मिल रही है।

अधिक मोबाइल अथवा लैपटॉप के साथ समय बिताने की वजह से बच्चों की आंखों, गर्दन, सिर आदि में दर्द भी आम समस्या है। विशेषज्ञ यह भी मान रहे हैं कि अगर बच्चों की इस आदत में तुरंत सुधार नहीं किया गया तो आगे चल कर वह एंटीसोशल और एंटी सोशल भी हो सकते हैं। ऐसे में यहां आपको कुछ ऐसे उपाय बताए जा रहे हैं जिन्हें अपनाकर आप अपने बच्चों की इस आदत से बाहर आने में मदद कर पाएंगे।

1. बच्चे अपने माता पिता की परछाई होते हैं। उन्हें अपने पेरेंट्स की नकल करना बहुत ही अच्छा लगता है। ऐसा कहा जा सकता है कि बच्चे पहली बार मोबाइल या लैपटॉप को अपने पेरेंट्स की नकल करते करते ही उठाते हैं। ऐसे में काम के अलावा भी अगर आप मोबाइल में लगे रहते हैं तो सबसे पहले अपनी आदत बदलें। बच्चों के लिए वक्त निकालें और मोबाइल पर बिना मतलब समय बिताने की जगह बच्चों के साथ खेलें।

2. तीन-चार साल के बच्चों को बचपन से ही अपने साथ छोटे मोटे काम में व्यस्त रखें। गमले में पानी डालना, डस्टिंग, कपड़े तह करना, उन्हें सही जगह पर रखना जैसे काम उन्हें बहुत ही पसंद आते हैं। उनकी गलतियों को एन्जॉय करें और उन्हें भी यह एहसास दिलाएं कि वह कितने हेल्पिंग हैं। इससे उनका आत्माविश?वास भी बढ़ेगा और वे आत्मनिर्भर भी बनेंगे।

3. अपने बच्चों को हर कला में एक्सपोजर दें। पेंटिंग, डांस, म्यूजिक घर में ही सिखाएं. जबरदस्ती ना करें। उन्हें खुद से करने दें. कम उम्र में एक्सपर्ट बनाने की ना सोचें। उन्हें लाइफ इंजॉय करने दें। उन्हें सिखाएं कि मोबाइल से कहीं बेहतर उनका आर्ट है। धीरे धीरे वे मोबाइल देखना कम कर देंगे।

4. सुबह उठें और बच्चों को वॉक पर जाने की आदत डालें। पार्क में उनके साथ खेलें और मौज मस्ती करें। उन्हें नेचर का महत्व समझाएं इससे उनमें सोचने-समझने की क्षमता बढ़ेगी। वे अकेले में भी इन विषयों पर सोचेंगे और मोबाइल नहीं मांगेगे।

5. मार पीट कर ना सिखाएं नहीं तो बच्चे जिद्दी हो जाएंगे। यही नहीं, वे छिप छिप कर देखना सीख लेंगे। कभी भी मोबाइल देखने का लालच देकर कोई काम ना कराएं। कई बार माता पिता लालच दे देते हैं और मोबाइल नहीं देते, ऐसे में इसका निगेटिव असर पड़ता है और बच्चों में अविश्वास की भावना आ जाती है। घर में माता-पिता और अन्य परिजन भी मोबाइल से थोड़ी दूरी बना लें जिससे बच्चें इस बुरी आदत से कम प्रभावित हों।

# चिंतन और चरित्र



**अपने** दोष दूसरों पर थोपने से कुछ काम न चलेगा। हमारी शारीरिक एवं मानसिक दुर्बलताओं के लिए दूसरे उत्तरदायी नहीं वरन् हम स्वयं ही हैं। दूसरे व्यक्तियों, परिस्थितियों एवं प्रारब्ध भोगों का भी प्रभाव होता है। पर तीन चौथाई जीवन तो हमारे आज के दृष्टिकोण एवं कर्तव्य का ही प्रतिफल होता है। अपने को सुधारने का काम हाथ में लेकर हम अपनी शारीरिक और मानसिक परेशानियों को आसानी से हल कर सकते हैं।

जिन्होंने चिंतन और चरित्र का समन्वय अपने जीवन क्रम में किया है, उनकी सेवा साधना सदा फलती-फूलती रहती है।

लगन और श्रम का महत्त्व

लगन आदमी के अंदर हो तो सौ गुना काम करा लेती है। इतना काम करा लेती है कि हमारे काम को देखकर आपको आश्चर्य होगा। इतना साहित्य लिखने से लेकर इतना बड़ा संगठन खड़ा करने तक और इतनी बड़ी क्रान्ति करने से लेकर के इतने आश्रम बनाने तक जो काम शुरू किए हैं, वे कैसे हो गए ? यह लगन और श्रम है ।यदि हमने श्रम से जी चुराया होता तो उसी तरीके से घटिया आदमी होकर के रह जाते जैसे कि अपना पेट पालना ही जिनके लिए मुश्किल हो जाता है।

चोरी से, ठगी से, चालाकी से जहाँ कहीं भी मिलता पेट भरने के लिए, कपड़े पहनने के लिए और अपना मौज-शौक पूरा करने के लिए पैसा इकट्ठा करते रहते, पर हमारा यह बड़ा काम सम्भव न हो पाता।

# मणिपुर की घटना हैवानियत की पराकाष्ठा

**महादेव विद्रोही**

**सेवाग्रामः** मणिपुर के थाउबल जिले में बलात्कार और हत्या की घटनाओं ने देश को दहला दिया है। 4 मई को कांगपोपकी में एक समुदाय के लोगों द्वारा आदिवासी कुकी महिलाओं को निर्वस्त्र कर घूमना, विरोध करने वालों की हत्या करना और सामूहिक बलात्कार की घटनाएं हमारे कल्पना के बाहर है। यह घटना विश्वगुरु का दावा करने वाले भारत में हुआ है।

पिछले ढाई महीने में शस्त्रागार में से 4532 रायफल, मशीनगन और अन्य हथियार तथा 6.32 लाख गोली लूट लिए गए हैं, सैकड़ों लोग मारे गये हैं और हजारों लोग शरणार्थी शिविरों में रहने के लिए मजबूर हैं।

मणिपुर के मुख्यमंत्री वीरेन्द्र सिंह ने कहा है - राज्य में ऐसी हजारों घटनाएं हुई हैं। ऐसा लगता है उनके लिए यह सामान्य घटना है। मुख्यमंत्री की इस स्वीकारोक्ति के बाद भी वे इस पद पर कैसे बने हुए हैं यदि आरम्भ में ही जरूरी कदम उठाये गए होते तो इस स्थित को रोका जा सकता था।

हमें इस हिंसा के कारणों को ढूंढना होगा और तद्नुसार कदम उठाने होंगे। इन घटनाओं में महिलाओं को जिस तरह निशाना बनाया जा रहा है वह अत्यंत दुःखद और क्षोभजनक है ।जो लोग इन जघन्य घटनाओं में शामिल हैं उन्हें चिह्नित कर उन पर फास्टट्रैक कोर्ट में मुकदमा चला कर कठोरतम सजा दिलाने के लिए शीघ्र सभी उचित कदम उठाने चाहिए।

भारत के सर्वोच्च न्यायालय इस घटना का स्वतः संज्ञान लेकर केंद्र सरकर को 28 जुलाई तक जवाब देने को कहा है। सर्वोच्च न्यायलय के इस सकारात्मक पहल से लोगों में आशा बंधी है साथ ही न्यायपालिका पर विश्वास भी बढ़ा है। हम आशा करते हैं कि न्यायलय के इस हस्तक्षेप के परिणाम सकारात्मक सिद्ध होंगे।

# रांची की बेटी नीतू को स्वच्छता सम्मान




**नई दिल्ली** के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित वूमेन इन लीडरशिप कॉनक्लेव 2023 में बिहार की प्रसिद्ध लोक गायिका और पटना नगर निगम के स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्रांड एंबेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत को वूमेन लीडरशिप अवार्ड 2023 प्रदान किया गया। सोसायटी फॉर हेल्थ एंड एंपावरमेंट ऑफ वूमेन तथा लोक कला परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कॉन्क्लेव में शिक्षा विभाग की पूर्व सचिव रीना रे, हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया तथा संस्थान की अध्यक्ष प्रीति तिवारी एवं लोक कला परिषद् के महासचिव संजीव कुमार ने डॉ. नीतू कुमारी नवगीत तथा अन्य महिलाओं को सम्मानित किया । सम्मानित की गयी महिलाओं में अंतरराष्ट्रीय स्तर की पहलवान बबीता फोगाट, माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली अंशु जमसेंपा और डॉ कीर्ति काले भी शामिल रहीं।

डॉ नीतू कुमारी नवगीत के अलावा तबला वादक अनुराधा पाल और कलाकार कण्हेरी पिनहारी को कला, साहित्य एवं संस्कृति के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए वूमेन लीडर अवार्ड दिया गया। चिकित्सा एवं विज्ञान के क्षेत्र में योगदान के लिए एम्स की डॉ उमा कुमार, राम मनोहर लोहिया अस्पताल की डॉ मीनाक्षी पांडा तथा टेक्नोलॉजी स्पेशलिस्ट डॉ. शैलजा वैद्य गुप्ता को सम्मानित किया गया। पत्रकारिता के क्षेत्र में योगदान के लिए हिंदुस्तान टाइम्स की स्मृति काका रामचंद्रन को वूमेन इन लीडरशिप 2023 अवार्ड दिया गया। सरकारी सेवा में विशिष्ट योगदान के लिए भारतीय रेल यातायात सेवा की रश्मि, भारतीय राजस्व सेवा के स्वातिका, भारतीय पुलिस सेवा की अधिकारी और उत्तर प्रदेश में डीजी रेणुका मिश्रा और सृष्टि भट्ट को सम्मानित किया गया। समाज सेवा के क्षेत्र में यह सम्मान संध्या धर और डॉ मनु शिवपुरी को दिया गया ।

स्टार्टअप के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए राखी गरेर को सम्मानित किया गया। खेलकूद के क्षेत्र में देश का नाम रोशन करने के लिए पहलवान बबीता फोगाट, माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली अंशु जमशेंपा और ताइक्वांडो सिस्टर्स को सम्मानित किया गया। विधि के क्षेत्र में लीडरशिप स्किल के लिए सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता मोनिका अरोरा को सम्मानित किया गया । सेल्फ हेल्प ग्रुप संवर्ग में झारखंड की संस्था पिकल वूमेंस ग्रुप को सम्मान मिला । गुरुग्राम पुलिस स्टेशन को सभी महिला पुलिसकर्मी वाले पुलिस स्टेशन संवर्ग में विशेष पुरस्कार दिया गया । ग्रास रूट लेवल पर महिलाओं की जिंदगी में बदलाव के लिए उत्तराखंड के दिव्या रावत को सम्मानित किया गया।

# मुस्कुराते रहो



**शिफा उम्मे अशरफ**

हर समय हर घड़ी मुस्कुराते रहो,
जुगनुओं की तरह झिलमिलाते रहो।
अगर दुख तुम्हे सुख भी तू पाएगा,
गम हो या हो खुशी खिलखिलाते रहो।
हर समय हर घड़ी मुस्कुराते रहो,
जुगनुओं की तरह झिलमिलाते रहो।
आए अपनो पे जब दुख का साया कभी,
सर पे दस्तेकरम तुम फिराते रहो,
हर घडी-हर समय मुस्कुराते रहो।
जुगनुओं की तरह झिलमिलाते रहो।
हो गरीब कोई या अमीर सही,
हर कीसी के यहाँ आते-जाते रहो,
हर समय, हर घड़ी मुस्कुराते रहो
जुगनुओं की तरह झिलमिलाते रहो।
जीवन में छाए गमों का अंधेरा यदि,
शिफा उम्मीदों की शमा जलाते रहो।
हर समय, हर घड़ी मुस्कुराते रहो
जुगनुओं की तरह झिलमिलाते रहो।

**छात्राः सेक्रेड हार्ट स्कूल**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 9570848433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# फिल्मों में भगवान शंकर बनने वाले त्रिलोक कपूर

बॉलीवुड

**अजय कुमार शर्मा**

**हिंदी** फिल्मों में चालीस और पचास के दशक को पौराणिक और धार्मिक फिल्मों की अनेक यादगार फिल्मों के लिए जाना जाता है। उस समय के कई अभिनेता और अभिनेत्रियों को उनके धार्मिक किरदारों के रूप में ऐसी पहचान मिली की उनके कैलेंडर और पोस्टर घर-घर में लगे और उन्हें देवी- देवताओं के प्रतीक के रूप पूजा जाने लगा ।शोभना समर्थ सीता के रूप में, कृष्ण के रूप में शाहू मोडक, राम के रूप में प्रेम अदीब, पार्वती के रूप में निरूपा राय, हनुमान जी के रूप में दारा सिंह आदि। इसी क्रम में एक महत्वपूर्ण नाम है भगवान शंकर के रूप में त्रिलोक कपूर का। त्रिलोक कपूर फिल्म इतिहास के पहला परिवार कहे जाने वाले कपूर परिवार से ही थे । वह पृथ्वीराज कपूर के छोटे भाई थे। तीन मार्च, 1912 को मुल्तान में जन्मे त्रिलोक जी की प्रारंभिक शिक्षा पेशावर में हुई। पृथ्वीराज फिल्मों में भाग्य आजमाने पहले ही कलकत्ता आ चुके थे। त्रिलोक जी भी उनके पद चिह्नों पर चलते हुए जनवरी, 1933 में कलकत्ता पहुंचे और इंडियन नेशनल थियेटर और द ग्रेट एंडरसन कम्पनी ज्वाइन कर ली। उस दौरान त्रिलोक कपूर ने अपने बड़े भाई के साथ 'सीता' फिल्म में छोटी सी भूमिका भी निभाई। उन्हीं दिनों पृथ्वीराज कपूर कलकत्ता की न्यू थियेटर्स कम्पनी छोड़कर बंबई आ गए। फिर तो त्रिलोक भी बंबई आ गए। यहां उन्हें पहली फिल्म मिली 'चार दरवेश'। इस फिल्म के बाद त्रिलोक ने फिल्मकार हेमचंद्र के सहायक के रूप में कुछ समय तक काम सीखा। उस समय धार्मिक फिल्मों के सबसे बड़े निमार्ता प्रकाश-पिक्चर्स के विजय भट्ट अभी तक रामायण को अपने बैनर के ब्रॉण्ड की तरह इस्तेमाल कर रहे थे। भट्ट को त्रिलोक कपूर में भगवान शंकर के रूप में नजर आए ।उस समय प्रेम अदीब राम के रूप में अपनी सीता शोभना समर्थ के साथ लोकप्रियता के चरम पर थे।

त्रिलोक कपूर की जोड़ी पार्वती बनने वाली अभिनेत्री निरूपा राय के साथ जम गई। फिर तो क्या था फिल्म निमार्ताओं ने शंकर-पार्वती से संबंधित आख्यान पर फिल्मों की लाइन ही लगा दी। वैसे भी उन दिनों ग्रामीण और कस्बाई भारत में इन फिल्मों की सफलता की गारंटी रहती थी। इन फिल्मों के नाम थे, 'हर हर महादेव', 'शिव- कन्या', 'शिव-शक्ति', 'जय महादेव', 'गणेश जन्म', 'गणेश-महिमा' आदि। इनमें से 'हर-हर महादेव' फिल्म ने देश के अनेक शहरों में स्वर्ण जयंती मनाई। बंबई के सेन्ट्रल सिनेमा में तो यह फिल्म हीरक जयंती (डायमंड जुबली) तक बनी रही। शिव-पार्वती यानी त्रिलोक कपूर और निरूपा राय के चित्रों से सारे बाजार धर्ममय हो गए। कैलेण्डर्स की बाढ़ आ गई।

जिधर देखो त्रिलोक-निरूपा । लोग उनकी आरती पूजा करने लगे थे। भगवान शंकर का ठप्पा लगने से त्रिलोक कपूर को तो बहुत मुश्किल हो गई। उन्हें अन्य रोल मिलने बंद हो गए। बीच में उन्होंने अन्य भूमिकाएं प्राप्त कर इस छवि को तोड़ने की कोशिश भी की, लेकिन वह सामाजिक फिल्मों में अपने अग्रज पृथ्वीराज के समान स्थान नहीं बना सके। अपने फिल्मी करियर में त्रिलोक कपूर ने करीब 250 फिल्मों में काम किया, लेकिन अधिकांश फिल्मों की भूमिकाएं छोटी-छोटी सी रही। लेकिन कुछ उल्लेखनीय उपलब्धियां भी है। आरंभिक फिल्म थी- 'धूपछांव' (1935), 'अछूत' (1940), 'आंख की शर्म' (1943), 'आईना' (1944), 'नल-दमयंती' और 'कृष्णार्जुन-युद्ध (1945), 'आनंद-भवन' और 'राजरतन' (1953)।

कार्टून वर्ल्ड

अब ऐसे पढ़ेगी बेटी




साभार कार्टूनमूवमेंट डॉटकॉम

## स्पीड न्यूज

### गुरु नानक स्कूल में गीत प्रतियोगिता



**रामगढ़।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में शनिवार को अंतर सदनीय समूह देशभक्ति गीत प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता चार सदनों के बीच में हुई। साहेबजादा अजीत सिंह ,साहेबजादा जुझार सिंह, साहेबजादा जोरावर सिंह और साहेबजादा फतेहसिंह सदन के बीच प्रतियोगिता हुई। यह प्रतियोगिता कक्षा 1 और 2 के बच्चों के बीच हुई। जिसमें जोरावर सिंह हाउस प्रथम , द्वितीय अजीत सिंह हाउस व फतेह सिंह हाउस और तृतीय जुझार सिंह हाउस रहा। प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया । प्राचार्य हरजाप सिंह जी ने बच्चों के उत्साह की प्रशंसा की और भविष्य मे बेहतर करने की कामना की। कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी रामगढ़ के अध्यक्ष सरदार परमदीप सिंह कालरा , अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल , सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा ,स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली तथा मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी भी उपस्थित थे।

### सलोनी डिजनी लैंड मेला का उद्घाटन



**कुजू।** सलोनी डिजनी लैंड श्रावणी मेला का उद्घाटन शनिवार को पब्लिक उच्च विद्यालय कुजू के मैदान में हुआ। जिप सदस्य दयामंती देवी व कांग्रेस प्रदेश सचिव धर्मराज राम, जदयू जिलाध्यक्ष ज्योतेंद्र प्रसाद साहू, राजद जिलाध्यक्ष गुलजार अहमद, मेला समिति अध्यक्ष मुखिया जयकुमार ओझा, दक्षिणी मुखिया राकेश मेहता राक, पूर्व मुखिया अशोक कुमार, पंसस संतोष मेहता, उपमुखिया संगीता देवी शामिल हुए। अतिथियों ने कहा कि मेला आपसी प्रेम व सौहार्द को बढ़ाने के साथ मनोरंजन की विशेष व्यवस्था है। लोग दूरदराज जाने के बजाय स्थानीय स्तर पर मनोरंजन कर सकते हैं। मेला संचालक मकसूद आलम व समिति सदस्यों कहा कि कुजू में मेला लगना बंद हो गया था, एक बार सभी के सहयोग से मेला शुरू हुआ।

### परवरिश के बच्चों ने बनाया बैग



**कुजू।** परवरिश स्कूल कुंदरिया बांध कुजू में शनिवार को पुराने कपड़ों से एक उच्च कुशल बैग बनाने की गतिविधि करके पर्यावरण जागरूकता और टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम हुआ। इस दौरान दैनिक जीवन में प्लास्टिक के उपयोग को रोकने के बारे में जागरूकता बढ़ाया गया। साथ ही प्लास्टिक प्रदूषण की बढ़ती चुनौती से निपटने के प्रयास में, परवरिश एजुकेयर स्कूल ने छात्रों, अभिभावकों और समुदाय को पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों को अपनाने और एकल-उपयोग प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के लिए प्रेरित करने के लिए बैग बनाने की पहल तैयार की। मौके पर स्कूल की प्राचार्या नेहा राज बनर्जी, निदेशक शैलेन्द्र सिंह, प्रबंध निदेशक विकास कुमार सिंह ने पहल को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया से प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा स्कूल हमेशा अपने छात्रों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना पैदा करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। स्कूल अपने सभी भविष्य के प्रयासों में पर्यावरण जागरूकता और स्थिरता को बढ़ावा देने के अपने प्रयासों को जारी रखने का संकल्प लेता है। मौके पर रश्मि कुजूर, सावित्री अग्रवाल, नंदिनी झा, कंचन प्रसाद आदि मौजूद थे।

### जन्म प्रमाण-पत्र का लिया आवेदन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बुधबाजार दोतल्ला पंचायत सचिवालय में चल रहे विशेष अभियान के तहत शनिवार को 14 जुलाई से 14 अगस्त तक के बच्चों का जन्म प्रमाण-पत्र का आवेदन आवेदकों से जमा लिया गया। इस दौरान सभी प्रकार के पेंशनधारियों का आधार कार्ड का छायाप्रति व मोबाईल नंबर लेकर वार्षिक केवाईसी किया गया। मौके पर पंचायत की मुखिया सत्यवंती देवी ने बताया की सभी बच्चों का जन्म प्रमाण-पत्र बनाना अनिवार्य है। क्योंकि बिना जन्म प्रमाण-पत्र के आधार कार्ड नहीं बन सकता है और आज के समय में आधार कार्ड की उपयोगिता हम सभी जानते हैं। उन्होंने कहा कि बिना आधार कार्ड के न ही स्कूलों में दाखिला होती है, ना ही बैंकों में खाता खुलता है और ना ही सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं का लाभ छात्र-छात्राओं को मिल पायेगा। मुखिया सत्यवंती देवी ने कहा कि बच्चों का जन्म प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, वृद्धा, विधवा एवं दिव्यांग पेंशनधारियों का वार्षिक केवाईसी हो रहा है एवं उनका मोबाइल नंबर पेंशन के साथ जोड़ा जा रहा है। ताकि उनको पता चल सके कि उनका पेंशन नियमित रूप से मिल रहा है कि नहीं।

### कई मांगों को ले विस्थापितों की बैठक

उरीमारी (रामगढ़)। विस्थापित कार्यालय न्यू बिरसा पोटंगा में शनिवार को विस्थापित समिति न्यू बिरसा पोटंगा की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सूरज बेसरा व संचालन समिति के सचिव जीतन मुंडा ने किया। बैठक में कहा गया कि जानकारी मिली है कि बरका-सयाल क्षेत्र के जीएम ऑफिस को सीसीएल प्रबंधन द्वारा भुरकुंडा रिवर साइड के बीटीटीआई में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया है। सीसीएल प्रबंधन के इस निर्णय का विस्थापित समिति न्यू बिरसा पोटंगा घोर विरोध करती है। विस्थापित समिति न्यू बिरसा ने सीसीएल प्रबंधन से जीएम अफिस बरका-सयाल को उरीमारी के डीएवी मैदान के आसपास स्थानांतरित करने की मांग की है। विस्थापित समिति न्यू बिरसा के संरक्षक सह केंद्रीय सचिव झामुमो सह संथाल समाज दिशोम मांझी परगना के महासचिव सोनाराम मांझी ने कहा कि न्यू बिरसा परियोजना बरका-सयाल क्षेत्र का लाइफ लाइन है। बरका-सयाल क्षेत्र में कार्यरत कुल कर्मियों में न्यू बिरसा, बिरसा एवं उरीमारी परियोजना में सबसे अधिक 75 प्रतिशत मजदूर कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि कोयला का उत्पादन और डिस्पैच भी इन तीनो परियोजना में अधिक है ।महाप्रबंधक कार्यालय को भुरकुंडा में स्थानांतरित करना कहीं से उचित नहीं है।

# विधायक ने पिपरा नदी पर पुल का किया शिलान्यास

**खबर मन्त्र संवाददता**

**हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य का सर्वांगीण हो रहा विकास : अकेला**

बरही। ग्रामीण विकास विभाग मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत हजारीबाग जिले के बरही प्रखंड के रानीचुंवा पंचायत स्थित पुरहरिया एवं पिपरा टोला के बीच पिपरा नदी पर पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक उमाशंकर अकेला ने किया ।ग्रामीणों ने विधायक श्री अकेला का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि लंबे समय से यहां पुल निर्माण की मांग की जा रही थी। पुल का निर्माण होने से लोगों को काफी सुविधा होगी। कहा कि बरही विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करने हेतु लगातार विधानसभा में आवाज उठा रहा हूं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बहुत सारी जटिल समस्याएं थी। परंतु हम अपने स्तर से बहुत सारी जटिल समस्याओं का समाधान किए हैं। बाकी बचे हुए समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में राज्य का सर्वांगीण विकास हो रहा है। बताते चलें कि पुल 3 करोड़ 7 लाख रुपये की प्राक्कलित राशि से किया जाना है। मेसर्स अजय सिंह कंस्ट्रक्शन को डेढ़ वर्ष के अंदर निर्माण कार्य पूरा करना है। मौके पर विस विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान



वारसी, जेई अमित चौधरी, एई सुरेंद्र तिवारी, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि गाजो टुड्डू, मनोज रविदास, पारो देवी, जगदीश यादव, मनोज यादव, चंदन रविदास, राजदेव यादव, बाबूलाल मुर्मू, मनोज मंडल, गाजो टूडू, रामसहाय यादव, अनिल सोरेन, थानी पंडित, राजदेव यादव, पिंटू पंडित, वीरेंद्र यादव, विनय यादव, सुभाष यादव, नरेश यादव, सुरेंद्र पंडित, राधा रविदास, सोनू रविदास, अजय रजवार, रवि सिंह आदि उपस्थित थे।

# मुहर्रम को ले शांति समिति की बैठक करें थाना प्रभारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पर्व में अफवाह फैलाने वाले होगी कार्रवाई : एसडीओ**

**रामगढ़।** मुहर्रम के शांतिपूर्ण मनाने को लेकर शनिवार को अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन की अध्यक्षता में हुई बैठक। एसडीओ ने पुलिस पदाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों, थाना प्रभारी सहित अन्य अधिकारियों से शांतिपूर्ण मनाने की तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को उनके उनके क्षेत्रों में अभी से ही क्षेत्र भ्रमण करने एवं लाइसेंस धारी समितियों को पर्व के मद्देनजर आवश्यक जानकारियां देने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे सुनिश्चित करें कि किसी भी क्षेत्र में बिना लाइसेंस के किसी भी समिति द्वारा जुलूस ना निकाला जाए।सुरक्षा के दृष्टिकोण से उन्होंने आवश्यकतानुसार स्वास्थ सेवाओं व एंबुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान



अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी अंचल अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को उनके उनके क्षेत्र में जल्द से जल्द शांति समिति की बैठक आयोजित कर सदस्यों को पर्व के दौरान ध्यान देने योग्य महत्वपूर्ण जानकारियां देने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी को किसी भी प्रकार की अफवाह सामने आने पर त्वरित इसकी जानकारी प्रशासन को देने एवं अधिकारियों को त्वरित मामलों पर कार्य करने का निर्देश दिया।

साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी ने सोशल मीडिया पर विशेष ध्यान देंने एवं किसी भी तरह से सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने अथवा अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन के मद्देनजर अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी थाना प्रभारियों सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को उनके उनके क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार 107 सहित अन्य धाराओं से संबंधित प्रतिवेदन अनुमंडल स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान साफ सफाई का जायजा लेने एवं कमी पाए जाने पर आवश्यकतानुसार अधिकारियों के साथ समन्वय कर कार्य कराने का निर्देश दिया।अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को उनके उनके क्षेत्रों में समिति से पूर्व में ही जुलूस के रूट की पूरी जानकारी लेने एवं जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित रूट से ही जुलूस निकाला जाना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### मुहर्रम में डीजे पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध



**दारू।** थाना परिसर में शनिवार को मुहर्रम को लेकर बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता संयुक्त रूप से बीडीओ सुशील कुमार राय एवं सीओ नीतू कुमारी ने किया। बैठक में शीलाडीह, हरली, पुनाई , गाड़ीसाडम, बसोबर, जिंनगा, कवालु, पेटो , मेडकुरी, मोकतमा, जबरा, पिपचो इत्यादि सभी अखाड़ों के अखाड़ेधारी एवम जनप्रतिनिधि शामिल हुए। बीडीओ ने सबसे पहले सभी अखाड़ों की रूट की जानकारी ली, उसके बाद आने वाली समस्याओं को ठीक कराने का आदेश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर रूट में कोई परेशानी है तो हमें लिखित आवेदन दे। थाना प्रभारी ने कहा कि पूर्व की भांति डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध है केवल लाउडस्पीकर बजा सकते हैं ।बैठक में दोनों समुदाय के लोग उपस्थित थे।

# चरही में धड़ल्ले से बन रहा है कोयले का फर्जी कागज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कागज बनाने में एक ट्रक से 5000 से 10000 रुपये की होती है वसूली**

**चरही।** इन दिनों चरही में फर्जी कोयले के कागजात धड़ल्ले से बनाये जा रहे हैं ।यह कागजात वैसे ट्रकों को दिया जाता है,जो अवैध कोयला लोड कर बिहार और यूपी के कोल मंडियों तक फर्जी कागज के सहारे पहुंच सके ।इसके एवज में फर्जी कागज बनाने वाले प्रति ट्रक 5 से 10 हजार रुपये ले रहे हैं।

जानकार बताते हैं कि चरही में गुप चुप तरीके से दो तरह के फर्जी कोयले के कागज बनाये जा रहे हैं ।जिसमें स्टीम कोयले के अलग और सैलेरी कोयले के कागज अलग बनाये जा रहे हैं ।फर्जी कागज बनाने वाले व्यक्ति अपने वाहन से रात के अंधेरे में गुप्त रूप से पहुचाने का काम प्रति दिन कर रहे हैं।

**कैसे हुआ खुलासा :** इसका खुलासा तब हुआ,जब दो ट्रक बीते 19 जुलाई को बड़कागांव क्षेत्र के जोराकाठ के सेहदा जंगल से तस्करी के अवैध कोयला लादकर दोंनो ट्रक चरही की ओर आ रही थी ।सीसीएल के सुरक्षा कर्मियों के गश्ती दल वालों ने उक्त दोनों ट्रकों को चरही साईडिंग के चेकपोस्ट पर रोकने का इशारा किया ।लेकिन दोनों ट्रक भागने लगे ।जिसे खदेड़कर पकड़ा ।पकड़े गए दोनों ट्रक के चालको को कोयले से संबधित कागजातों की मांग की गई ।लेकिन कागजात को प्रस्तुत नहीं किया गया ।दोनों ट्रकों पर लगभग 60 टन कोयला लोड है ।फर्जी कागज बनाने वाले व्यक्ति उसी दिन शाम को कागज को लेकर पहुंचा और सुरक्षा प्रभारी को दिखाने लगा ।जिसमें यह कागज भुरकुंडा कोल डीपो सयाल मोड़ के नाम से बनाया गया था ।लेकिन कागजात को सुरक्षा प्रभारी को नहीं दिया गया ।तथा दोनों ट्रक के वजन पर्ची सांडी के ऋषि धर्म कांटा का दिखाया गया ।लोगों से पता करने पर जानकारी मिली कि इस नाम के कोई धर्म कांटा यहां नहीं है ।एक मात्र ऋषि धर्म वेट नाम का एक वजन घर है।

इस वजन में 19 जुलाई को कोई ट्रक का वजन नहीं किया गया है ।जबकि दोनों ट्रकों पर कोयले की लोडिंग बड़कागांव क्षेत्र जोराकाठ के सेहदा जंगल से किया गया था और चरही होते हुए तस्करों के द्वारा निकाला जा रहा था ।इस तरह से चरही में फर्जीवाड़ा धड़ल्ले के साथ चल रहा है।

### छात्रा से यौन शोषण करने वाला शिक्षक ने कोर्ट में किया सरेंडर

**दारू।** थाना क्षेत्र के अंतरगत आदर्श मध्य विद्यालय के सहायक शिक्षक मुकेश कुमार सिन्हा पर 15 जुलाई को अपने पड़ोसी के 14 वर्षीय नाबालिक छात्रा के साथ यौन शोषण करने का आरोप लगा था। इस आरोप के बाद शिक्षक फरार था और उसकी गिरफ़्तारी की मांग छात्रा के परिजन और समाज से जुड़े अन्य लोग लगातार कर रहे थे ' इसको लेकर पुलिस आरोपी की शिक्षक के ऊपर लगातार दबाब बना रही थी जिसके बाद शनिवार को उसने हजारीबाग न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया ल इस आरोप को लेकर विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक शुक्रवार को विद्यालय परिसर में हुआ जिसमे उक्त शिक्षक के विरुद्ध विभाग ने संज्ञान लिया।

विभाग ने झारखंड स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग रांची के अधिसूचना संख्या 16/म-04/2022/238 दिनांक 14/04/2022 कंडिका ii(iii) एंव सेवा शर्त नियमावली 2021 एवं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के ज्ञापक संख्या 81 दिनांक 20/07/2023 के आलोक में 22 जुलाई को प्रबंधन समिति की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेकर सहायक शिक्षक मुकेश कुमार सिन्हा को सेवा मुक्त कर दिया गया है जो तत्काल 22 जुलाई 2023 से लागू हो गया।

### कटकमदाग में सुब्रतो फुटबॉल टूर्नामेंट में 11 टीमों ने लिया भाग



**कटकमदाग।** बी. आर. सी कटकमदाग उतक्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय खपरियावाँ के मैदान में झारखंड सरकार के खेल योजना के तहत खेलो झारखंड फुटबॉल टूर्नामेंट में 11 टीमों ने भाग लिया जिसमें 14 आयु वर्ग में आदर्श मध्य विद्यालय खपरियावां ने सलगावां को 1-0 गोल से पराजित किया । 17 आयु वर्ग मे उतक्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय खपरियावाँ ने उतक्रमित उच्च विद्यालय कटकमदाग को 03 .0 गोल से पराजित किया। बालिका वर्ग मे झारखंड आवासीय विद्यालय सिरसी 2 ने कटकमदाग उतक्रमित उच्च विद्यालय को 1-0 गोल से पराजित किया। विजेता एवं उपविजेता टीमों को आतिथिओं द्वारा शील्ड देकर सम्मानित किया गया। सभी मैच काफी रोमांचक रहा सभी छात्र छात्राओं एवं दर्शकों ने फुटबॉल मैच का आनंद लिया । मुख्यआतिथि के रूप मे समाज सेवी सह विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राम किशोर सावंत एवं प्रभारी प्रचार्य प्रिती रानी ,बिंदु लता ,जीतेंद्र मिश्रा रंजीत कुमार नसीम अनसारी ,ईला मैम ,सुमित्रा मैम , रंजू मैम,सरिता मैम, गीता मैम, बसंती मैम, लक्ष्मण राम बिरसा रविदास,केदार राणा तथा रैफरी पवन कुमार, मृतुन्जय कुमार सरयू जी एवं सभी विदयालय के शिक्षक गण मौजूद थे।

# बेदिया के मुख्य संयोजक बनने पर हर्ष व्यक्त किया

**भदानीनगर (रामगढ़)।** हजारीबाग जिला में लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव को देखते झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन के निर्देश पर पार्टी महासचिव विनोद कुमार पांडेय पत्र जारी कर झामुमो की जिला, प्रखंड व पंचायत कमेटी को भंग करते हुए नयी कमेटी गठन करने को ले जिला संयोजक मंडली का गठन किया है। जिला संयोजक मंडली में झामुमो के केंद्रीय सचिव सह झारखण्ड परिवहन प्राधिकार के सदस्य संजीव बेदिया को मुख्य संयोजक बनाया गया है। संजीव बेदिया के झामुमो हजारीबाग जिला का मुख्य संयोजक बनने पर झामुमो कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि संजीव बेदिया के मुख्य संयोजक बनने से हजारीबाग



जिला कमेटी और बड़कागांव विधानसभा पार्टी स्तर से काफी मजबूत होगा। बेदिया ने कहा कि झारखंड के महानायक दिशोम गुरु शिबु सोरेन व ुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जिस उम्मीद व विश्वास के साथ मुझे यह कार्यभार सौंपा है उसका ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ चार अगस्त को प्रदर्शन करेगी आजसू

**बासल (रामगढ़)।** पीटीपीएस स्थित आवासीय कार्यालय में शनिवार को आजसू पार्टी की बैठक हुई। बैठक में पार्टी केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी एवं केंद्रीय सचिव विजय साहू उपस्थित थे। चौधरी ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार और उसमें शामिल दलों ने आमजनता के साथ छल किया है।

उन्होंने कहा कि प्रखंड कार्यालयों में भ्रष्टाचार हावी है। श्री चौधरी ने कहा कि जनहित की योजना कार्यान्वित नहीं है। जिसके आलोक में आजसू पार्टी द्वारा 4 अगस्त को पतरातू प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन



किया जायेगा। संजय सिंह को पंचायत अध्यक्ष एवं अजीत कुमार को सचिव मनोनित किया गया। साथ ही बताया गया कि प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को आजसू पार्टी द्वारा जनसमस्या निवारण शिविर लगाकर जन समस्याओं का समाधान किया जायेगा।

## एक नजर में

### आईलेक्स पब्लिक स्कूल में मना पाई दिवस



**बरही।** पंचमाधव में संचालित आईलेक्स पब्लिक स्कूल में छात्रों ने पाई दिवस मनाया। कार्यक्रम में स्कूल के लगभग सभी छात्रों ने हिस्सा लिया। बच्चों को गणित से सम्बंधित कई क्रियाकलाप कराये गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निदेशक शैलेश कुमार के कहा कि पाई का सम्बन्ध गणित से बहुत गहरा है। उन्होंने कहा कि मनुष्य के सम्पूर्ण जीवनकाल में गणित भाषा का विशेष महत्व है ।भौतिकी में भी पाई को विशेष स्थान प्राप्त है। पाई (π) एक गणितीय नियतांक है ।जिसका संख्यात्मक मान किसी वृत की परिधि और उसके व्यास के बराबर के अनुपात के बराबर होता है। इसका मान 22/7 के बराबर होता है ।निदेशक शैलेश कुमार ने कहा कि गणित से दोस्ती छात्र जीवन में विशेष महत्व रखती है। अगर छात्रों को अपना लक्ष्य प्राप्त करना है तो गणित का हाथ थाम के रखना होगा। क्रियाकलापो में खुशी कुमारी, कुमारी पायल, सत्यम कुमार, अनुष्का कुमारी, पवन कुमार, शिवम् कुमार, अनु रानी, इमरान अंसारी ने बेहतर प्रदर्शन किया।

### शिवपुरी में पैसे को लेकर ड्राइवर की हत्या!

**हजारीबाग।** शहर के उत्तरी शिवपुरी में ड्राइवर 45 वर्षीय सुरेश वर्मा पिता रामलाल वर्मा की पीट-पीट कर हत्या कर देने की सूचना है। बताया जाता है कि शनिवार दोपहर 11 बजे के करीब उसके दो दोस्त शिवपुरी गली न. 14 निवासी अमित सिन्हा व ध्रुव सिंह उसे घर से बुला के ले गए। उसके बाद पैसे की लेन देन को लेकर उसकी मार कुटाई कर दी। इस दौरान सुरेश वर्मा के पुत्र ने वहां पहुंचकर अपने पिता को बचाने की कोशिश की। पुत्र का आरोप है कि घायल अवस्था में वे लोग उसके पिता को सदर अस्पताल पंहुचा कर फरार हो गए। चिकत्सको ने पिता को मृत घोषित कर दिया। इधर मृतक की पत्नी सुनीता देवी का आरोप है कि ये सभी लोग एक साथ काम करते थे। जब शनि और ध्रुव उसके पति को बुलाने आये तो इनलोगो के सोचा की किसी काम को लेकर उन्हें बुलाया गया होगा। क्या मालूम था कि वे लोग इनकी हत्या कर देंगे। हमलोग के घर में कमाने वाले वे एकमात्र कमाऊ सदस्य थे। अब हमलोगो को कौन देखेगा। प्रशासन से ये गुजारिश है कि ध्रुव और शनि को कड़ी से कड़ी सजा मिले।

### कोल्हुआकला तिलैया बस्ती से वृद्ध का शव मिला

**बरही।** कोल्हुआकला पंचायत के तिलैया बस्ती में गांव के निकट स्थित जंगल से एक वृद्ध का शव बरामद किया। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने बरही पुलिस को दी है। बरही पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की आयु 65 वर्ष के लगभग बताई जा रही है। वृद्ध की मौत किस वजह से हुई है, इसकी जांच पुलिस कर रही है। मृतक बुजुर्ग की पहचान खबर लिखे जाने तक नही हो पाई है।

### टाटीझरिया : जलस्रोतों में नहीं है पानी

**टाटीझरिया।** टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र के झरपो भराजो खैरा डहरभंगा डुमर धर्मपुर बैडम टाटीझरिया आठो पंचायत के कई गांवों में बारिश अभाव के कारण धान रोपाई की शुरूआत नहीं हो सका है। वहीं टाटीझरिया निवासी महादेव यादव ने कमलाघोघरी में अपने खेत में एक छोटे तालाब से पानी पटवन कर करीब 2 एकड़ में धान की रोपाई कर चुके हैं। वहीं एक एकड़ में रोपाई अभी बाकी है। जो तालाब में पानी की कमी के कारण नहीं किया जा सका। उन्होंने बताया कि यदि सरकार की तरफ से क्षेत्र में जगह-जगह डीप बोरिंग की पहल की जाए तो यहां के किसानों को मानसून पर निर्भर नहीं रहना पडेगा। कहा कि खेती का उपयुक्त समय बीतने के बाद रोपाई करने पर फसल की पैदावार प्रभावित होता है। कृषि क्षेत्र होने के कारण उन्होंने सरकार को इस विषय पर ध्यान आकृष्ट कराया है। कहा कि सरकार के द्वारा किसानों को उन्नत खेती का व्यवस्था दिए जाने से क्षेत्र में पलायन को कम किया जा सकता है।

### नलकूप का मुखिया ने किया उद्घाटन

**चरही।** शनिवार को बेहरा पंचायत के ग्राम पिपरा में 15 वें वित आयोग से नलकूप का उद्घघाटन चुरचू प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक,बीडीओ इंदर कुमार मुखिया पंचायत के मुखिया देवकी महतो के द्वारा संयुक्त रूप से उद्घघाटन किया ।जिसकी लागत राशि 1,45000 रुपये है ।मौके पर पंसस शक्ति देवी,मालती देवी,आशा राय,आरिफ अंसारी,लालो मांझी,राजन महतो, बिनोद कुमार केशरी,अजरूद्दीन अंसारी,जावेद अली,अब्दुल्लाह अली,याकूब अंसारी,गुलाम अंसारी,सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए लगा कैंप

**बड़कागांव।** बड़कागांव मध्य पंचायत भवन में मुखिया मोहम्मद तकरीरमुल्ला खान के नेतृत्व में जन्म प्रमाण पत्र बनाने को लेकर शिविर लगा ।मुखिया मोहम्मद तकरीमुल्ला खान ने बताया कि बड़कागॉव मध्य पंचायत भवन में 14 अगस्त तक मृत्यु प्रमाण पत्र एवं जन्म प्रमाण पत्र पंचायत भवन में बनाया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील की कि जन्म प्रमाण पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने को लेकर आवेदन दें एवं दूसरों को भी सहयोग करें। पंचायत सेवक अलका कुमारी ने बताया कि जन्म प्रमाण पत्र के लिए अब तक 30 फार्म, मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए एक फार्म जमा किया गया है ।मौके पर मध्य पंचायत के मुखिया तकरीमुल्ला खान, वार्ड सदस्य लीला कुमारी, संजय रवि मुखिया प्रतिनिधि मजहर खान समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### सड़क दुर्घटना को लेकर थाना में मामला दर्ज

**बड़कागांव।** बड़कागांव के गुरु चट्टी में एक बोलेरो द्वारा महिला को धक्का मारने एवं दो बोलेरो को टक्कर मारने वाले बोलेरो चालक अरुण ठाकुर के विरुद्ध बड़कागांव थाना में मामला दर्ज किया गया है। 242 /23 धारा 279,337, 338, 427 है ।यह मामला दर्ज घायल महिला के पति केश्वरी महतो,बैजनाथ महतो,सत्येंद्र कुमार,भुनेश्वर तुरी द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर किया गया। आवेदन में बताया गया है कि 14 जुलाई को दोपहर में एक बोलेरो जेएच 02बी एल 3960 महूदी निवासी अरुण ठाकुर चला रहा था। उसने गुरु चट्टी के बैजनाथ महतो के घर के पास बिजली के खंभे को धक्का मार दिया ।तब वहाँ से तेजी से भागने के दौरान बड़का गॉव अस्पताल के पास किशोरी महतो की पत्नी झाली देवी को धक्का मार दिया ।जिस कारण वह बुरी तरह घायल हो गई ।इसके बाद सत्येंद्र महतो का बोलेरो (जे एच 01ए डब्लू 4560) को धक्का मार दिया। इसके बाद बोलेरो चालक वहां से भागना चाहा, उसी दौरान भुवनेश्वर तुरी का बोलेरो ( जे एच 01ए आर 8705) को भी धक्का मार दिया ।आवेदन में बताया गया है कि धक्का मारने वाला बोलेरो चालक अरुण ठाकुर ड्रग्स के नशे में धूत में था।

### एनएचएआइ ने सड़क किनारे गड्ढों को भरा

**बरही।** मुहर्रम पर्व के अवसर पर बरही के रसोईया धमना मोड़ में सड़क के किनारे बने गड्ढों को एनएचएआई ने भरा ।बताते चलें कि संभावित दुर्घटना से बचने के लिए एनएचएआई के द्वारा उठाया गया सार्थक पहल है ।क्योंकि सड़क निर्माण की प्रगति कछुए की चाल के कारण निरन्तर दुर्घटनाएं होती रहती है। इस नेक कार्य के लिए समाजसेवी तौकीर रजा ने अहम भूमिका निभाई है। एनएचएआई द्वारा रसोइया धमना मोड़ के आस पास मिट्टी डालकर ग्रेडर एवं रोलर से समतल किया गया। उन्होंने सड़क सुरक्षा से किसी भी कार्य में सहयोग करने की बात कही ताकि कोई दुर्घटना न हो ।साथ ही मुहर्रम पर्व में ट्रैफिक की व्यवस्था करने का आग्रह किया। साथ ही रसोईया धमना के ऐतिहासिक कर्बला के रास्ते को भी ठीक करने की बात की। मुहर्रम के दौरान बिजली विभाग के सभी पदाधिकारियों से आग्रह किया कि पर्व में बिजली का परिचालन नियमितरूप से होता रहे। सभी आसपास के इमामबाड़ा बिजली से रोशन हो। मौके पर मीडिया प्रभारी तौकीर रजा, पंसस मो तैयब अंसारी, मो खलील, पूर्व वार्ड सदस्य मो तबरेज अंसारी, मो तस्लीम, मो अख्तर, मो हैदर, मो मौजिम अंसारी, गुलाम जिलानी, सीताराम साव, केशवर साव, मो तौसीफ, मो रफीक, मो शमशाद, वार्ड प्रतिनिधि मो मेराज आदि उपस्थित रहे।

## स्पीड न्यूज

### प्रतियोगिता में विद्या मंदिर को पहला स्थान



लोहरदगा। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर लातेहार में आयोजित 34 वां क्षेत्रीय लगोरी, कैरम और टेबल सोकर प्रतियोगिता के अंतर्गत लगोरी प्रतियोगिता में शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के करमचंद भगत, कमलेश उरांव की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर पूरे झारखंड बिहार क्षेत्र में विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्या मंदिर में खेल आचार्य जोधन सिंह के नेतृत्व में इन भैयाओं की टीम ने लगोरी खेल का पूरे मनोयोग के साथ अभ्यास किया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर प्रधानाचार्य बिपिन दास, प्रबंध कारिणी समिति के सचिव अजय प्रसाद, अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, गुमला विभाग के विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार सहित समिति के सभी पदधारियों ने हार्दिक बधाई दीं।

### मोदी सरकार का जनहित पर फोकस



लोहरदगा। भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव के नेतृत्व में पेशरार प्रखंड के केकरांग और पेशरार बाजार में महाजनसंपर्क अभियान के तहत देश के पीएम के रूप में दोबारा मोदी का समर्थन करने एवं उनके कार्यों का पत्रक लोगों के बीच बांटा। अभियान के दौरान मनीर उरांव ने कहा कि आज नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने की बात यदि हम रखते हैं तो सबसे बड़ा उदाहरण हमारा पेशरार प्रखंड है। आज पेशरार में सड़क, बिजली, हर घर जल नल योजना, स्वास्थ्य जांच के लिए आयुष्मान भारत योजना, स्वास्थ्य उपकेंद्र का पुन: अपग्रेडेशन, प्रखंड कार्यालय का निर्माण, लावापानी को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कर भययुक्त वातावरण से दूर करने का कार्य किया है। मौके पर जिला महामंत्री राजकुमार वर्मा, जिला मंत्री अनिल उरांव, जिला मीडिया प्रभारी पशुपति नाथ पारस, प्रखंड अध्यक्ष भरत किसान, नंदकिशोर पांडेय, लिनु नागेशिया आदि मौजूद थे।

### प्रेरणा शाखा ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर



गुमला। मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा शाखा ने अपने आठ दिवसीय कार्यक्रम के अंतिम दिन शनिवार को इंडोर स्टेडियम गुमला में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया। शिविर में सिविल सर्जन राजू कच्छप शामिल हुए। शिविर में टेक्नीशियन रिजवान अख्तर, विदुर भगत एवं जीएनएम नर्स इंद्रानी कुमारी ने अहम भूमिका निभायी। शिविर में लोगों के निशुल्क बीपी और शुगर की जांच की। शिविर में 55 लोगों ने अपना जांच करवाया और लाभ उठाया। इस शिविर में जिला खेल पदाधिकारी श्रीमति हेमलता बुन और व्यवसायी श्री नवल साबू अतिथि के रुप में आमंत्रित थे। शिविर में अध्यक्ष शिल्पा अग्रवाल, सचिव कांता साबू, कन्वेनर रूपा साबु, विभा अग्रवाल, बीना अग्रवाल, रंजीता पोद्दार उपस्थित थी। इसी के साथ युवा मंच के मंडलीय सहायक मंत्री युवा सुमित गाड़ोदिया, नटवर लाल अग्रवाल एवं भूषण नरसरिया उपस्थिति थी।

### मुर्हरम को लेकर पुलिस-पब्लिक मीटिंग



जारी। प्रखंड के गोविंदपुर गांव में मुर्हरम पर्व को लेकर चैनपुर सर्किल इंस्पेक्टर बैजु उरांव की अध्यक्षता में पुलिस पब्लिक की बैठक की गयी। इंस्पेक्टर ने कहा कि 29 तारीख को मुहर्रम का जुलूस शांतिपूर्वक निकालें। जुलूस में हुड़दंग या नशापान कर गलत नारे लगाने पर उसपर कानूनी कार्रवाई होगी। जारी थानेदार मनीष कुमार ने कहा कि सोशल मीडिया एवं फेसबुक में कोई भी व्यक्ति गलत मैसेज नहीं डालें। गलत मैसेज भेजने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। मौके पर गोविंदपुर सदर जियारूल अंसारी, रिजवान अंसारी, कलीम कुरैशी, सादिक खान, मोईन खान, सुल्तान खान आदि थे।

### एसपी ने किया कुरकुरा थाना का निरीक्षण



गुमला। पुलिस अधीक्षक डॉ ऐहतेशाम वकारिव ने शनिवार को कुरकुरा थाना का निरीक्षण किया। निरीक्षण में अभिलेखों व संचिकाओं की जांच की। निरीक्षण के क्रम में उपर्युक्त सभी संचिकाओं का अद्यतन करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। कुरकुरा थानांतर्गत सभी पंचायत भवनों पर रक्षक बीट सिस्टम लगाकर निगरानी रखेंगे। थाना क्षेत्र के जेल से बाहर आये अपराधियों की थाना हाजरी, डोसियर एवं निगरानी पंजी में अंकित व्यक्तियों पर क्यूआर कोड व रक्षक ई बीट पुलिसिंग से निगरानी रखने को कहा। निरीक्षण में एसडीपीओ बसिया, पुलिस निरीक्षक बसिया अंचल, थाना प्रभारी कुरकुरा, कामडारा, बसिया, पालकोट थाना अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### डबल इंजन सरकार की विफलता का संकेत है मणिपुर घटना : विजय सिंह

गुमला। झारखंड नवनिर्माण दल (जेएनडी) के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने मणिपुर में हो रहे लगातार हिंसा, अत्याचार की घटना खासकर दो महिलाओं को नग्न कर भीड़ द्वारा घुमाने की खबर के बाद कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि डबल इंजन की सरकार होने के बावजूद 2 महीने से ज्यादा दिनों से मणिपुर में हिंसा व लोगों पर अन्याय व अत्याचार हो रहा है। हद तो तब हुई जब 2 महिलाओं को नग्न कर भीड़ द्वारा घुमाने व उसके नग्न शरीर से खिलवाड़ करने की वीडियो वायरल हुई। श्री सिंह ने कहा कि न जाने इन दिनों तक मणिपुर में अशांति के दौरान क्या-क्या लोगों पर जुल्म ढाये जा रहे होंगे। इसके लिए केंद्र सरकार और मणिपुर में कथित तौर पर डबल इंजन की सरकार को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराते हुए डबल इंजन की सरकार को पूरी तरह से फेल बताया है।

### फुटबॉल टूर्नामेंट को लेकर हुई बैठक

लोहरदगा। जिला के भंडरा प्रखंड क्षेत्र के लालभीठा मैदान में युवा जागृति क्लब लालभीठा के तत्वावधान में आयोजित स्व लाल चंद्रमणि नाथ शाहदेव फुटबॉल टूर्नामेंट के सफल आयोजन हेतु एक आम बैठक रखी गयी। जिसमें भीठा, लालभीठा और आस पास के कई गांव के युवा कार्यकर्ता और सदस्यगण उपस्थित रहे। इस साल छठा स्व लाल चंद्रमणि नाथ शाहदेव फुटबॉल टूर्नामेंट 3, 4, 5 और 6 अगस्त को प्रतियोगिता करायी जायेगी। यह बैठक युवा जागृति क्लब और फुटबॉल टूर्नामेंट के अध्यक्ष राजा लाल के नेतृत्व में किया गया।

# भूमि सम्मान मिलने पर जिप अध्यक्ष ने डीसी को दी बधाई



खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। लोहरदगा जिले के उपायुक्त एवम उनके टीम को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के द्वारा भूमि सम्मान मिलने पर लोगो द्वारा लगातार बधाई दी जा रही है। इसी कड़ी में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी भगत ने उपायुक्त कार्यालय पहुंच कर लोहरदगा उपायुक्त डॉक्टर बाघमारे प्रसाद कृष्ण को पुष्पगुच्छ देकर बधाई दी। मौके पर उन्होंने कहा लोहरदगा जिला एक छोटा जिला है राष्ट्रपति के द्वारा ये सम्मान मिलना काफी गर्व को बात है। उपायुक्त महोदय के द्वारा जिला के सभी वर्ग के लोगों के लिय कई विकास के कार्य किए गए हैं। मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य पेशरार बिनोद खेरवार, पेशरार प्रमुख सीता देवी, आदिवासी छात्र संघ कुडू प्रखंड अध्यक्ष अवधेश उरांव, कुडू पंचायत उप मुखिया राहुल उरांव आदि उपस्थित रहे।

# वन क्षेत्र उजाड़ कर खेती करने वाले 13 पर मामला दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता




बारियातू। थाना क्षेत्र के विश्रामपुर व बारा ग्राम मे वन क्षेत्र को उजाड़कर अवैध तरीके से खेती करने वाले 13 लोगों पर भारतीय वन अधिनियम 1927 धारा 33 के तहत मामला दर्ज किया गया है. वन विभाग के प्रभारी फॉरेस्टर विजय शंकर शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया की शिबला पंचायत अंतर्गत विश्रामपुर ग्राम में वन भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए लवकुश सिंह, विनय उरांव, लुरक लोहरा सहित 13 अतिक्रमणकारियों पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

वहीं कई ग्रामीणों को समझाया गया और उन्हें चेतावनी दी गई कि भविष्य में इस तरह का वन अपराध ना करें अन्यथा नियम संगत कार्रवाई की जाएगी. वर्तमान समय में वन संपदा की रक्षा ही हमारा प्राथमिक लक्ष्य होना चाहिए. जिससे ग्रामीण वासियों के पशुओं के लिए चरागाह की उचित व्यवस्था एवं ग्रामीणों को वनोपज का उचित लाभ मिल सके। इधर भाटचतरा, बारा डहर, चैनपुपुर वन क्षेत्र के आसपास रहने वाले को हिदायत देते हुए दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से बताया है की यदि वन क्षेत्र मे जंगल उजाड़ कर खेती करते पकड़े गए तो वन अधिनियम के तहत शख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

प्रकृतिक को सुरक्षित रखने के लिए आप सभी ग्रामीण विभाग को सहयोग करें. प्रकृतिक के बिना मानव जीवन को जीना मुश्किल है इसलिए आप सभी जंगल उजाड़ने छोड़कर भविष्य के लिए घर-घर पेड़ अवश्य लगाएं।

# पड़वा प्रखंड के शैलेंद्र साव ओमान में बने हैं बंधक परिजन परेशान

### पिता ने झारखंड सरकार से लगायी मदद की गुहार



मेदिनीनगर। पलामू जिला के लोग रोजी रोटी एवं परिवार के भरण-पोषण को लेकर रोजगार की तलाश में भारत के विभिन्न राज्यों समेत विश्व के विभिन्न देशों में जाकर काम करने को मजबूर हैं। लेकिन जब लोग रोजगार को लेकर किसी कंपनी एजेंट या रोजगार मेला के माध्यम से बाहर जाते हैं। तो उन्हें घर वापस आने में पसीना छुटने लगता है। कारण की उस व्यक्ति को कंपनी वाले या रोजगार देने वाले संस्था उसे बंधक बनाकर रख लेता है। ऐसी ही घटना का उजागर पलामू जिला के पड़वा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गाड़ी खास पंचायत के टोला मुड़कटवा निवासी चंद्रदेव साव के पुत्र शैलेंद्र साव के साथ घटी है। वह 16 मार्च 2023 को रोजगार को लेकर ओमान देश गया था।जो घर का एकलौता पुत्र कमाने वाला है। उसे जाने के बाद उसके पत्नी दो बच्चे एवं माता पिता के भरण पोषण को लेकर कई प्रकार के परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जब ओमान में रह रहे शैलेंद्र को पता चला तो, उसने कंपनी से घर जाने की छुट्टी मांगी, तो कंपनी ने छुट्टी ना देकर उसे बंधक बना लिया। सूचना जब शैलेंद्र के पिता को पता चला तो उसने श्रम अधीक्षक पलामू को आवेदन देकर मांग किया है कि पुत्र को जल्द से जल्द झारखंड बुलाया जाये। चंद्रदेव ने झारखंड सरकार से भी गुहार लगाया है कि मेरा पुत्र को जल्द से जल्द वापस लाया जाये।

### ए के सिंह कॉलेज में वित्तीय अनियमितता पर गवर्नर ने लिया संज्ञान

हुसैनाबाद पलामू। एनपीयू अंतर्गत ए के सिंह कॉलेज जपला में विश्वविद्यालय नियमों-परिनियमों को ताक पर रखकर प्रभारी प्राचार्य एवं प्रबंधन द्वारा अवैध वित्तीय अनियमितता बरतने के मामले में विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति सह राज्यपाल ने गंभीरता से लेते हुए नीपी विवि, मेदिनीनगर को जांच का आदेश दिया है। राज्यपाल सचिवालय द्वारा जारी आदेश के पत्रांक एनपीयू-01/2023-1118/जीएस, दिनांक12 अप्रैल 23 के परिपेक्ष्य में निपि विवि के कुलपति ने एक जांच कमिटी का गठन कर वित्तीय अनियमितता की जांच कर अतिशीघ्र जांच प्रतिवेदन जमा करने का आदेश दिया है। इस आशय की एक अधिसूचना रजिस्टार द्वारा 13 जून को ही जारी की गई है।

# किराया में अत्यधिक बढ़ोतरी को लेकर वित्त मंत्री व राज्यसभा सांसद से मिले दुकानदार

खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। जिला परिसदन में शनिवार को झारखंड राज्य के वित्त मंत्री सह लोहरदगा विधायक डॉ रामेश्वर उरांव एवं राज्यसभा सांसद धीरज साहू से व्यवसाई संजय बर्म्मन के अगुवाई में नगर परिषद द्वारा आवंटित भूखंड तथा दुकान में गुदरी बाजार, बड़ा तालाब, सोमवार बाजार, पावरगंज, रेलवे साइडिंग व बरवाटोली के दुकानदारों के समूह ने मिलकर अपनी समस्या का निदान करने की गुहार लगायी।

दुकानदारों ने बताया कि परिषद द्वारा नोटिस देखकर दुकानों के किराए में अप्रत्याशित रूप से 700/ 800 प्रतिशत की बढ़ोतरी, सफाई स्कूल के नाम पर बगैर कभी नोटिस दिये 6 साल का 500 महीना की दर से एकमुश्त 35500



मंत्री और राज्यसभा सांसद से मिलते दुकानदार।

**खास बातें :** मौके पर मंत्री रामेश्वर उरांव व सांसद धीरज साहू ने मामले की गंभीरता को लेते हुए लोहरदगा अनुमंडल पदाधिकारी व शहरी विकास मंत्रालय के सचिव विनय चौबे से दूरभाष से वार्ता कर कहा कि लोहरदगा रांची नहीं है, तथा यह छोटा शहर है। साथ ही यहां सभी छोटे छोटे दुकानदार हैं, यहां कोई इंडस्ट्रीज नहीं है। इसलिए किराया को संशोधित किया जाए, साथ ही साथ डॉ उरांव ने दुकानदारों से कहा कि वे 25 तारीख को मंत्रिमंडल की बैठक में भी इस बात का जिक्र करेंगे तथा किसी भी दुकानदार के साथ अन्याय नहीं होगा। मौके पर दुकानदार संजय बर्म्मन, नईम अंसारी, लालू साहू, अमजद अंसारी, विनोद अग्रवाल, हसनैन अली, विनय शर्मा, सऊद आलम, विवेक सिंघल, शकील अंसारी, अभिषेक अग्रवाल, आशिक अंसारी, टीपू सुल्तान, रवि मेहता, मो अनवर भी थे।

जमा करने, दुकानों को सिर्फ पति पत्नी और बेटा द्वारा ही दुकान संचालित करने आदि कई तरह के कागजात जमा करने एवं सभी प्रकार के राशि 3 दिनों के अंदर जमा करने का आदेश दिया गया है, अन्यथा परिषद दुकानों को सील करके नीलाम कर देगी।

# सम्मान समारोह में 2,000 से अधिक विद्यार्थी सम्मानित

- वित मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव और राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू हुए शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता






कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित और सम्मान समारोह का उद्घाटन करते अतिथि।

लोहरदगा। जिले के बी एस कॉलेज सभागार में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह का उद्घाटन वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, एसपीआर रामकुमार और विकास आयुक्त समीरा एस ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मैट्रिक इंटर और राष्ट्रीय पटल पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रतिभा सम्मान समारोह में मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व बीएस कॉलेज के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से भारत के विभिन्न प्रदेशों के नृत्य संगीत अपने प्रतिभा को दर्शाया। वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि शिक्षा से बेहतर जिंदगी बनती है। शिक्षा के प्रति जिले के बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने में ये कार्यक्रम काफी मददगार साबित होगा। राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि लोहरदगा जिला में अब तक का यह सबसे बड़ा सम्मान समारोह है। ऐसे आयोजन से पढ़ाई के प्रति बच्चों में और आकर्षण बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि जिले में पढ़ाई के स्तर में और सुधार के लिए राज्य सरकार लगातार कार्य कर रही है। बताते चले की इस कार्यक्रम में लगभग 2,000 से अधिक छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया है। इस प्रतिभा सम्मान समारोह में 70% से अधिक अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। मौके पर काफी संख्या में छात्र छात्राए और अभिभावक मौजूद थे।

### गुमला में बाइक के धक्के से दो लोग घायल

गुमला। गुमला थाना क्षेत्र के अंबेराडीह स्थित एफसीआई गोदाम के पास सड़क पार कर रहे दो लोगों को बाईक ने धक्का मार दिया। दुर्घटना में इंदर सदा और संजय सदा दोनों दरभंगा निवासी घायल हो गये। घटना के बाद मोटरसाइकिल चालक मौके से फरार हो गया। घटना में दोनों व्यक्ति को हाथ पैर और शरीर के अन्य हिस्से में काफी चोट लगी है। घटना के बाद एफसीआई गोदाम के दूसरे मजदूरों द्वारा दोनों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जाता है कि दोनों मजदूर बिहार के दरभंगा के रहने वाले हैं और एफसीआई गोदाम में मजदूरी का काम करते हैं।

### दुष्कर्म का फरार आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

गुमला। पालकोट पुलिस ने महिला के साथ दुष्कर्म करने के फरार आरोपी गोनमेर नागोटोली निवासी 25 वर्षीय राधे लोहरा पिता केश्वर लोहरा को उसके घर से गिरफ्तार कर गुमला जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया आरोपी गोनमेर निवासी ने घर में अकेले पाकर महिला से जबरन दुष्कर्म किया था। जिसके बाद पिछले माह महिला ने पालकोट थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। वहीं आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर उसके घर में छापामारी कर शुक्रवार को उसको गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### मणिपुर घटना : महिला कांग्रेस ने पीएम का फूंका पुतला



लोहरदगा। जिला महिला कांग्रेस के अध्यक्ष सीमा परवीन के नेतृत्व में मणिपुर की अमानवीय घटना को लेकर शहर के पावर गंज चौक के पास पीएम मोदी का पुतला दहन किया गया। मौके पर कहा गया कि मणिपुर में लगातार महिलाओं पर अत्याचार के खिलाफ देश के पीएम मोदी मौन साधे हुए हैं। मौके पर पेसरार के प्रखंड अध्यक्ष बिनोद सिंह खेरवार, जिप पेसरार रूबी कुमारी, किस्को प्रखंड अध्यक्ष पुनिता देवी, कुडू प्रखंड अध्यक्ष किस्मती देवी, बबिता देवी, सुशीला देवी, इंदू कुमारी, ममता देवी, रीना देवी, आरती देवी, सुरबाला देवी, रीता देवी, रेखा देवी मौजूद थे।

### बच्चों के संरक्षण में समाज की भूमिका अहम : एक्का

लोहरदगा। जिले के सदर प्रखंड के मन्हो पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय बंजार किस्को में होप एवं माई चॉइसेस फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में सुरक्षित गांव कार्यक्रम चला। इसके द्वारा किशोर किशोरियों को सुरक्षित माहौल प्रदान करने हेतु गांव से हो रहे असुरक्षित पलायन, ड्रॉपआउट बच्चों को स्कूलों से जोड़ना, मानव दुर्व्यपार आदि से बचाना है। मनोरमा एक्का ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए मानव व्यपार, सुरक्षित स्पर्श असुरक्षित स्पर्श, बाल विवाह, बाल मजदूरी और उनके कर्तव्य आदि पर विस्तार से बताया।

## भगवान शिव हैं तो जीव है अन्यथा दुनिया निर्जीव : मेहता

सतबरवा। ट्रेनिंग कॉलेज के मैदान में शनिवार को क्षेत्रीय शिव गुरु परिचर्चा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान शिव की पूजा अर्चना कर किया। उन्होंने कहा कि भगवान शिव है तो ही जीव है, अन्यथा शिव नहीं है तो संसार निर्जीव है। उन्होंने कहा कि देवों के देव महादेव सबका कल्याण करते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान शिव के सबसे बड़े उपासक हरिंद्रानंद जी और बहन दीदी नीलम के सहयोग से आज शिव गुरु परिचर्चा पूरे विश्व में फैला है। महादेव अंतयार्मी है। वे लोगों के दिलों में बसते है। उन्होंने कहा कि निश्चल प्रेम भाव से भगवान शिव का नाम लेने से वे सभी का कल्याण करते हैं। इस मौके पर शिव गुरु परिचर्चा के मुख्य आयोजक सनन राम, बहन मंजू देवी, व्यवस्थापक संजय लाल, लीलू सिंह, सुरेंद्र पाठक, योगेंद्र भुईया के सहयोग से शिव परिचर्चा के साथ भजन, प्रवचन का कार्यक्रम दिन भर चला।

## बरसात में नेतरहाट का मौसम खुशनुमा



खबर मन्त्र संवाददाता

महुआडांड। रविवार को नेतरहाट में दोपहर बाद नेतरहाटऔर महुआडांड़ मे कोहरा छाये थे। आसमान में बादलों का उमड़ घुमड़ जारी है।सर्द हवा चलने लगी और ठंड बढ़ गई है। बादल छाए रहने से नेतरहाट घूमने आये पर्यटक नैनाभिराम सूर्यास्त-सूर्योदय का नजारा नही देख पाये। स्थानीय ग्रामीणो कहना है, कि मौसम खुलने के बाद नेतरहाट का मौसम और खुशनुमा हो जाएगा।

कारगिल विजय दिवस पर डीएवी पब्लिक स्कूल में 25 पुश-अप्स चैलेंज

# कारगिल युद्ध में दिखा भारतीय सशस्त्र बलों की अदम्य भावना और साहस का प्रदर्शन : रमाकांत

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। कारगिल विजय रजत जयंती 2023-24 और 24 वां कारगिल विजय दिवस मनाने तथा सैन्यवीरों को श्रद्धांजलि देने के लिए टूप संख्या 18/46 झारखंड बटालियन एनसीसी डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला द्वारा 25 पुश-अप्स चैलेंज का आयोजन किया गया। इसके लिए 46 झारखंड बटालियन एनसीसी गुमला कमान अधिकारी कर्नल नवीन कुमार ने कैडेट्स को बधाई दी है। प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहू ने सहायक एनसीसी अधिकारी अभिजीत झा को 25 पुश-अप्स फिनिशर मेमेंटो देकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि 1999 के युद्ध में भारतीय सेना की जीत को दर्शाने के लिए 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है। यह उन बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि का दिन है। जिन्होंने देश की सीमाओं की रक्षा के लिए वीरतापूर्वक लड़ाई लड़ी। युद्ध ने भारतीय सशस्त्र बलों की अदम्य भावना और साहस का प्रदर्शन किया था।



कार्यक्रम में शामिल एनसीसी कैडेट्स।

**कार्यक्रम की खास बातें**

उन्होंने कैडेट्स से कहा कि यदि आप मन लगाकर पढ़ाई करेंगे और नियमित व्यायाम करेंगे तो कल देश के वीर नागरिक बनेंगे। एएनओ अभिजीत झा ने कहा कि इस एक्टिविटी का उद्देश्य कारगिल विजय रजत जयंती का स्वागत, कारगिल युद्ध के नायकों को श्रद्धांजलि, कैडेटों में देशभक्ति को प्रोत्साहित करना, फिट-इंडिया के लिए फिटनेस और शक्तिअर्जन के लिए प्रेरित करना करना है। 25 जूनियर डिवीजन तथा 25 जूनियर विंग कैडेटों ने 25 पुश-अप्स के 2 सेट किये। कार्यक्रम में सार्जेंट ताशा झा, कारपोरल प्रीति कुमारी, लांस कारपोरल श्रेयांशी अग्रवाल, कैडेट ओम कुमार आदि ने भाग लिया

यौन हमले व सामूहिक बलात्कार के खिलाफ पूरे देश में आक्राश का माहौल

# कोडरमा में भाकपा माले ने निकाला प्रतिवाद मार्च, शाह का पुतला फूंका



जयनगर (कोडरमा)। माले प्रखंड कमेटी की ओर से पिपचो बाजार से पेट्रोल पंप तक प्रतिवाद मार्च व केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया गया। जिसका नेतृत्व पार्टी के प्रखंड सचिव अशोक यादव, मध्य जोन लोकल कमेटी सचिव असगर अंसारी ने किया। यह मार्च बाजार होते हुए चौक पर सभा में तब्दील हो गया। वहीं सभा को संबोधित करते हुए पार्टी जिला सचिव राजेंद्र मेहता, एक्टू जिला सचिव विजय पासवान ने कहा कि मणिपुर पिछले दो महीने से जल रहा है। वहां सैकड़ो हत्याएं हो रही है और भाजपा के डबल इंजन की सरकार तमाशबीन बनी हुई है। इतना ही नही जब पिछले दो दिन पहले एक ऐसा वीडियो शोशल मीडिया पर वायरल हुआ जो कि पूरे देश को राष्ट्रीय शर्मसार कर दिया और आज पूरे देश में मोदी सरकार के खिलाफ आक्रोश बना हुआ है। उक्त विडियो में आदिवासी समुदाय के दो महिलाओं को निवस्त्र कर परेड करवाया गया और भीड़ द्वारा उन महिलाओं के साथ क्रूरता पूर्वक छेड़छाड़ किया गया। उक्त महिलाओं के साथ सामुहिक बलात्कार भी किया गया है और यह घटना तब हुई जब देश के गृहमंत्री अमित शाह और मणिपुर के मुख्यमंत्री ने एक सभा किया था। वहीं राज्य कमेटी सदस्य मो. इब्राहिम, जिला कमेटी सदस्य मुन्ना यादव ने कहा कि विडियो से साफ साफ पता चलता है कि भाजपा के शासन काल में ऐसे रेपिष्टों और विभत्सक घटनाओं को अंजाम देने वाले तवों का मन बढ़ा हुआ है। इसलिए पूरे देश में एक आक्रोश का माहौल है और यह आक्रोश भाजपा जैसे जुमला फैलाने वाली पार्टी को उखाड़ फेंकने की जरूरत है।

स्पीड न्यूज

## धनबाद में पेड़ से लटका मिला महिला का शव

**धनबाद।** बलियापुर थाना क्षेत्र इलाके के झरिया-बलियापुर मुख्य सड़क मार्ग पर स्थित परघा नया टोला के पास एक महिला का शव बरामद किया गया है। महिला की पहचान प्रधानखांता की रहने वाली 45 वर्षीय शिवानी देवी के रूप में की गई है। आशंका जताई जा रही है कि महिला की हत्या की गई है। शव को पुलिस अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर दिया है और आगे की जांच में जुट गई है।

## पुनर्वास तक पानी उपलब्ध कराये प्रबंधन

**झरिया।** जब तक नहीं बसाया जाता तब तक पानी की मुहैया करवाया जाए क्योंकि ब्लास्टिंग के कारण पड़ी दरारों के कारण दर्जनों कुआं एवं तीन तलाब पूरी तरह से सूख गए हैं लोगों को पानी की घोर किल्लत झेलनी पड़ रही है हम कोयला निकालने का विरोधी नहीं है इसके लिए किसी की जान से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेंगे मेरे लिए यहां की जनता प्रिय है उनकी सुरक्षा की जिम्मेवारी पर ध्यान दें अवसर पर सुबोध सिंह, हरेंद्र यादव,चंदन महतो, वीरेंद्र यादव, शिव प्रकाश सिंह, सरोज शर्मा सुनील पासवान,जोगिंदर महतो, अनिल सिंह शत्रुघ्न सिंह,धर्मेंद्र यादव, दुर्गेश महतो अमजद अंसारी,सहित सैकड़ों लोग थे।

## गोमो : छात्राओं के बीच संविधान पुस्तक का वितरण

**गोमो।** संविधान के प्रति जागरूकता पैदा करने को लेकर तोपचांची मदयडीह बिनोद बिहारी महतो महिला इंटर महाविद्यालय के छात्राओं के बीच शनिवार को संविधान की बुक देखकर जागरूक किया गया। मौके पर प्राचार्य उत्तम कुमार महतो ने बताया कि संविधान के बारे में छात्राओं को अभी से ही जानकारी होना चाहिए। इस उद्देश्य के तहत छात्राओं के बीच संविधान के पुस्तक वितरण किया गया। मौके पर प्रचार उत्तम कुमार महतो, शिक्षक धीरजू प्रसाद महतो, राजेश कुमार महतो, बलदेव प्रसाद महतो, बानेश्वर टू डू, सरिता गुप्ता, फरहत अंजूम, मुकेश कुमार उपस्थित थे।

## शिविर में 300 लोगों के नेत्र की हुई जांच

**धनबाद।** धनबाद माड़वाड़ी युवा मंच के द्वारा शनिवार को निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। नेत्र जांच शिविर में क्षेत्र के आसपास के वृद्ध व्यक्ति, युवा वर्ग, महिलये युवतियों ने हिस्सा लिया। नेत्र जांच शिविर में 300 लोगों का आंखों की जांच करने का लक्ष्य रखा गया। जहां डॉक्टरों की टीम आंखों की जांच किये।

## मणिपुर की घटना के खिलाफ पीएम का पुतला दहन



**जमशेदपुर।** मणिपुर की घटना के विरोध में शनिवार को जेएमएम मानगो नगर समिति द्वारा डिमना चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया। मौके पर जेएमएम नगर समिति अध्यक्ष फतेह चंद्र टुडू ने कहा कि देश में जिस प्रकार आदिवासी महिलाओं पर अत्याचार हो रहा है, जेएमएम उसका विरोध करता है. मणिपुर मध्यप्रदेश में जिस प्रकार आदिवासी महिलाओं पर अत्याचार हो रहे है। हम उसको बर्दाशत नही करेंगे। वहीं जेएमएम नेता बाबर खान ने कहा कि मणिपुर की घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है। एक तरफ केंद्र सरकार द्वारा बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओं का नारा दिया जाता है और वहीं दूसरी तरफ पूरे देश में महिलाओं के साथ कुत्य हो रहा है और गृहमंत्री मौन है।

## मदरसा दारुस सलाम के सचिव हाजी असरफ ने दिया इस्तीफा



**जमशेदपुर।** मानगो आजादनगर की सब से पुराना मदरसा दारुस सलाम के सचिव हाजी अशरफ अली अंसारी ने मदरसा के सचिव पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने यह इस्तीफा मदरसा के अध्यक्ष डॉ नूरजमां खान को सौंपा जो स्वीकार कर लिया गया है। अशरफ अली ने कपाली के मदरसा जामियतुन निसा के कोषाध्यक्ष से भी अपना इस्तीफा मदरसा के अध्यक्ष डा .नूरजमां खान को सौंपा।

# भाजयुमो ने बाइक रैली निकाल केंद्र सरकार की उपलब्धियों को गिनाया

**जनसंपर्क अभियान**

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** भाजयुमो प्रदेश प्रवक्ता प्रियंका रंजन के नेतृत्व में महाजनसंपर्क अभियान के तहत विशाल मोटर साइकिल यात्रा निकाली गई जिसमे मोदी सरकार के 9 साल की उपलब्धियों के पर्चे बांट कर 9090902024 पर मिस कॉल कराया गया। कार्यक्रम की शुरूआत धनबाद के विधायक राज सिन्हा, निवर्तमान महापौर चंद्रशेखर अग्रवाल जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष हरि प्रकाश लाटा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश राही तथा अन्य नेताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पित कर प्रारंभ की। मौके पर धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने कहा माननीय प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी का 9 वर्षों का कार्यकाल बेमिसाल रहा इस कार्यकाल में देश का अभूतपूर्व तथा ऐतिहासिक विकास हुआ। निवर्तमान महापौर चंद्रशेखर अग्रवाल ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यकाल मैं देश आत्मनिर्भर हुआ और आर्थिक रूप से सशक्त हुआ। जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने कहा की प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में युवाओं को हर दृष्टिकोण से सशक्त करने का कार्य किया। दस लाख सरकारी नौकरी मिलने की प्रक्रिया हो रही है।और मुद्रा योजना के माध्यम से करोड़ों युवाओं को आत्मनिर्भर करने का कार्य हुआ। पूर्व जिला अध्यक्ष हरि प्रकाश लाटा ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यकाल में देश मैं परिवहन व्यवस्था मजबूत हुई। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश राही ने कहा की प्रधानमंत्री जी का कार्यकाल से देश का किसान और कृषि मजबूत हुआ है। भाजयुमो प्रदेश प्रवक्ता प्रियंका रंजन ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल के क्रियाकलाप से युवाओं में उत्साह और विश्वास की कमी हुई थी लेकिन 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार आने के बाद युवाओं के हित में अनेकों कार्य हुए धनबाद में ही केंद्र की सरकार ने आईएसएम को आईआईटी बनाकर एक ऐतिहासिक कदम उठाया। धनबाद शैक्षणिक दृष्टि सेऔर मजबूत हुआ। भाजयुमो प्रदेश प्रवक्ता प्रियंका रंजन के नेतृत्व में शहीद रणधीर वर्मा चौक से बैंक मोड जे. पी चौक तक मोटर साइकिल यात्रा निकाली गई।

### बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर यात्रा का शुभारंभ

महात्मा गांधी जी ,शहीद रणधीर प्रसाद वर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर यात्रा का शुभारंभ किया गया। यात्रा के दौरान मोदी सरकार के 9 वर्षों की उपलब्धि का पर्चा वितरण किया गया। रास्ते में विवेकानंद चौक , गांधी चौक, श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक, सुभाष चौक, बिरसा मुंडा चौक, जे. पी चौक पर माल्यार्पण कर यात्रा का समापन किया गया। इस अवसर पर जिला महामंत्री नितिन भट्ट,संजय झा,मानस प्रसून, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमलेश सिं,हवीरू हांसदा, मिल्टन पार्थसारथी,पूर्व पार्षद प्रिय रंजन मौसम सिंह, राज कुमार मंडल, अमरजीत, राजीव रंजन,विजय सैनी, दीपक झा, मुकेश सोनी, विभा सिंह, जयंत चौधरी ,तमाल राय, नित्यानंद मंडल, रवि मिश्रा, अवध बिहारी, मोहित मिश्रा, बेबी यादव, मोंटी सिंह ,कमल किशोर, रंजन गुप्ता, गोलू सिंह, सुशांत, जीत सोनी, राहुल, विवेक, प्रशांत सहित सैंकड़ों युवा उपस्थित थे।

## अशोक झा एंड टीम ने संभाली रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर मिडटाउन की कमान



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर मिड टाउन के अध्यक्ष, सचिव और बीओडी का 38वां पदस्थापना समारोह 22 जुलाई को केनेलाइट होटल में आयोजित किया गया। इस अवसर पर आईपीडीजी आरटीएन संजीव ठाकुर मुख्य अतिथि थे और पीडीजी आरटीएन प्रतिम बनर्जी कार्यक्रम के इंस्टालेशन अधिकारी थे। आरंभ में निवर्तमान राष्ट्रपति ने उपस्थित लोगों का स्वागत किया। फिर उन्होंने पिछले वर्ष की गतिविधियों की एक झलक दी और योगदान देने वाले सदस्यों को पुरस्कार प्रदान किए। निवर्तमान अध्यक्ष, आरटीएन शंकर पाठक और सचिव, आरटीएन प्रीति सैनी ने आगामी अध्यक्ष, आरटीएन डा. अशोक झा और सचिव, आरटीएन डाज़्योति सिंह को कमान सौंपी। स्थापना अधिकारी ने आरसीजेएमटी के नए अध्यक्ष, सचिव और बोर्ड सदस्यों को शामिल किया। नए बीओडी में अध्यक्ष के रूप में आरटीएन डा. अशोक झा, सचिव के रूप में आरटीएन डा. ज्योति, संयुक्त सचिव शामिल हैं। सचिव आरटीएन डॉ एकता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आरटीएन सरोज झा, निदेशक जनसंपर्क एवं छवि आरटीएन प्रीति सैनी, निदेशक सदस्यता आरटीएन राजेश्वर जयसवाल, निदेशक साक्षरता आरटीएन शिवा राव शामिल हैं।

## साथ जीने-मरने की कसम पूरा करने के लिए जहानाबाद से लोयाबाद पहुंची लड़की, की शादी

खबर मन्त्र संवाददाता



**लोयाबाद।** लोयाबाद पावर हाउस के लडका और जहानाबाद के लडकी का प्यार परवान चढते ही दोनो ने ही भागकर दिल्ली मे शादी रचाकर एक हो गये। वही जहानाबाद के लडकी ने बताया कि हम दोनो ने मंदिर मे हिन्दू रिति रिवाज से शादी अपने मर्जी से की है लेकिन इस प्रेम प्रसंग मे विवाद उस समय आ गया जब लड़की के मां भाई और बहन ने लोयाबाद आकर लडकी को अपने साथ ले जाने लगा। लडकी ने अपने मां भाई के साथ जाने से साफ इंकार कर दिया और अपने पति वॉवी के साथ ही रहने की इच्छा जताई । मामला बिगडता देख दोनो ही लोग वार्ड नम्वर आठ के पार्षद के पास पहुंचे पार्षद महावीर पासी ने जहानाबाद के लडकी को बहुत ही समझाने का प्रयास किया गया लेकिन लडकी मानने को तैयार नही है। भीड़ को देखकर लोयाबाद पैट्रोलिंग पार्टी भी पहुंचकर मामला को समझ कर दोनों ही पक्षों को समझाने का भरपुर प्रयास किया लेकिन लडकी और लडका दोनो ही साथ ही रहना चाहते है। ज्ञातव्य है कि लडका और लडकी दोनो ही एक ही जाति के है लडका वॉवी के चचेरा भाई का साली है वही लडकी का कहना है कि मेरे घरवाले मेरी शादी कही और कर देना चाहते थे जो मुझे पसन्द नही है। मै पिछले एक साल से वॉवी कुमार से प्यार है और हमदोनों ही एक साथ रहना चाहते है, लेकिन फिर भी मेरे परिवार के लोग साथ रहने नही देते है। उपस्थित लोगो ने भी काफी समझाने का प्रयास किया लेकिन दोनो ही नवविवाहित जोडा साथ जीने और मरने को तैयार है।

## मध्य विद्यालय खैराचातर के लिए स्थायी अध्यक्ष के चुनाव की मांग

**विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने लिखा पत्र**

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के मध्य विद्यालय खैराचातर में तत्काल अध्यक्ष के स्थान पर स्थायी अध्यक्ष का चुनाव कराने के संदर्भ में कसमार प्रमुख नियोति कुमारी को विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने पत्र लिखा है कि एसएमसी के उपाध्यक्ष दीपाली देवी को ही तत्काल अध्यक्ष पद पर रखा गया था और अभी तक स्थायी अध्यक्ष का चुनाव नहीं किया गया है। वर्तमान अध्यक्ष दीपाली देवी मनमानी ढंग से काम करती है। इस संदर्भ में कसमार प्रमुख नियोति कुमारी ने बताया कि कई माह पूर्व एसएमसी के सदस्यों ने इस विषय पर पत्र दिया था। गंभीरता से लेते हुए मैंने कसमार के प्रभारी बीईओ घनश्याम साहु को कई बार कहा है, पर अभी तक अध्यक्ष पद के लिए स्थायी चुनाव नहीं कराया गया। अगर एक सप्ताह के अंदर स्थायी अध्यक्ष पद का चुनाव नहीं होने पर बोकारो उपायुक्त को पत्र लिखेंगे। प्रभारी बीईओ घनश्याम साहु ने कहा कि व्यस्त कार्यक्रम रहने के कारण नहीं करा पायें है, लेकिन आने वाले सप्ताह में हर हाल में अध्यक्ष पद का स्थायी चुनाव करा दिया जाएगा। मुद्दे पर विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य आनंद कुमार दे, जटल अड्डी, प्रह्लाद राय, अशोक कालिंदी, गोपाल दे, कविता देवी, सिदमुनी देवी, सीता देवी ने नाराजगी व्यक्त की है तथा शीघ्र अध्यक्ष पद का स्थायी चुनाव कराने की मांग कर रही है।

### एक नजर में

## महिलाओं का सावन मिलन समारोह



**बोकारो।** बोकारो इस्पात नगर के स्थानीय सेक्टर-3 की महिला मंडली ने सावन मिलन समारोह का आयोजन किया। हरे परिधान में सजी-संवरी महिलाओं ने इस अवसर पर गीत-संगीत व नृत्य की विभिन्न मनोरंजक स्पर्धाओं का आनंद लिया। मौके पर अमृता, अंकिता, पूनम, रेखा, सीमा, पौली, सोनी, सुनीता, चंचला, नूतन, बेबी, मीरा आदि मौजूद रहीं।

## विधायक के कार्यों को आमजनों तक पहुंचायें



**बाघमारा।** खानुडीह पंचायत के ग्रामीणों की बैठक शनिवार को जमुनिया नदी तट स्थित महादेवगढ़ा में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य रुप से उपस्थित समाजसेवी राजू कुमार शर्मा ने कहा कि बाघमारा विधायक ढुलू महतो द्वारा अब तक विधानसभा तथा विधानसभा के बाहर क्षेत्रों में जनमानस के कल्याण को लेकर जितना भी कार्य किया गया है। उक्त सभी कार्यों की जानकारी आमजनों तक पहुंचाने की जरुरत है। इस दौरान क्षेत्र में बेरोजगारी तथा आमजनों की समस्या के निदान पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। बैठक में मजूद लोगों ने संकल्प लिया कि आगामी विधानसभा हो या लोकसभा का चुनाव ढुलू महतो को भारी मतों से विजयी बनाने का काम करेंगे। मौके पर खानू महतो,राजेश रविदास,अमृत मांझी,प्रवीण पाण्डेय,नरेश ठाकुर,विष्णु महतो,संदीप ठाकुर,नेपाल महतो,राजेंद्र महतो (बाना),सुरेश मरांडी,जागेश्वर रवानी, अमरीश, धीरन,शंकर नापित,संजय महतो, सुनील मंडल सहित अन्य शामिल थे।

## बैंक ऑफ बड़ौदा में कारु कृति कार्यशाला का उद्घाटन

**जमशेदपुर।** बैंक ऑफ बड़ौदा के 116वीं वर्षगांठ के अवसर पर आज दिनांक 21 जुलाई, 2023 को क्षेत्रीय कार्यालय जमशेदपुर द्वारा आपने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए चेतनसिका, बरकेला, चाईबासा में जमशेदपुर स्थित गैर सरकारी संस्थान 'कलामंदिर' के संयोजन में कारू कृति कार्यशाला का उद्घाटन किया गया। इस कार्यशाला का मूल उद्देश्य गांव के लघु उद्यम के साथ आदिवासियों के लिए सतत रोजगार के उद्यम को स्थापित करना एवं प्रोत्साहित करना है। इस कार्यशाला के माध्यम से कारीगरों के लिए रोजगार उन्मुख प्रयासों, उपकरणों, शेड आदि का प्रायोजन पूर्ण रूप से बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा किया गया। इस प्रायोजन व्यवस्था में बैंक ऑफ बड़ौदा की बड़ाजमदा, चाईबासा, चाईबासा महुलसाई, चक्रधरपुर एवं जगन्नाथपुर शाखा का योगदान रहा। उद्घाटन सत्र में बैंक के अधिकारियों द्वारा बैंक के विभिन्न ऋण योजनाओं एवं व्यवस्थाओं का विवरण दिया गया। समारोह में बैंक ऑफ बड़ौदा जमशेदपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख मनीष प्रकाश सिन्हा सहित अन्य मौजूद थे।

## बच्चों के बीच स्कूल बैग और बोतल का वितरण

**बोकारो महिला समिति ने किया वितरण**

खबर मन्त्र संवाददाता




बोकारो। बोकारो महिला समिति द्वारा काशी झरिया ग्राम में गरीब स्कूली बच्चों के बीच स्कूल बैग तथा वाटर बॉटल्स का वितरण किया गया। समिति की अध्यक्ष अनिता तिवारी, उपाध्यक्ष निशा श्रीवास्तव, मोनिका रंगानी, अलका श्रीवास्तव, प्रीति शरण, इति रथ ने ग्रामवासियों तथा उनके बच्चों से बातचीत कर विभिन्न पहलुओं पर जानकारी ली। महिला समिति के द्वारा स्कूल के प्रांगण में पौधरोपण भी किया गया। ग्रामवासियों में महिला समिति द्वारा उत्पादित साबुन भी वितरित किए गए और उन्हें स्वच्छता के महत्व से अवगत कराया गया। मौके पर समिति की सचिव वंदना झा, उप सचिव एवं विद्यालय प्रभारी ऋचा प्रियदर्शिनी, कोषाध्यक्ष श्रीमती रीता रानी, सांस्कृतिक सचिव श्वेता वर्मा तथा कार्यकारिणी समूह की अन्य सदस्या कुमुद सिंह, पुष्पा भरतीया, अभिरुचि प्रिया, अनीशा झाए प्रीति राजेश उपस्थित थे।

## समान नागरिक संहिता देश की अखंडता के लिए खतरनाक : दुलाल भुइयां

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** 21 जुलाई को ऑल इंडिया माइनोरिटी सोशल वेलफेयर फ्रंट के द्वारा आयोजित जनाक्रोश सर्वधर्म सभा पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए दुलाल भुइयां ने कहा कि देश का संविधान बाबा भीमराव अंबेडकर के बनाए हुए पर चलता है। एक देश में एक कानून की बात करने वाले को बताना होगा ऊंची जाति और नीचे जाति कुछ सम्मान अधिकार मिलेगा या फिर वही अपमानित वाली जिंद्गी दलित समाज जीने को मजबूर होगी कहा देश के संविधान को किनारे कर भाजपा और आरएसएस अपने एक्शन प्लान पर भारत वासियों को चलने के लिए मजबूर कर रही है जिसे हम कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस मौके पर अधिवक्ता कुलविंदर सिंह ने कहा कि किसी की भी धर्म चाहे वह मुस्लिम हो या हिंदू लोग हो इस पर छेड़छाड़ की बात करना असंभव है। यह मामला उच्चतम न्यायालय जाएगा जहां सरकार की मनसा सफल नहीं होगी। अधिवक्ता सीमा सिंह ने कहा कि धार्मिक पुस्तक या किसी के धार्मिक मामले हस्तक्षेप बिना उनके धार्मिक गुरु के सहमति से नहीं की जा सकती इसका विरोध हर जगह और हर समाज के लोग कर रहे हैं केवल वोट की राजनीति के लिए यूसीसी जैसे शब्द को लाकर लोगों को मजबूर करने का काम किया है।

## कोल्हान वन प्रमंडल ने बासाकुट्टी गांव में मनाया 74वां वन महोत्सव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** कोल्हान वन प्रमंडल,चाईबासा के तत्वावधान में 74 वां वन महोत्सव बासाकुट्टी गांव में मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में दशरथ गगराई, खारसावां विधान सभा क्षेत्र, विशिष्ट अतिथि सिद्धार्थ होनहागा, प्रखंड प्रमुख, खुटपानी थे। कार्यक्रम की शुरूआत पौधारोपण व दीप प्रज्वलित के साथ सभी अतिथियों को पौधा देकर की गई। विधायक दशरथ गगराई ने अपने संबोधन में कहा कि आज विकास के दौर में पर्यावरण के संरक्षण हेतु सभी लोगों को आगे आना चाहिए हमारी थोड़ी सी प्रयास है। कोल्हान वन प्रमंडल पदाधिकारी अभिषेक भूषण ने अपने संबोधन में कहा कि 1950 में के. एम मुंशी के द्वारा वन महोत्सव की शुरुआत की गई। आने वाली पीढ़ी के लिए प्रातिक संपदा का पारंपरिक तरीके से उपयोग किया जाना चाहिए ताकि भविष्य में भी आने वाली पीढ़ियां इसका उपयोग कर सकें। बिरसा तिउ ने कहा कि विकास के साथ पर्यावरण का संरक्षण करना अति आवश्यक है। विकास एवं पर्यावरण एक दूसरे के पूरक है हमें दोनों को एक साथ लेके चलना है। दोपई मुखिया, धर्मेंद्र बोदरा ने कहा कि वनों के होने से धरती पर संतुलन बना रहता है।

## सावन महोत्सव में आशा सिंह सावन क्विन घोषित



**जमशेदपुर।** जली ग्रुप द्वारा सावन महोत्सव का आयोजन होटल गंगा रिजेंसी में किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने भाग लिया एवं सावन के संगीत पर नृत्य का जमकर लुत्फ उठाया। उक्त अवसर पर अनेक कार्यक्रम जैसे हजी, घंटी एवं सावन का झुला के कार्यक्रम का भी आनन्द उठाया। हजी में किरण एवं राजेश्वरी विजयी रहें। घंटी में प्रिति एवं ज्योति विजयी रहीं। उक्त कार्यक्रम में सभी महिलाएं हरे रंग की साड़ी एवं श्रृंगार में उपस्थित थीं। कार्यक्रम के अंत में सावन क्वीन के रूप में आशा सिंह का चयन हुआ और उन्हें सावन क्वीन की क्राउन पहनाया गया। उक्त सावन क्वीन के रूप में चयनित होकर आशा सिंह ने कहा कि वास्तव में मुझे सावन क्वीन के रूप में क्वीन जैसा ही महसुस हो रहा है। हमने इस कार्यक्रम के लिए अलग से कोई तैयारी नहीं की थी। उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन में जली शुक्ला, वंदना मिश्रा, सुचित्रा गुप्ता, प्रमिला सिंह, पूनम रे एवं विनिता मिश्रा सहित अन्य महिलाओं का सराहनीय योगदान रहा।

## वाराणसी में सत्याग्रह कर रहे गांधीवादी अरविंद अंजुम समेत कई गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** गांधी विद्या संस्थान,वाराणसी कैंपस पर वाराणसी कमिश्नर द्वारा कब्जे के खिलाफ दो माह से सत्याग्रह कर रहे गांधीवादी अरविंद अंजूम समेत अन्य गांधीवादियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया है। इस पुलिसिया एवं प्रशासनिक अत्याचार के खिलाफ जमशेदपुर के गांधीवादी और उनके समर्थक रविवार को सुबह 10 बजे से साकची बिरसा मुंडा गोलक्कर के पास सत्याग्रह करेंगे। यह जानकारी गांधीवादी कार्यकर्ता सुखचंद्र झा ने दी है। झा ने बताया कि सरकार की इस कार्रवाई के खिलाफ हम लोग पिछले दो महीनों से अपने परिसर में सत्याग्रह कर रहे हैं। इसके साथ ही हमलोग अदालत की शरण में भी गये। मामला अभी विचाराधीन है। अदालत का कोई फैसला भी नहीं आया है। इसके बावजूद वाराणसी पुलिस आज 22जुलाई को भारी संख्या में परिसर में घुस कर कार्यालय कमरे आदि खाली कराने लगी।

# बीए इंजीनियरिंग कॉलेज में तीन वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम लांच

**तीन ब्रांच में 3 वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम की शुरुआत हो रही है, इसमे सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग शामिल है**

**सिविल, इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल इंजीनियरिंग में छात्र कर सकेंगे डिप्लोमा**

खबर मन्त्र ब्यूरो



पाठ्यक्रम की जानकारी देते बिहार एसो. के अध्यक्ष बीएन चौधरी व चेयरमैन डॉ एसके सिंह व अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी।

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (एआईसीटीई) से मान्यता प्राप्त करने के बाद बी ए कलेज अफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलजी (बीएसीइटी), घुटिआ, जमशेदपुर में इस वर्ष 2023 से तीन ब्रांच में 3 - वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम की शुरुआत हो रही है जिसमे सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग शामिल है। इन तीनो ब्रांच के लिए एआईसीटीई के द्वारा 60 - 60 सीटों की मान्यता दी गयी है। बीएसीइटी में इस समय डिप्लोमा के अलावा 4 - वर्षीय बी टेक तथा 3 - वर्षीय बीबीए एवं बीसीए कोर्स का सुचालन किया जा रहा है। बिहार एसोसिएशन के अध्यक्ष बी एन चौधरी ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छी एवं उच्च शिक्षा से वंचित अंतिम पायदान के युवाओं को भी कम से कम लागत में शिक्षित करने का प्रयास निरंतर जारी रहेगा। 2023 - 24 सत्र में बीबीए, बीसीए एवं डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थी भी अपना नामांकन कर सकें इसके लिए संस्थान ने न्यूनतम शुल्क की व्यवस्था की है जिससे ऐसे विद्यार्थी लाभान्वित होकर अपने सपनों को साकार कर सकें। संस्थान के चेयरमैन डॉ शिव कुमार सिंह ने बताया कि भविष्य में ग्रामीण क्षेत्र से सम्बंधित विभिन्न प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों की भी शुरुआत की जाएगी। इस प्रेस विज्ञप्ति में संस्थान के महासचिव सी पी एन सिंह, कोषाध्यक्ष विवेकानंद एवं कॉलेज की प्रधानाध्यापिका अनुमिता सेन गुप्ता भी उपस्थित थे।

## बिना दवा के कोलेस्ट्रॉल-ब्लड प्रेशर सहित 5 बीमारियां होंगी कंट्रोल, बस करें छोटा से ये काम

**बदलते** जीवनशैली में लोग आस-पास की जगह जाने के लिए भी बाइक, स्कूटी या कार का इस्तेमाल करते हैं। पैदल चलना लोगों का बहुत कम हो पाता है। वॉक करने से आपका शरीर फिट और तंदुरुस्त रहेगा। नियमित रूप से वॉकिंग करने से कोलेस्ट्रॉल, बीपी और डायबिटीज जैसी बीमारियां भी कंट्रोल में रहती हैं। आज हम आपको वॉकिंग के 5 बेहतरीन फायदों के बारे में बताएंगे। जिसके बारे में जानकर आप चौंक जाएंगे।

**कोलेस्ट्रॉल रहता है कंट्रोल**

रोजाना करीब 30 मिनट तक ब्रिस्क वॉक करने से हाई कोलेस्ट्रॉल के मरीजों के लिए फायदेमंद है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन (अलअ) की रिपोर्ट के मुताबिक, नियमित रूप से फिजिकल एक्टिविटी करने से कोलेस्ट्रॉल लेवल तेजी से कम हो सकता है। साथ ही एक्सरसाइज करने से भी कोलेस्ट्रॉल के स्तर में गिरावट देखने को मिल सकती है। नियमित रूप से ब्रिस्क वॉक करने से हार्ट डिजीज का जोखिम भी कम होता है।

**कंट्रोल में रहेगी बीपी**

एक रिसर्च के मुताबिक, दिन में तीन बार दस मिनट की मॉडरेट या ब्रिस्क वॉक करने से ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में आसानी होती है। वॉक करने से ब्लड वेसल्स की स्टिफनेस दूर होती है और खून का फ्लो आसानी से बेहतर हो सकता है। इससे ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद मिलेगी। वॉक करने से शरीर में ब्लड फ्लो आसानी से होता है साथ ही धमनियों को कोई नुकसान नहीं होता है।

**वजन घटाने में कारगर**

वॉक करने से आपको कैलोरी बर्न करने में मदद मिलेगी। कैलोरी बर्न होने से आपको वजन कंट्रोल रखने में मदद मिलेगी। हालांकि, वॉकिंग से वजन कितना कम होगा, यह कई बातों पर निर्भर करता है। आपके वॉक करने की स्पीड और दूरी से वजन कम होने का कनेक्शन है।

### डायबिटीज कंट्रोल में मिलेगी मदद



खाने के बाद थोड़ी देर वॉक करने से आपका ब्लड शुगर कंट्रोल करने में मदद मिलेगी। एक रिसर्च के अनुसार, दिन में 3 बार, ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर के बाद 15 से 30 मिनट तक वॉक करने से ब्लड शुगर के स्तर में काफी सुधार हुआ। हालांकि इस बारे में ज्यादा रिसर्च की जरूरत है। भोजन के बाद टहलने को अपना रूटीन बनाना बेहद लाभकारी है।

**घुटनों का दर्द में आराम**

नियमित रूप से वॉक करने से घुटनों और अन्य जॉइंट्स पेन को कम करने में मदद मिलेगी। ऐसा इसलिए है क्योंकि टहलने से जोड़ों को सहारा देने वाली मांसपेशियों को चिकनाई और मजबूत बनाने में मदद मिलती है। इससे अर्थराइटिस से पीड़ित लोगों को दर्द कम करने में मदद मिल सकती है।

## पेट की चर्बी कम करने के लिए अपनाएं ये 6 टिप्स, मिलेंगे चमत्कारी रिजल्ट्स

आजकल की सबसे गंभीर समस्या मोटापा बन गया है। इसका मुख्य कारण है खराब खान-पान और सुस्त जीवनशैली। जिसकी वजह से बहुत लोग अपने बढ़ते वजन से दुखी हैं। इसके लिए गर्म पानी का सेवन करें। सुबह-सुबह गर्म पानी पीने से आपका पेट अच्छे से साफ होगा। इससे कितने दिनों का भी पुराना पड़ा मल साफ हो जाएगा। रोजाना सुबह ब्रश करने से पहले गर्म पानी का सेवन करें। इससे आपका फैट कम करने में मदद मिलेगी।

शुगर खाना कर दें बंद अगर आप मोटापा कम करना चाहते हैं तो सबसे पहले आपको मीठा खाना बंद करना होगा। क्योंकि मीठ खाद्य पदार्थ में बहुत ज्यादा कैलोरी होती है। साथ ही इससे आपके शरीर को कोई फायदा नहीं होता है। इसलिए मिठाई, चौकलेट, कैंडी, केक, बिस्किट इत्यादि से दूरी बना लें।

**प्रोटीन को बढ़ाएं**

रिसर्च में यह पाया गया है कि प्रोटीन आपके मोटापे को कम करने में मदद करता है। क्योंकि प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ पचन में समय लगाता है। जिस वजह से आपको जल्दी भूख नहीं लगती है। ओट्स, चना, राजमा, दूध, दही, पनीर, नट्स और सब्जियों में भरपूर मात्रा में प्रोटीन पाया जाता है। इसलिए आप रोजाना प्रोटीन युक्त भोजन का सेवन करें।

**ना खाएं तला हुआ खाना**

तले हुए खाद्य पदार्थों के सेवन से बचें। क्योंकि एक दिन भी अगर आप तला हुआ खाना खा लेंगे तो यह आपके पेट पर साफ दिखने लगेगा। क्योंकि तले हुए खाने का मेटाबॉलिज्म बहुत स्लो होता है। जो सीधा आपके शरीर में फैट के रूप में जमा हो जाता है। इसलिए समोसा, टिक्की, भटूरा, पकौड़े इत्यादि को बिल्कुल न खाएं। तले हुए खाने से तौबा कर लें। आप सब्जी में कच्चा घी डालकर खा सकते हैं। आप बादाम, नारियल इत्यादि का सेवन भी कर सकते हैं।

आटे की जगह चोकर बाला आटे का सेवन करें। जूस की जगह पूरा फल खाएं। फूड्स में फाइबर भरपूर मात्रा में पाया जाता है। जो आपके पेट के लिए काफी फायेदेमंद है। इससे आपका पेट अच्छी तरह से साफ होगा। जिससे आपके शरीर में एक्स्ट्रा फैट जमा नहीं होगा। साथ ही यह आपके शरीर को धीरे-धीरे एनर्जी प्रदान करता रहेगा।

**शाम 7 बजे के बाद ना खाएं**

यह मोटापा कम करने में सबसे महत्वपूर्ण है। शाम का खाना आपको शाम 7 बजे के बाद नहीं खाना है। सिर्फ ये टिप्स बहुत असरदार है। इससे आप तेजी से अपना तोंद कम कर सकते हैं। क्योंकि रात के वक्त हमारे शरीर का मेटाबॉलिज्म काफी स्लो हो जाता है। जिससे हमारा खाना सही तरीके से हजम नहीं हो पाता। और एक्स्ट्रा फैट के रूप में हमारे शरीर में जमा हो जाता है।

# झमाझम बारिश में भीगने के बाद भी नहीं पड़ेंगे बीमार



देश के लगभग हर राज्य में मानसून दस्तक दे चुका है। कई स्थानों पर कुछ दिनों के अंतरात पर, तो कहीं लगातार बारिश ने चारों तरह हरियाली बिखेर दी है। ऐसे में काम की वजह से आपको घर से भी जाना पड़ता होगा। मानसून में होने वाली बरसात कई बीमारियों की वजह भी बन जाती है। इसलिए सेहत का ख्याल रखना बहुत जरूरी है। खासकर अगर आप बारिश में भीग जाते हैं तो। आज हम कुछ टिप्स बताते जा रहे हैं जिसको अपनाकर आप बारिश के मौसम में सेहतमंद रह सकते हैं।

बारिश में भीगने के बाद लोगों को सबसे पहले सर्दी, जुकाम और खांसी की समस्या होती है। जिन लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती है, वह सर्दी खांसी और जुकाम की चपेट में आने के बाद तुरंत बुखार से भी पीड़ित हो जाते हैं। साथ ही बारिश में भीगने के बाद सिरदर्द, स्किन एलर्जी और आंखों के संक्रमण का खतरा भी बढ़ जाता है।

### बारिश के दौरान सिर को ढक लें

अगर बारिश में कही जा रहे हैं तो सबसे पहले अपने सिर को ढकने की कोशिश करें। क्योंकि सिर हमारे शरीर का पहला हिस्सा होता है जहां पर बारिश का पानी सबसे पहले पड़ता है। हमारे शरीर की पूरी कार्यप्रणाली सिर के जरिए ही संचालित होती है। ऐसे में इसको बचाना बहुत जरूरी है। क्योंकि सिर का हिस्सा कोमल होने की वजह से यह ठंड से भी जल्दी प्रभावित हो जाता है। इसलिए कोशिश करें कि बारिश का पानी सिर पर जितना कम हो सके, उतना कम पड़े.।

घर आते ही बदले कपड़े

बारिश में भीगने के बाद घर आने पर सबसे पहले आप कपड़े बदले। इससे आप बीमार पड़ने से बच सकते हैं। ऐसा करने से आपके शरीर का तापमान सामान्य अवस्था में आ जाएगा और आपको ठंड भी नहीं लगेगी। कपड़ों को तुरंत बदलने के कारण आप फंगल इंफेक्शन से भी बच सकते हैं।

### कपड़े बदलने के बाद लगाएं एंटीबैक्टीरियल क्रीम

बारिश में भीगने के बाद जब आप घर आएं तो सबसे पहले कपड़े बदलकर किसी एंटीबैक्टीरियल क्रीम को पूरे शरीर में लगाएं। ऐसा करने से आपके शरीर पर मौजूद बैक्टीरिया मर जाएंगे और आप किसी भी प्रकार की स्किन एलर्जी की चपेट में आने से बच जाएंगे। एंटीबैक्टीरियल क्रीम को लगाने से आपको दाद, खाज और खुजली की समस्या परेशान नहीं करेगी।

सिर को अच्छी तरह पोछें

अगर बारिश में आपका सिर भी भीग गया है तो घर आते ही अपने सिर को तौलिए से अच्छी तरह पोंछे। सिर पर अगर ज्यादा देर तक बारिश का पानी रहता है तो आप सर्दी-जुकाम और खांसी की चपेट में आ सकते हैं। साथ ही आपको बुखार भी हो सकता है।

बारिश के मौसम में करें इन 3 होममेड चाय का सेवन, बीमारियां रहेंगी दूर

### गर्म चाय या काढ़े का करें सेवन

भीगने के बाद घर आकर चाय का काढ़े का सेवन जरूर करें। ऐसा करने से बीमार होने का खतरा टल जाएगा। यह न केवल आपके शरीर की एनर्जी बूस्ट करेंगे साथ ही बारिश की वजह से शरीर के गिरे हुए तापमान को भी मेंटेन करेंगे। साथ ही काढ़े के सेवन से आपनी इम्यूनिटी बूस्ट होगी।

### पैरों को अच्छी तरह धो लें

बारिश से आने के बाद जूते-चप्पल को खोलकर पैरों को अच्छी तरह धो लेना चाहिए। इसके बाद आप इसे अच्छी तरह तौलिए से पोछ लें। ऐसा करने से पैरों के फंगल इंफेक्शन से बच सकते हैं। पैरों की सफाई नहीं करने पर आप पैरों की उंगलियों के बीच होने वाले फंगल इंफेक्शन के शिकार हो सकते हैं।

## सेहत के लिए लाभकारी है हरी मिर्च करती है पांच रोगों का ईलाज

**स्वाद के साथ-साथ आपके सेहत के लिए भी लाभकारी है हरी मिर्च, करती है इन 5 बीमारियों को दूर**

**आजकल** की खराब लाइफस्टाइल हमारे सेहत के हानिकारक है। इसकी वजह से आए दिन कुछ ना कुछ समस्या लगी रहती है। ऐसे में कुछ ऐसी चीजें हैं जिनका नियमित सेवन करने से हम कई बीमारियों से बच सकते हैं। इन्हीं में से एक है हरी मिर्च । इसके फायदे अनेक हैं। आप सब्जी में लाल मिर्च की जगह इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके साथ ही यह हमारे हाजमा को ठीक करती है। हार्ट के लिए भी हरी मिर्च का सेवन लाभप्रद है।

आजकल की खराब लाइफस्टाइल हमारे सेहत के हानिकारक है। इसकी वजह से आए दिन कुछ ना कुछ समस्या लगी रहती है। ऐसे में कुछ ऐसी चीजें हैं जिनका नियमित सेवन करने से हम कई बीमारियों से बच सकते हैं। इन्हीं में से एक है हरी मिर्च (ड्डील्लीप्र३२ ड्ढा ऋ१ीील्ल ञ्ङ्क)। इसके फायदे अनेक हैं। आप सब्जी में लाल मिर्च की जगह इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके साथ ही यह हमारे हाजमा को ठीक करती है। हार्ट के लिए भी हरी मिर्च का सेवन लाभप्रद है।

**हरी मिर्च खाने के 5 फायदे**

**हार्ट रखता है हेल्दी**



हरी मिर्च का सेवन करने से हार्ट हेल्दी रहता है। इसके सेवन से बैड कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में फायदा मिलता है। हाई बीपी के मरीजों को लाल की जगह हरी मिर्च का सेवन करना चाहिए। हरी मिर्च के सेवन से ट्राइग्लिसराइड्स कंट्रोल करने में मदद मिलती है। जिससे एथेरोस्लेरोसिस जैसी बीमारियों के होने का खतरा कम हो जाता है।

**डायबिटीज में फायदेमंद है हरी मिच**

हरी मिर्च के सेवन डायबिटीज के मरीजों के लिए लाभकारी है। नियमित रूप से दिन में एक हरी मिर्च खाने से ब्लड शुगर कंट्रोल रहता है। हरी में कैप्साइसिस पाया जाता है जो एंटीडायबिटिक गुणों से भरपूर होता है। इसलिए डायबिटीज के मरीजों को हरी मिर्च खाना शुरू कर देनी चाहिए। इसके सेवन से हाई ब्लड शुगर के खतरे से बच सकते हैं।

**इम्यूनिटी करता है बूस्ट**

हरी मिर्च के सेवन से इम्यूनिटी बूस्ट होती है। हरी मिर्च में बीटा कैरोटीन पाई जाती है। यह एक खास तरह एंटीऑक्सीडेंट है जो शरीर के इम्यूनिटी को बढाता है। इसमें विटामिन सी भी पाया जाता है।

**पाचन क्रिया होता है मजबूत**

हरी मिर्च के सेवन से हमारे शरीर को विटामिन सी मिल जाता है। जो हमारे पाचन को मजबूत करता है। इसके अलावा मिर्च खाने से मुंह में लार ज्यादा बनती है। जिसमें एंजाइम होते हैं। इससे हमारी पाचन क्रिया तेज हो जाती है। अगर किसी को पाचन से जुड़ी कोई समस्या है तो उसे हरी मिर्च का सेवन शुरू कर देना चाहिए।

**वजन कंट्रोल करती है हरी मिर्च**

मोटापा को कम करने के लिए हरी मिर्च का सेवन फायदेमंद हो सकता है। इसके लिए लाल मिर्च की जगह हरी मिर्च का सेवन करें। हरी मिर्च आपके मेटाबॉलिज्म तो तेजी से बढ़ाती है। जिसके खाना सही तरीके से पच जाता है। जो बढ़ते वजन को कंट्रोल करनें में कारगर है। साथ ही हरी मिर्च में एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। जिससे कील व मुहांसे भी दूर होते हैं।

## देश में 60 फीसदी मौतें संक्रामक रोगों से नहीं



देश में हर साल 60 फीसदी मौतें संक्रामक नहीं बल्कि गैर संचारी रोगों की वजह से हो रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार आज के समय गैर संचारी रोग संक्रामक रोगों से ज्यादा जानलेवा साबित हो रहे हैं जिसमें दिल की बीमारी का हिस्सा सबसे ज्यादा 28 फीसदी है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद् ने भी विश्व स्वास्थ्य संगठन के इस दावे का समर्थन करते हुए कहा है कि देश में हर साल 61.8 फीसदी मौतें गैर संक्रामक रोगों के कारण होती हैं। इनमें सबसे ज्यादा जानलेवा दिल की बीमारी है जबकि दूसरा नंबर श्वसन संबधी बीमारियों का है। करीब 11 फीसदी मौतें इस बीमारी के कारण होती हैं जबकि 8.3 फीसदी मौतें कैंसर से होती हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 में सरकार ने गैर संचारी रोगों पर पूरी तरह लगाम लगाने की तैयारियों के तहत बीमारी की पूर्व जांच के अलावा प्राथमिक चिकित्सा केन्द्रों को वेलनेस सेंटरों में तब्दील किया गया है। जहां लोगों को जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से बचाव के लिए हर तरह के रोकथाम के उपायों की जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा सरकार ने राष्ट्रीय स्तर पर एक बहुक्षेत्रीय कार्य योजना भी तैयार की है जिसका लक्ष्य गैर संचारी रोगों से बचाव के उपायों के लिए सभी मंत्रालयों और पक्षों को एक साथ लाना है। इस काम में विश्व बैंक और नीति आयोग भी स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ मिलकर काम कर रहा है और एक ऐसा मसौदा तैयार करने की कोशिश हो रही है जो सर्वमान्य हो। अधिकतर मौतों के पीछे कैंसर, मधुमेह व दिल की बीमारी स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार कैंसर, मधुमेह और दिल की बीमारी जैसे गैर संचारी रोगों को नियंत्रित करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत रोकथाम और बचाव कार्यक्रम चलाया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सभी लोगों की निदान केन्द्रों में बीमारी पूर्व जाचं की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।



## रातभर में पीले दांतों से छुटकारा दिलाएगा घर में मौजूद ये पौधा



दांतों का पीला होना या गंदा होना आपकी सुंदरता के साथ-साथ आपके हेल्थ के लिए भी घातक है। दांतों के पीलेपन को टार्टर कहते हैं जो दांतों को पीला बनाती है।

दांतों का पीला होना या गंदा होना आपकी सुंदरता के साथ-साथ आपके हेल्थ के लिए भी घातक है। दांतों के पीलेपन को टार्टर कहते हैं जो दांतों को पीला बनाती है इसलिए टार्टर की सफाई जरूरी है। टार्टर की वजह से गंदगी दांतों और मसूड़ों की जड़ों में घुस जाती है। जिससे दांत और मसूड़े कमजोर होती है। साथ ही इसकी वजह से पायरिया , कैविटी , दांतों में खून आना मसूड़ों में दर्द होना सेंसिटिविटी और मुंह से बदबू जैसी समस्या होती है।

**दांतों के लिए बबूल** : दांतों के लिए बबूल बहुत लाभदायक है। पुराने समय में लोग बबूल का दातुन से ही ब्रश किया करते थे। आज भी गांवों में लोग इसका इस्तेमाल दातुन के रूप में करते हैं। दांतों में सफेदी लाने के लिए बबूल एक प्रभावी जड़ी बूटी है। बबूल में टैनिन पाया जाता है जो दांतों को सफेद बनाने में मदद करता है।

**तुलसी का पौधा:** हमारे घरों में मौजूद तुलसी का पौधा दांतों के लिए बहुत लाभदायक है। इसके पत्तियों को सुखाकर इसका पाउडर बना लें। इस पाउडर से आप ब्रश करें। दांतों को सफेद करने के लिए यह बहुत असरदार है। यह दांतों को मजबूत भी बनाती है। साथ ही यह पायरिया जैसी समस्या से छुटकारा दिलाने में कारगर है।

**नीम:** नीम हमारे शरीर के लिए बहुत गुणकारी है। इसकी टहनियों का उपयोग दातुन के रूप में करने से आपकी दांत चमक उठेगी। साथ ही नीम के तेल में सांसों की दुर्गंध को दूर करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। नीम मुंह होने वाले बैक्टीरिया को नष्ट करने में भी कारगर है। जिससे आप कैविटी से छुटकारा पा सकते हैं।

**त्रिफला:** मुंह को साफ रखने में त्रिफला बहुत फायदेमंद है। इसके सेवन से आपके दांत सफेद रहेंगे और मुंह के छालों की समस्या में भी राहत मिलेगी। इसके सेवन के लिए आप त्रिपुरा को पानी को उबालें।

# 70 के बाद तेजी से क्यों दिखता है उम्र का असर? यहां जानिए असली वजह



**शरीर** में 70 वर्ष के बाद तेजी से कमजोरी आती है। उम्र का असर अचानक दिखने लगता है, क्योंकि 70 के बाद त्वचा से मस्तिष्क तक एक जैसे बदलाव होते हैं। इसकी पुष्टि हाल ही में हुए एक शोध में हुई। शोध के अनुसार, जब कोई व्यक्ति 40-50 वर्ष की उम्र में होता है तो असामान्य स्टेम कोशिकाओं के विकास से उसके शरीर पर बहुत कम फर्क पड़ता है, लेकिन जब उसकी उम्र 70 साल से ज्यादा होती है तो वही स्टेम सेल्स, रक्त कोशिकाओं के उत्पादन पर असर करते हैं। शरीर में खून बनने की प्रक्रिया सुस्त हो जाती है। इससे कमजोरी आने लगती है।

शरीर में 70 वर्ष के बाद तेजी से कमजोरी आती है। उम्र का असर अचानक दिखने लगता है, क्योंकि 70 के बाद त्वचा से मस्तिष्क तक एक जैसे बदलाव होते हैं। इसकी पुष्टि हाल ही में हुए एक शोध में हुई। शोध के अनुसार, जब कोई व्यक्ति 40-50 वर्ष की उम्र में होता है तो असामान्य स्टेम कोशिकाओं के विकास से उसके शरीर पर बहुत कम फर्क पड़ता है, लेकिन जब उसकी उम्र 70 साल से ज्यादा होती है तो वही स्टेम सेल्स, रक्त कोशिकाओं के उत्पादन पर असर करते हैं। शरीर में खून बनने की प्रक्रिया सुस्त हो जाती है। इससे कमजोरी आने लगती है।

**यह है मुख्य कारण**

वेलकम-एमआरसी कैम्ब्रिज स्टेम सेल इंस्टीट्यूट में डॉ. पीटर कैंपबेल और उनके सहयोगियों ने नवजात शिशुओं से लेकर 80 साल तक की उम्र वाले लोगों में रक्त कोशिकाओं पर अध्ययन किया। इसमें पाया कि 65 वर्ष तक की उम्र में शरीर में बीमारियों से लड़ने के लिए रोग-प्रतिरोधक क्षमता ज्यादा होती है, जो बाद में कमजोर पड़ने लगती है। शोधकताओं के अनुसार, रक्त बनाने में शामिल स्टेम सेल्स में समय के साथ म्यूटेशन होता है, जो धीरे-धीरे सामने आने लगता है।

**प्रभावित होती वर्किंग कैपेसिटी**

म्यूटेशन और हार्मोन्स में बदलाव शरीर के काम करने की क्षमता को धीरे-धीरे कम करते हैं। पाचन संबंधी समस्याओं को दूर करने में फायदेमंद होते हैं उबले आलू, जानें इसके कमाल के फायदे

### उबले आलू का सेवन करना स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद

उबले आलू कई सारे पोषक तत्व के गुणों से भरपूर होते है। पाचन संबंधी समस्याओं को दूर करने के लिए उबले आलू का सेवन करना फायदेमंद होता है।

उबले आलू में विटामिन-सी, बी-कॉम्प्लेक्स, फाइबर, कैल्शियम, पोटैशियम, फॉस्फोरस जैसे पोषक तत्व के भरपूर गुण पाए जाते है, जो शरीर को कई स्वास्थ्य समस्याओं से बचाने में मदद करते हैं।

साथ ही इसमें कैलोरी और फैट कम होता है। उबला हुआ आलू पाचन संबंधी समस्याओं को दूर करने में मदद करता है। इसके अलावा उबले आलू का सेवन करने से हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद मिलती है। तो आइए जानते हैं उबले आलू का सेवन करने से सेहत को मिलने वाले फायदे के बारे में

**पाचन संबंधी समस्या**

पाचन संबंधी समस्याओं को दूर करने के लिए उबले आलू का सेवन करना बहुत ही फायदेमंद माना जाता है। क्योंकि उबले आलू में फाइबर भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जो पाचन तंत्र को मजबूत बनाता है। साथ ही यह पाचन से जुड़ी समस्याओं को दूर करने में मदद करता है।

**इम्यूनिटी सिस्टम मजबूत**

इम्यूनिटी सिस्टम को मजबूत बनाने के लिए उबले आलू का सेवन करना बहुत ही फायदेमंद माना जाता है। क्योंकि उबले आलू में विटामिन सी भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जो इम्यूनिटी को सिस्टम को मजबूत बनाने में मदद करता है। साथ ही यह शरीर को वायरस और बैक्टीरिया के चपेट में आने से भी बचाने में मदद करता है।

## स्पीड न्यूज

### बीडीसी ने किया छात्राओं के बीच प्रमाणपत्र का वितरण

**भवनाथपुर।** पंचायत समिति सदस्य चन्दन कुमार ठाकुर ने भवनाथपुर बाजार में संचालित मुस्कान सिलाई सेन्टर में सिलाई का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके छात्राओं के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया। मौके पर चन्दन कुमार ठाकुर ने कहा कि मुस्कान सिलाई सेंटर के द्वारा गरीब छात्राओं को प्रशिक्षण देने का जो पुनीत कार्य किया जाता है, बहुत ही सराहनीय है। इस प्रशिक्षण से छात्राएं आगे बढ़ रोजगार करें यही कामना है।

### मुहर्रम का चांद दिखा, तैयारी शुरू

**कोडरमा।** मुसलमानों का इस्लामिक नया साल मोहर्रम का चांद बीते बुधवार की देर शाम को देखा गया। चांद दिखते ही जिले के विभिन्न प्रखंडों व नगरों डोमचांच, जयनगर, मरकच्चो, झुमरीतिलैया, कोडरमा के विभिन्न मुस्लिम बहुल इलाकों में खुशी का माहौल छा गया। चांद दिखते ही या हुसैन या अली या हसन के नारे शुरू हो गए। वहीं सभी गली मोहल्लों में ढोलक लाठी-डंडे खेलना भी शुरू हो गया।

### सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट का प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन

**डोमचांच (कोडरमा)।** सीएम हाई स्कूल मैदान में शनिवार को सुब्रतो कप प्रखंड स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन डोमचांच प्रखंड प्रमुख एवं बीडीओ उदय कुमार सिन्हा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व किक मारकर किया। खेल प्रतियोगिता में डोमचांच प्रखंड के विभिन्न स्कूलों से अंडर-17 के बालक एवं बालिका तथा अंडर 14 के बालक वर्ग ने भाग लिया।

### मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन

**दुमका।** एसपी कॉलेज के वाणिज्य संकाय में छात्रहित में मतदाता जागरूकता अभियान शनिवार को चलाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व विभागाध्यक्ष डॉ एसके अम्बष्ट ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कॉलेज प्राचार्य डॉ के पी यादव उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में डॉ राजेन्द्र पांडेय, पूर्व विभागाध्यक्ष, वनस्पति विज्ञान, डॉ कुमार सौरभ, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर, डॉ सत्यम कुमार, इतिहास विभाग उपस्थित थे।

### मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना परिसर में मुहर्रम को लेकर शनिवार को शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह ने की, जबकि संचालन 20 सूत्री अध्यक्ष रविशंकर सिंह रिंकू ने किया। बैठक में मुहर्रम को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण आयोजन को लेकर लोगों से अपील की गई। बैठक में दोनों समुदाय के बुद्धिजीवियों ने मुहर्रम का त्योहार शांति पूर्ण माहौल में सौहार्द के साथ मनाने की बात कही गयी।

### पशुधन लदा दो ट्रक को किया जप्त

**रानेश्वर।** दुमका सिउड़ी मुख्य पथ के महेशखाला चेकपोस्ट पर रानेश्वर थाना के तैनात पुलिस कर्मी ने पशुधन लदा दो ट्रक को जप्त किया है। मिली जानकारी के मुताबिक दोनो ट्रक एवं पशुधन को थाना परिसर में रखा गया है। दोनो ट्रक में 70 से 75 पशुधन लदा हुआ था। दो पशु का मौत भी चुका है। ट्रक में पशुधन को लादकर पश्चिम बंगाल ले जाया जा रहा था। पुलिस ने व्यपारी दुर्बल यादव चालक पंकज शर्मा को फिरफ्तार किया है।

### तीन दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का उद्घाटन

**दुमका।** तीन दिवसीय ईस्ट जोन सलेक्शन ट्रायल बैडमिंटन टूर्नामेंट का उद्घाटन सिदो कान्हू इंडोर स्टेडियम में सूबे के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने शनिवार को किया। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंत्री बादल को टूर्नामेंट के संयोजक सह डीआईजी, संताल परगना प्रमंडल सुदर्शन मंडल ने स्मृति चिन्ह एवं टी-शर्ट भेंट कर सम्मानित किया। उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य के विभिन्न जिलों से दुमका पहुंचे खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि राज्य के किसी जिले में दुमका की तरह बैडमिंटन का टूर्नामेंट नहीं होता है।

## गरीबों का जमीन किसी को लूटने नहीं दिया जाएगा: बाम मोर्चा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिमरिया।** संयुक्त वाम मोर्चा की एक बैठक शनिवार को प्रखण्ड के एदला मानो महुवा में हुई। बैठक की अध्यक्षता महावीर रजक ने की। बैठक में सालों से जोत कोड़ कर रहे जमीन को कुछ खास लोग अपना बता कर उस पर हक जताने की कोशिश कर रहे हैं। जिसका विरोध किया गया।

बैठक में कहा गया कि कम्युनिस्ट एकजुट होकर जमींदारों के खिलाफ मोर्चा खोलने का काम हमेशा किया है। माले नेता कामरेड बीएन सिंह ने कहा कि जब तक आप सांगठनिक रूप से मजबूत नहीं होंगे, तब तक आपकी समस्या समाप्त नहीं होगी। संयुक्त वाम मोर्चा के जिला संयोजक अर्जुन कुमार ने कहा कि आम जन जिस जमीन को सालों से जोत कोड कर रहे है, उसे किसी भी कीमत में किसान के हाथ से जाने नहीं दिया जायेगा। सरकार के नजर में जो गैर मजरूवा जमीन उन लोगों को सौंपे जो उसमें बरसों से जोत कोड़ कर रहे हैं।

सिमरिया अंचल मंत्री गयानाथ पाण्डेय ने कहा कि एदला में जो जमीन कि लडाई है, उसके लिए कम्युनिस्ट पार्टी हर स्तर तक लड़ाई लेने को तैयार है। बैठक में कॉमरेड बीएन सिंह, कॉमरेड कविता देवी, संयुक्त वाम मोर्चा चतरा जिला संयोजक कॉमरेड अर्जुन कुमार, सीपीआई माले जिला सचिव कॉमरेड क्युम अंसारी, सीपीआई अंचल मंत्री कॉमरेड गयानाथ पाण्डेय, सीपीआई जिला प्रवक्ता दशरथ ठाकुर, कॉमरेड शशि कुमार, कॉमरेड बिजय भारती, कॉमरेड बासुदेव तुरी सहित दो सौ लोग उपस्थित थे।

**लोकसभा चुनाव आज हो तो बिहार में कितनी सीटों पर रुक जाएगा महागठबंधन**

## टीएनएन सर्वे में हुआ खुलासा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** लोकसभा चुनाव में अब एक साल से भी कम का समय है। इसको लेकर सभी राजनीतिक पार्टियां तैयारी में जुट गई हैं। बिहार में इस बार लोकसभा चुनाव से पहले हलचल काफी तेज है। नीतीश कुमार की विपक्षी मुहिम को लेकर पूरे देश की नजर बिहार की ओर है। संवाददाता ने बताया सर्वे के परिणाम में एनडीए और महागठबंधन को कितनी सीटें मिलेगी। इसका खुलासा हुआ है। इसमें एनडीए को बढ़त मिलता दिख रहा है।

केंद्र की राजनीति को लेकर इस बार बिहार काफी सुर्खियों में है। इस सर्वे में लोकसभा चुनाव को लेकर लोगों के मत की जानकारी मिली है। लोगों ने 22 से 24 सीटों पर एनडीए की जीत की संभावना जताई है। 16 से 18 सीटों पर महागठबंधन की जीत की संभावना लोगों ने जताई है। नीतीश कुमार की ही मुहिम से 18 जुलाई को बेंगलुरु में विपक्ष की दूसरी बैठक हुई। बीजेपी के खिलाफ विपक्ष को गोलबंद करने में लगातार नीतीश कुमार लगे हुए हैं। वहीं, विपक्षी बैठक को देखते हुए एनडीए के घटक दलों की भी बैठक हुई। विपक्षी एकजुटता से एनडीए की परेशानी बढ़ती जा रही है। बीजेपी नीतीश कुमार को बिहार में रोकने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। इससे इस बार लोकसभा चुनाव के दौरान बिहार की राजनीति खास होने वाली है।

## एसकेएमयू की चार वर्षीय यूजी नामांकन की पहली मैरिट लिस्ट जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के कुल 35 अंगीभूत, मॉडल और सम्बद्ध कॉलेजों में चार वर्षीय यूजी प्रोग्राम में नामांकन के लिए अब तक लगभग 50 हजार छात्र-छात्राओं ने चांसलर पोर्टल के माध्यम से आवेदन किया है। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता दीपक कुमार दास ने देते हुए बताया कि नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 7 जुलाई से चांसलर पोर्टल के शुरू हुई थी। जिसका अंतिम तिथि पूर्व में 20 जुलाई तक रखा गया था। जिसको विश्विद्यालय के कुलपति डॉ. विमल प्रसाद सिंह ने छात्रों को हो रही तकनिकी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए 22 जुलाई तक विस्तारित किया था। प्रकाशि पहली मेरिट लिस्ट 23 से 24 जुलाई तक में नामांकन के लिए पहली मेरिट लिस्ट प्रकाशित होगा। उसके बाद कॉलेज स्तर पर वैसे छात्र-छात्राएं डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन करके नामांकन ले सकते है जिनका नाम पहला मेरिट लिस्ट में होगा। डॉक्युमेंट वेरिफिकेशन के समय एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट में रजिस्ट्रेशन का छायाप्रति जमा करना होगा। एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट नई शिक्षा निति का एक महत्वपूर्ण अवयव है। यह एक वर्चुअल स्टोर-हाउस जैसा है। यह बैंकों की तर्ज पर कार्य करेगी। जिस प्रकार एक बैंक में खता खोलकर व्यक्ति अपनी कमाई को जमा करता है।

## एक नजर में

### भूमि विवाद में दो पक्षों में मारपीट, आठ घायल

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के चपरी पंचायत के टिकर टोला में शनिवार को भूमि विवाद को लेकर हुए दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना में दो पक्षों से आठ लोग घायल हो गए। घायलों में प्रथम पक्ष से ओमप्रकाश गुप्ता, परसु साह, विष्णुधारी साह, दिग्विजय साह, वीरेंद्र कुमार साह तथा दूसरे पक्ष से प्रकाश कुमार गुप्ता, बलराम कुमार साह और छोटु कुमार का नाम शामिल है। सभी घायलों को इलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सक ने सभी को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इस संबंध में चपरी के टिकर टोला निवासी प्रथम पक्ष के ओमप्रकाश गुप्ता ने बताया कि हम लोग अपने जमीन में चहारदीवारी दे रहे थे कि चपरी निवासी कृष्णा गुप्ता, नीरज गुप्ता, रवि कुमार गुप्ता, बालेश्वर साह सहित अन्य लोग आकर लाठी-डंडे से मारपीट करने लगे। जबकि दूसरे पक्ष के कृष्णा गुप्ता ने बताया कि जमीन पर 144 धारा लागू होने तथा पुलिस प्रशासन द्वारा मना करने के बावजूद भी जमीन पर अवैध तरीके से चहारदीवारी का निर्माण कराया जा रहा था, जिसे मना करने के लिए हमलोग गये थे कि लाठी-डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया गया। दोनों पक्षों की ओर से घटना की सूचना स्थानीय थाना को दे दी गई है।

### बागवानी सखी को दिया गया प्रशिक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत बागवानी सखी को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण की शुरुआत जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा, बीपीओ दयानन्द प्रजापति, भवनाथपुर मुखिया बेबी देवी, बीडीसी चंदन ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इस योजना तहत बिरसा मुंडा आम बागवानी के क्रियान्वयन देख रहे करने के संबां में प्रशिक्षण दिया गया। यह योजना ढाई एकड़ में एक बागवानी सखी को नियोजित करना है। प्रशिक्षण मनरेगा प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी दयानन्द प्रजापति के द्वारा दिया गया। इस दौरान बागवानी सखी को बागवानी सुरक्षा से संबंधित सभी जानकारियां दी गई। इस कार्य के लिए मनरेगा मजदूरों को दिए जाने वाले एक दिन का समतुल्य मजदूरी बागवानी सखी को भी भुगतान करने का प्रावधान है। बागवानी सखी जेएसपीएलएस अंतर्गत महिलाओं को बनाया गया है। मौके पर पंचायत सेवक प्रवीण कुमार, प्रिया कुमारी थे।

## आम बागवानी योजना में मजदूर की बजाय जेसीबी मशीन का हो रहा है उपयोग



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** प्रखंड अंतर्गत बरवाडी पंचायत के ग्राम कुब्बा में मनरेगा से संचालित योजनाओं में मजदूर की बजाय जेसीबी मशीन से काम किया जा रहा है।बरवाडीह पंचायत के कुब्बा में लाभुक भांति देवी व एक अन्य लाभुकों के खेत में मनरेगा के तहत संचालित आम बागवानी योजना में मजदूर की बजाय जेसीबी मशीन का उपयोग किया वहीं स्थल पर पहुँच कर बीस सूत्री अध्यक्ष विकास कुमार यादव ने प्रखण्ड प्रशासन व मनरेगा कर्मी पर लगाया गंभीर आरोप। कहा प्रखण्ड प्रशासन व बिचौलियों की मिली भगत से हो रहा है मनरेगा के अवैध काम। जिसके कारण मजदूरों को काम नही मिल रहा है।

स्थल पर पौधरोपण के लिए जेसीबी मशीन से गढ़ा खोदा जा रहा है। चार लाख 17 हजार की लागत वाली योजना है। योजना के तहत उक्त कार्य मजदूरों से कराया जाना है, लेकिन जेसीबी मशीन का उपयोग किया गया है । योजना में मशीन से काम कराने से मनरेगा मजदूरों को रोजगार नही मिल रहा है। हालांकि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए योजनाएं चला रही है। लेकिन मजदूरों को इसका लाभ नही मिल रहा है।

मनरेगा के पदाधिकारी व लाभुक की मिलीभगत से मनरेगा में जेसीबी उपयोग किया जा रहा है। प्रखण्ड की अन्य जगहों पर भी मनरेगा से संचालित योजनाओं में जेसीबी का उपयोग किया जा रहा है। रोजगार सेवक जितेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि योजना में जेसीबी मशीन का इस्तेमाल की जानकारी नही है साथ ही अन्य एक लाभुक का नाम बताने में असमर्थ है। वही बीडीओ मोनी कुमारी ने कहा कि मनरेगा से संचालित योजनाओं में मजदूरों से काम कराना है। इसमें मशीन से उपयोग नही करना है। जेसीबी से निर्माण कार्य कराये जाने की सूचना मिलती है तो मामले की जांच कर योजनाओं को रद्द करते हुए दोषियों के विरुद्ध विधिवत कार्रवाई की जाएगी।

## कई ठिकानों पर खेला जा रहा जुआ, प्रशासन मौन



जुआ खेलते लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कई ठिकानों पर रोजाना लाखों रुपये का जुआ का खेल चल रहा है। लेकिन प्रशासन इन पर कार्रवाई के बजाए अनभिज्ञ बनी हुई है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मुसकैनी पहाड़ी स्थित श्मशान घाट स्थित चौपाल में, अधौरा के नवही और चेपली पहाड़ी पर दोपहर के बाद जुआरियों की बिसात बिछ रही है। जिसमें स्थानीय जुआरियों के अलावे बाहर से 25-30 जुआरी जुआ खेलने पहुंचते हैं। जुआ अड्डे पर नास्ता, ठंडा पानी और चाय की व्यवस्था के लिए अलग से आदमी रहते हैं। जिसका खर्च जुआ के लिए चल रहे बोर्ड से ही सार्वजनिक तौर पर पैसे की उठाव किया जाता है। इतना ही नहीं जुआ अड्डे पर कोई आये नहीं इसके लिए भी वोलेंटियर रखे गए हैं, जो पहरा देने का काम करते हैं। जुआ अड्डे पर बराबर मारपीट की संभावनाएं बनी रहती है।

कई बार जुआ के अड्डे पर जुआरी हिस्सेदारी को लेकर आपस में भी भीड़ चुके हैं। बावजूद इसके प्रशासन इसपर अंकुश नहीं लगा रही है। इस संबंध में थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने बताया कि इसकी जानकारी नहीं है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## पेज 1 का शेष

### नये दौर में हुनरमंद होना...

**कोई काम छोटा या बड़ा नहीं होता :** इस अवसर पर सीएम ने कहा कि झारखंड के लोग शमार्ते ज्यादा हैं। काम करने के लिए शर्माएंगे तो भूखे मर जायेंगे। कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता। काम भगवान होता है इसलिए काम से शमार्ना नहीं चाहिए। आपके हाथ में हुनर है तो आप कभी भूखे नहीं मर सकते। सकारात्मक सोच के साथ कार्य करने की शक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि आज शिक्षा के साथ-साथ हुनरमंद होना मास्टर डिग्री से कम नहीं है। मौके पर ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, श्रम विभाग के सचिव राजेश शर्मा, श्रम आयुक्त संजीव कुमार बेसरा, झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी के मिशन डायरेक्टर सुनील कुमार, श्रम विभाग के अपर सचिव अमित प्रकाश और श्री पवन कुमार मौजूद थे।

### नर्सिंग, एएनएम, जीएनएम की परीक्षा...

यानी झारखंड के स्थानीय निवासी अभ्यर्थियों भी आवेदन दे सकते हैं। दरअसल, प्रार्थी ने झारखंड के स्थानीय निवासी को आवेदन देने को चुनौती दी थी। बता दें कि कुलक्षेचंद्र, चंद्र कुमार सुप्रभा कुमारी पुष्पा कुमारी विनय कुमार सिंह एवं अन्य की ओर से याचिका दायर की गई थी। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की कोर्ट में हुई।

### यूपीए काल में घाटे-घोटाले...

**देशभर में रोजगार मेला :** शनिवार को देशभर में 44 स्थानों पर रोजगार मेले का आयोजन किया गया था। पीएम ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के हमारे प्रयासों में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। इस पहल का समर्थन करने वाले केंद्र सरकार के विभागों के साथ-साथ राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों में भर्तियां हो रही हैं। उन्होंने कहा,जब देश विकास के पथ पर काम कर रहा है और आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान सरकारी कर्मचारी के रूप में काम करने का अवसर मिलना एक बड़ा सम्मान है। उन्होंने कहा हालांकि बैंकिंग क्षेत्र में नियुक्ति पत्र अधिक बांटे जाते हैं, लिहाजा युवा कर्मचारियों की भूमिका और जिम्मेदारी भी बढ़ गयी है। **एनडीए ने बैंकिंग सेक्टर को मजबूत किया :** पीएम ने कहा , 2014 में सरकार ने देश में सरकारी बैंकों के प्रबंधन को मजबूत किया और दिवालियापन संहिता कानून बनाया, ताकि अगर कोई बैंक बंद हो जाए तो उसे कम से कम नुकसान की संभावना हो। रोजगार मेला रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की एनडीए सरकार की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। उम्मीद है कि यह मेला आगे रोजगार सृजन के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा और युवाओं को उनके सशक्तिकरण और राष्ट्रीय विकास में भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा। पीएम ने कहा कि उनकी सरकार ने बैंक प्रबंधन को मजबूत करने, छोटे बैंकों का विलय करने और इस क्षेत्र की मदद के लिए पेशेवर माहौल बनाने सहित कई कदम उटाये हैं।

### आप ही आशा की अंतिम किरण...

आदिवासी महिलाओं की यातना को लेकर वायरल वीडियो से देश में काफी आक्रोश है। हम सभी को अंदर तक झकझोर कर रख दिया है। **आप ही अब कोई रास्ता दिखायें :** राष्ट्रपति को लिखे अपने पत्र में सीएम ने का, मैं आज आपसे आगे का रास्ता खोजने, न्याय सुनिश्चित करने और मणिपुर की शांति और सद्भाव कायम करने लिए कदम उठाने की अपील करता हूं। हम अपने साथी आदिवासी भाइयों और बहनों के साथ इस तरह का भयावह बर्बर व्यवहार नहीं कर सकते और हमें ऐसा नहीं होने देना चाहिए। मणिपुर को ठीक होना चाहिए और एक राष्ट्र के रूप में हमें मदद करनी चाहिए। संविधान द्वारा प्रदत्त मानव जीवन और सम्मान के आंतरिक सिद्धांत पूरी तरह से टूटता नजर आ रहा है। एक समाज को कभी भी उस बिंदु तक नहीं पहुंचना चाहिए, जहां लोगों को उस तरह की शारीरिक, भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक क्रूरता का सामना करना पड़े जैसा हमने मणिपुर में देखा है। राज्य सरकार अपने ही लोगों की रक्षा करने और हिंसा और अशांति को कम करने में विफल रही है। **हजारों विस्थापित हो गये हैं :** मणिपुर दो महीने से ज्यादा समय से जल रहा है। मणिपुर में बच्चों सहित 40,000 से अधिक लोग विस्थापित हो गये हैं और अस्थायी शिविरों में रह रहे हैं। हर दिन और रात, हम नवीनतम के साथ दिल दहला देने वाले दृश्यों से रूबरू होते हैं। महिलाओं को नग्न घुमाने और सार्वजनिक रूप से बलात्कार करने का वीडियो सामने आया है। ऐसा प्रतीत होता है कि कानून का शासन पूरी तरह से टूट गया है और यह बेहद दुखद है कि कुछ निहित स्वार्थों के मौन समर्थन के साथ, यह जातीय हिंसा बेरोकटोक जारी है। **शांति बहाली सामाजिक जिम्मेदारी :** अपने पत्र में श्री सोरेन ने कहा कि हमारे देश की ताकत विविधता के बीच एकता में निहित है, और ऐसी शत्रुता के बीच शांति बहाल करने और शांति के माहौल को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि मणिपुर की शांति न केवल राज्य और उसके लोगों के लिए, बल्कि पूरे देश की भलाई के लिए महत्वपूर्ण है। जनजाति बहुल राज्य मणिपुर अपनी जीवंत संस्कृति और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के लिए जाना जाता है। मणिपुर ने कई ऐसे खिलाड़ी दिये हैं, जिसने देश का नाम रौशन किया है। इनमें कुंजुरानी देवी, थोइबा सिंह, रेनेडी सिंह, डिंग्को सिंह, मीराबाई चानू, सरिता देवी और मैरी कॉम को कौन भूल सकता है।

## दिल का दौरा पड़ने से हवलदार की मौत



मृतक को देखते पुलिस कर्मी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** भंडरिया थाना में पदस्थापित जैप 8 के हवलदार भवनाथपुर थाना क्षेत्र के अरसली दक्षिणी पंचायत के बैगाडीह गांव निवासी चंद्रिका सिंह 47 वर्ष की मौत शुक्रवार की शाम हृदयाघात से हो गई। शुक्रवार की शाम अचानक उन्हें हृदयाघात का अटैक हुआ और वे अचेत होकर गिर पड़े। तत्काल उन्हें जवानों ने भंडरिया उप स्वास्थ्य केंद्र में ले गये। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। इस घटना की सूचना भवनाथपुर थाना प्रभारी रामेश्वर उपायाय ने परिजनों को दी। शनिवार सुबह कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव का पोस्टमार्टम के पश्चात गढ़वा पुलिस लाइन में सलामी दी गई। तत्पश्चात शव को परिजनों को सौंप दिया गया। शनिवार के दोपहर जैसे ही शव लेकर उनके घर पहुंचा। उनके घर में मातम छा गया। सूचना मिलते ही भवनाथपुर थाना प्रभारी रामेश्वर उपायाय, अरसली दक्षिणी मुखिया प्रतिनिधि सह मंडल अध्यक्ष सोना किशोर यादव सहित कई गणमान्य लोगों ने पहुंच कर परिजनों को ढांढस बंधाया।

## मुख्यमंत्री से लेकर रेल मंत्री तक ज्ञापन देंगे : वर्मा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जयनगर (कोडरमा)।** झामुमो नेता सह गांडेय के पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा गडगी पहुंच कर रेल घेराबंदी से ग्रामीणों को हो रही समस्या से अवगत हुए। इस दौरान ग्रामीणों ने जयप्रकाश वर्मा जिंदाबाद रेलवे को रास्ता देना होगा आदि नारे लगाए। वहीं श्री वर्मा को ग्रामीणों ने अपनी समस्या से अवगत कराया। इस पर उन्होंने कहा कि रेलवे को ग्रामीणों को रास्ता देना ही होगा। इसके लिए मुख्यमंत्री से लेकर केंद्रीय रेलवे मंत्री और रेलवे बोर्ड के उच्च अधिकारियों से बातचीत की जाएगी। इस संबंध में ज्ञापन सौंपा जाएगा, जरूरत पड़ी तो धरना प्रदर्शन भी किया जाएगा। मौके पर अशोक सिंह, इस्लाम अंसारी, दिवाकर तिवारी, खलील अंसारी, अनिल राय, सुजीत यादव, सुदामा दास, गोविंद प्रसाद बिहारी, अरविंद राणा, राम कुमार सिंह, सागर दास, रामदेव पासवान, श्रीकांत यादव सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## शिक्षा की पहल कार्यक्रम का शुभारंभ, 1.25 लाख बच्चों को दिया जायेगा अक्षर ज्ञान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित राज्य संपोषित बालक उच्च विद्यालय के सभागार में पिरामल फाउंडेशन व कैवल्य एजुकेशन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शिक्षा की पहल कार्यक्रम का शुभारंभ जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, डीईओ दिनेश कुमार मिश्रा व गंधरिया मुखिया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन कर रही दीपांशी निगम ने सभी पदाधिकारियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। मौके पर उपस्थित अतिथियों ने कार्यक्रम के उद्देश्यों और इसके अनुभवों को साझा किया और ₹शिक्षा की पहल₹ कार्यक्रम को सराहा। कार्यक्रम प्रबंधक गरिमा ने कार्यक्रम के उद्देश्यों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य 1-5 वर्ष के बच्चों में एफएलएन (साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान) को बढ़ाने के साथ साथ अनामांकित बच्चों का स्कूल में दाखिला कराना, वर्ष दर वर्ष प्राथमिक से माध्यमिक एवं



माध्यमिक से सेकेंडरी में प्रवेश दर को बढ़ाना। इसके तहत जिले में 100 मास्टर कोच तैयार किए जायेंगे जिससे वित्तीय वर्ष के अंत तक लगभग 125000 बच्चों के ज्ञान एवं साक्षरता को सुदृढ़ किया जायेगा। बाला, पुस्तकालय, बाल संसद, मॉर्निंग असेंबली, विद्यालय प्रबंधन समिति आदि बहुत सारे तथ्यों को मजबूत करते हुए शिक्षा की इस पहल को आगे बढ़ाया जाएगा। कैवल्य एजुकेशन फाउंडेशन की प्रतिनिधि अमृता प्रजापति ने कार्यक्रम का पूरा परिचय दिया। ततपश्चात संस्था जिला प्रतिनिधि अमित भारती ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से शिक्षकों, बीपीओ, बीआरपी आदि को और बेहतर तरीके से कार्य करने के बारे में बताया। इस कार्यक्रम से किस प्रकार बच्चों की शिक्षा में बढ़ोत्तरी होगी इसके बारे में भी जानकारी देते हुए छोटे छोटे तथ्यों को विस्तार से बताया। इस मौके पर संतोष कुमार, रविंद्र कुमार सिंह, ईश्वर कुमार, राजेश कुमार, मीना कुमारी , दीपक कुमार , रंजन कुमार, संदीप कुमार , महेंद्र प्रसाद, राहुल कुमार , अमित भारती, अमृता प्रजापति, दीपांशी निगम, नेहा ठाकुर, अमीषा झा, शावेज अनवर, निरंजन, ऋषभ कुमार, चारु, आदित्य राज, अमित शिवशंकर, राकेश पांडे, प्रदीप कुमार, अभयंकर आदि लोग मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

### शिमला के जगोटी में बादल फटा, तीन बहे



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में बरसात का सितम जारी है। ताजा आपदा रात को शिमला जिले के रोहड़ू उपमंडल की चिड़गांव तहसील में आई है। चिड़गांव की उपतहसील जांगला डिसवाणी पंचायत के जगोटी में बादल फटने से भारी तबाही हुई है। एक भोजनालय ढह गया। इसमें रह रहे तीन लोग लापता हो गए हैं मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक सुरेंद्र पॉल के अनुसार 24 जुलाई तक राज्य में भारी बारिश हो सकती है। भारी बारिश के साथ-साथ भूस्खलन और फ्लैश फलड होने की आशंका है।

### रायगढ़ में अब तक 26 लोगों की मौत

**मुंबई।** रायगढ़ जिले के आपदाग्रस्त इरशालवाड़ी गांव में शनिवार को तीसरे दिन मलबे में दबे तीन और शव मिले हैं। इनमें एक पुरुष का और दो महिलाओं के शव हैं। अब तक इस हादसे में 26 लोगों की मौत हो चुकी है। 143 लोगों को मलबे से निकाला जा चुका है, जबकि 87 लोगों की तलाश अभी भी जारी है।

### चमोली करंट हादसे में तीन गिरफ्तार

**गोपेश्वर।** उत्तराखंड के चमोली जिले में हुए दर्दनाक करंट हादसे के सिलसिले में पुलिस ने शनिवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। चमोली के पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र डोबाल ने बताया कि नमामि गंगे के मलजल शोधन संयंत्र (एसटीपी) में विघुत उपकरणों के संचालन में घोर लापरवाही बरते जाने के आरोप में जल संस्थान के चमोली में कार्यरत इंजीनियर हरदेवलाल आर्य, बिजली विभाग के लाइनमैन महेंद्र सिंह और एसटीपी का संचालन कर रही संयुक्त उपक्रम कंपनी के स्थानीय सुपरवाइजर पवन चमोला को गिरफ्तार किया गया है।

### बांग्लादेश : तालाब में गिरी बस, 17 की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश के झालाकाठी जिले में एक यात्री बस के तालाब में पलट जाने से कम से कम 17 लोगों की जान चली गई। हादसे में 35 अन्य घायल हो गए। घायलों को झालाकाठी जिला अस्पताल पहुंचाया गया है। यह हादसा आज सुबह करीब 9:55 बजे झालाकाठी-पिरोजपुर क्षेत्रीय सड़क पर एक ऑटो रिक्शा को साइड देते समय हुआ। बस पिरोजपुर के भंडारिया उप जिला से बरिशाल जा रही थी। ऑटो रिक्शा को साइड देते समय स्थानीय संघ परिषद कार्यालय के पास चालक के नियंत्रण खो देने के कारण बस तालाब में गिर गई।

### ट्रंप पर अगले साल से चलेगा मुकदमा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रम्प को अगले साल मई से संघीय अदालत के कठघरे में खड़ा होना होगा। संघीय अदालत के न्यायाधीश एलीन एम. कैनन ने शुक्रवार को मुकदमे की सुनवाई के लिए तारीखों की घोषणा की। उन्होंने पहली तारीख 20 मई, 2024 मुकर्रर की है। ट्रंप पर संवेदनशील राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े 31 गोपनीय दस्तावेजों को अवैध तरीके से अपने पास रखने का आरोप है।

### अमेरिकी नौसेना रचेगा इतिहास, प्रमुख के लिए महिला नामित

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने पहली बार नौसेना की कमान एडमिरल लिसा फ्रैंचेटी को इस पद के लिए नामित किया है। बिडेन ने फ्रैंचेटी को नौसेना के शीर्ष अधिकारी के रूप में चुना है। यह एक ऐतिहासिक नियुक्ति है जो अमेरिकी नौसेना के इतिहास में इस पद को संभालने वाली पहली महिला और संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ में पहली महिला होगी।

# इसरो और नौसेना ने गगनयान के लिए किया हार्बर रिकवरी परीक्षण

एजेंसी

## मिशन का अभियान दूसरे चरण में किया प्रवेश

- क्रू रिकवरी टीम के पहले बैच को नौसेना ने कोच्चि में दिया है पहला प्रशिक्षण
- लांचिंग में भी शामिल होगी यह प्रशिक्षित टीम

**नयी दिल्ली।** इसरो और भारतीय नौसेना ने मिशन गगनयान के लिए विशाखापत्तनम हार्बर में मानव अंतरिक्ष मिशन क्रू मॉड्यूल रिकवरी और लिफ्टिंग परीक्षण पूरे कर लिए हैं। इसरो ने यह परीक्षण विशाखापत्तनम स्थित पूर्वी नौसेना कमान में भारतीय नौसेना के एक जहाज पर किये हैं। भारत का लक्ष्य 2025 तक 400 किमी ऊपर अंतरिक्ष यात्री भेजने का है।

मिशन गगनयान की क्रू रिकवरी टीम के पहले बैच को कोच्चि में नौसेना की जल जीवन रक्षा प्रशिक्षण सुविधा (डब्ल्यूएसटीएफ) में पहले चरण का परीक्षण दिया गया है। विशाखापत्तनम के नौसेना डॉकयार्ड में बंदरगाह परीक्षणों की शुरूआत के साथ गगनयान मिशन का रिकवरी परीक्षण संचालन दूसरे चरण में प्रवेश कर गया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और भारतीय नौसेना ने संयुक्त रूप से 20 जुलाई को परीक्षण वाहन के पहले विकास मिशन के दौरान पुर्नप्राप्ति कार्यों के लिए पहचाने गए जहाज के साथ परीक्षण किया। विशाखापत्तनम स्थित पूर्वी नौसेना कमान में इसरो और भारतीय नौसेना ने गगनयान मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन के लिए क्रू मॉड्यूल मॉकअप का उपयोग करके बंदरगाह पुर्नप्राप्ति परीक्षण आयोजित किए। यह प्रशिक्षित टीम अब आने वाले महीनों में इसरो के मिशन गगनयान की लॉन्चिंग टीम में शामिल होगी। इसरो के बेंगलुरु मुख्यालय की तरफ से शनिवार को जारी बयान में कहा कि यह मॉकअप परीक्षण प्रक्रिया में इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे रिकवरी प्रक्रियाएं स्थितियों का सटीक अनुकरण करती हैं।



बयान में यह भी कहा गया कि परीक्षणों के दौरान पुर्नप्राप्ति के विभिन्न चरणों का अनुकरण किया गया था, जिसमें जहाज के डेक पर क्रू मॉड्यूल को खींचना, संभालना और उठाना शामिल था। नौसेना के गोताखोरों और समुद्री कमांडो की एक टीम ने विभिन्न समुद्री परिस्थितियों में क्रू मॉड्यूल को प्रशिक्षित किया। कोच्चि स्थित डब्ल्यूएसटीएफ भारतीय नौसेना की एक जल जीवन रक्षा परीक्षण सुविधा है, जहां विमान चालक दल को कई दुर्घटना परिदृश्यों और मौसम की स्थिति के तहत फंसी हुई उड़ान से बचने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। दो सप्ताह के प्रशिक्षण कैप्सूल में मिशन के संचालन, चिकित्सा आवश्यकताओं के दौरान की जाने वाली कार्रवाइयों और विभिन्न विमानों और उनके बचाव उपकरणों से परिचित होने के बारे में जानकारी दी गई।

### तीन सदस्यों ने 400 किमी किया प्रदर्शन

इसरो के अनुसार गगनयान परियोजना में तीन सदस्यों के एक दल को तीन दिवसीय मिशन के लिए 400 किमी की कक्षा में लॉन्च करके और भारतीय समुद्री जल में उतरकर उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाकर मानव अंतरिक्ष उड़ान क्षमता का प्रदर्शन करने की परिकल्पना की गई है।

इसरो के मिशन गगनयान की क्रू रिकवरी टीम के पहले बैच को कोच्चि में नौसेना की जल जीवन रक्षा प्रशिक्षण सुविधा (डब्ल्यूएसटीएफ) में पहले चरण का प्रशिक्षण दिया गया है।

# कोयला घोटाले में आइएएस अधिकारी रानू साहू गिरफ्तार

एजेंसी

## कोर्ट ने तीन दिन के लिए इडी की रिमांड में भेजा

- छत्तीसगढ़ में कोयला लेवी से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले की इडी कर रही है जांच
- कोरबा और रायगढ़ के पूर्व डीएम साहू की 5.5 करोड़ रुपये की संपति कुर्क



**रायपुर।** प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन के एक मामले में भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी रानू साहू को शनिवार को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जिसने उसे तीन दिन के लिए केन्द्रीय एजेंसी की हिरासत में भेज दिया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिवक्ता सौरभ पांडेय ने बताया कि एजेंसी ने साहू को गिरफ्तार कर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत की अदालत में पेश किया। अदालत ने आईएएस अधिकारी को तीन दिन के लिए केन्द्रीय एजेंसी की हिरासत में भेज दिया। पांडेय ने बताया कि कोयल लेवी से जुड़े धन शोधन के मामले की जांच ईडी कर रही है। जांच में कोरबा और रायगढ़ जिले की कलेक्टर रह चुकीं साहू की संलिप्तता सामने आने के बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया है। साहू की 5.5 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की गई है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच जारी है। उन्होंने कहा कि साहू से पूछताछ करने के लिए उसकी 14 दिनों की हिरासत मांगी गई थी, जिसपर अदालत ने 25 जुलाई तक तीन दिनों की हिरासत मंजूर की है। इससे पहले साहू के अधिवक्ता फैजल रिजवी ने कहा कि साहू को 22 अक्टूबर से 23 जनवरी के बीच जब-जब बुलाया गया है। उन्होंने जांच में पूरा सहयोग किया है। साहू की गिरफ्तारी फर्जी आधार पर की गई है। कोई भी ऐसा तथ्य नहीं है जो साबित करता हो कि साहू इसमें शामिल हैं। जो संपत्ति कुर्क की गई है वह उनके माता-पिता की है और वह 2019 से पहले की अर्जित है। जबकि ईडी ने जिस अपराध की बात कही है वह 2020 की है। रिजवी ने बताया कि साहू ने अदालत में पेश होने के बाद कहा कि मेरी भी सुनी जाए। मुझे जितना बताना था बता दिया है। अब इनके पास पूछने के लिए कुछ भी नहीं बचा है। अदालत से प्रार्थना है कि मुझे ईडी की हिरासत में ना भेजा जाए। साहू के अधिवक्ता ने कहा कि ईडी ने वाट्सअप चैट के संबंध में जानकारी दी है। उन्होंने सवाल किया, क्या ईडी को अधिकार है कि वह किसी का भी व्हाट्सएप चैट निकाल सकती है और क्या उन्होंने इसके लिए अदालत से अनुमति ली थी? छत्तीसगढ़-कैडर की 2010 बैच की आईएएस अधिकारी साहू वर्तमान में राज्य के कृषि विभाग में निदेशक के रूप में तैनात हैं। इस पोस्टिंग से पहले उन्होंने कोयला समृद्ध कोरबा और रायगढ़ जिलों में कलेक्टर के रूप में कार्य किया था। कोयला घोटाले में गिरफ्तार होने वाली रानू साहू दूसरी आईएएस अधिकारी हैं। इससे पहले ईडी ने समीर विश्नोई को गिरफ्तार किया था। फिलहाल वो जेल में हैं। आयकर विभाग की एक शिकायत का संज्ञान लेने के बाद ईडी ने धन शोधन की जांच शुरू की थी।

### शुक्रवार को रायपुर स्थित आवास में हुई थी छापेमारी

ईडी के सूत्रों के मुताबिक, शुक्रवार को उनके रायपुर स्थित आवास पर छापेमारी की थी। कथित कोयला लेवी मामले की जांच के तहत ईडी ने पहले भी उन पर छापा मारा था और उनकी संपत्ति जब्त की थी।

### नाबालिग की हत्या में दरिंदे को फांसी की सजा

**इडुक्की (केरल)।** केरल के इडुक्की की एक विशेष पोक्सो अदालत ने 44 वर्षीय एक व्यक्ति को 2021 में अपनी एक नाबालिग रिश्तेदार लड़की की हत्या करने के लिए शनिवार को मौत की सजा सुनायी, जबकि उक्त लड़की की नाबालिग बहन के साथ बलात्कार करने के लिए उम्रकैद की सजा सुनाई। यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पोक्सो) के तहत मामलों की सुनवाई करने वाली विशेष अदालत ने वेल्लातुवल पुलिस थाने में दर्ज मामले में इडुक्की निवासी सुनील कुमार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत द्वारा सुनायी गई सजा के अनुसार सुनील कुमार को पूरे जीवन जेल में रहना होगा।उक्त व्यक्ति पर 3 अक्टूबर, 2021 की रात व्यक्ति ने पीड़िता के घर में प्रवेश किया और नाबालिग लड़की को हथौड़ा मार कर मार डाला जबकि उसकी मां को गंभीर रूप से घायल कर दिया। बाद में वह पास के घर में गया जहां पीड़ित की दादी और बड़ी बहन सो रही थी और उसने उन पर भी हमला किया। सुनील ने पीड़िता की दादी पर बेरहमी से हमला किया और 14 साल की किशोरी के साथ दुष्कर्म किया।

# मणिपुर को लेकर वाकयुद्ध हुआ तेज

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** मणिपुर की घटना को लेकर राजनीतिक वाकयुद्ध शनिवार को उस समय तेज हो गया, जब भाजपा ने पश्चिम बंगाल और राजस्थान में महिलाओं के खिलाफ अत्याचार की घटनाओं का मुद्दा उठाते हुए विपक्ष की चुप्पीपर सवाल उठाया।

वहीं, विपक्ष ने आरोप लगाया कि सरकार मणिपुर में हिंसा के मुद्दे पर संसद में चर्चा टालने के लिए इस तरह के हथकंडे अपना रही है। सरकार केंद्रीय गृह मंत्री के जवाब के साथ मणिपुर मुद्दे पर अल्पकालिक चर्चा कराने पर सहमत हो गई है, लेकिन विपक्ष पहले प्रधानमंत्री के बयान की मांग कर रहा है। मणिपुर के एक गांव में दो महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने और उनके साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर आने के बाद विपक्ष इस मांग पर अड़ गया है।। भाजपा ने शनिवार को आरोप लगाया कि राजस्थान, पश्चिम बंगाल और बिहार जैसे विपक्ष शासित राज्यों में महिलाओं के खिलाफ जघन्य अपराधों की सूची लंबी है लेकिन विपक्षी पार्टियां मणिपुर की घटना पर राजनीति कर रही हैं।

### विपक्ष ने सरकार पर हमला बोला, भाजपा ने मालदा की घटना को जोरशोर से उठाया

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने यहां भाजपा मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए विपक्षी दलों पर निशाना साधा। उन्होंने राजस्थान, बिहार व पश्चिम बंगाल में महिलाओं के खिलाफ दर्ज कुछ आपराधिक मामलों का संदर्भ दिया और कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी एवं अन्य विपक्षी दलों के नेताओं पर गैर-भाजपा शासित राज्यों में महिलाओं के साथ अपराधों पर चुप्पी साधने का आरोप लगाया। ठाकुर ने आरोप लगाया, ह्यह्राजस्थान में पिछले चार वर्षों में महिलाओं के खिलाफ अपराध के एक लाख से ज्यादा मामले दर्ज किए गए हैं। राजस्थान में कुल 33 हजार मामले महिलाओं के यौन उत्पीड़न से संबंधित हैं।

# उत्तर कोरिया ने चार क्रूज मिसाइलें दागीं

एजेंसी

**प्योंग्यांग/सोल।** उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया के बीच घमासान थमने का नाम नहीं ले रहा है। उत्तर कोरिया ने एक बार फिर चार क्रूज मिसाइल का परीक्षण किया है। इस पर दक्षिण कोरिया ने उत्तर कोरिया को न सुधरने पर किम जोंग-उन शासन के अंत की चेतावनी दे डाली है। उत्तर कोरिया ने शनिवार सुबह एक बार फिर क्रूज मिसाइलों का परीक्षण किया। दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य प्रमुख ने कहा कि उत्तर कोरिया की तरफ से सुबह करीब चार बजे चीन और कोरियाई प्रायद्वीप के बीच यलो सी में चार क्रूज मिसाइलें दागी गईं।

संयुक्त सैन्य प्रमुख के मुताबिक दक्षिण कोरिया और अमेरिकी खुफिया एजेंसियां इन हरकतों पर करीब से नजर रख रही हैं। उत्तर कोरिया की तरफ से लगातार बढ़ते मिसाइल और रॉकेट परीक्षणों के बीच दक्षिण कोरिया ने किम जोंग-उन शासन के लिए चेतावनी जारी की है।

### दक्षिण कोरिया ने दी किम शासन के अंत की चेतावनी



सोल की तरफ से कहा गया है कि अगर उत्तर कोरिया उस पर किसी भी तरह का परमाणु हमला करता है, तो यह किम जोंग-उन के नेतृत्व वाले शासन का अंत होगा। चेतावनी जारी करते हुए कहा था कि क्षेत्र में अमेरिका की परमाणु क्षमता वाली सबमरीन और अन्य कूटनीतिक संपत्तियों की तैनाती उसके न्यूक्लियर हथियार इस्तेमाल करने की मजबूरी बन सकती है।

### स्टार्टअप स्काईरूट के रॉकेट इंजन का इसरो ने किया सफल परीक्षण

**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने हैदराबाद के एक अंतरिक्ष स्टार्टअप स्काईरूट के रॉकेट इंजन का एक सफल परीक्षण किया है। तमिलनाडु के महेंद्रगिरि स्थित इसरो प्रोपल्शन कॉम्पलेक्स (आईपीआरसी) ने यह जानकारी दी। इसरो ने शनिवार को एक बयान में कहा कि आईपीआरसी में लिक्विड थ्रस्टर टेस्ट फैसिलिटी (एलटीटीएफ) में शुक्रवार के परीक्षण में रमन-2 इंजन का इस्तेमाल किया गया, जिसे स्काईरूट ने 820 न्यूटन(समुद्र स्तर) और 1,460 न्यूटन (वैक्युम) बल उत्पन्न करने के लिए डिजाइन किया है। इसका सामान्य चैम्बर दबाव 8.5 बार एब्सोल्यूट है।इंजन में मोनो मिथाइल हाइड्राजीन और नाइट्रोजन टेट्रोक्साइड का प्रणोदक के रूप में उपयोग किया गया है। बयान में कहा गया है कि 10 सेकंड अवधि का यह परीक्षण कई लक्षित मानदंडों पर खरा उतरा।

# मणिपुर में महिलाओं का हिंसक प्रदर्शन

एजेंसी

**इंफाल।** मणिपुर में दो महिलाओं के यौन उत्पीड़न के विरोध में शनिवार को इंफाल में महिलाओं ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। इन्हें तितर-बितर करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े। हालांकि, घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। मणिपुर की राजधानी इंफाल के घाटी इलाके में आज सुबह सैकड़ों महिलाएं कार के टायर जलाकर और सड़क अवरुद्ध करके हिंसक विरोध प्रदर्शन कर रही थीं।

सुबह करीब 9 बजे स्थिति उस समय अराजक हो गई, जब महिलाओं ने सड़क के दोनों तरफ जाम लगा दिया और सरकार के खिलाफ अभद्र नारे लगाए। स्थिति नियंत्रण से बाहर होने पर पुलिस ने रैपिड एक्शन फोर्स और सेना के साथ त्वरित कार्रवाई की। खबरों के मुताबिक जब सुरक्षाकर्मियों ने टायर में लगी आग को बुझाने की कोशिश की, तो प्रदर्शनकारी महिलाएं हिंसक हो गईं। तब स्थिति पर काबू पाने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े।

## पुलिस ने छोड़े आंसू गैस के गोले



### निर्वस्त्र घुमाने में अब तक छह गिरफ्तार

इंफाल । मणिपुर पुलिस ने चार मई को बी फीनोम गांव में भीड़ द्वारा दो महिलाओं को नग्न कर घुमाने में कथित संलिप्तता को लेकर अब तक एक किशोर सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक बयान के अनुसार राज्य पुलिस कई संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी करके शेष अपराधियों को पकड़ने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। इस बीच, टी.जी. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों ने शनिवार को सरकार से इंफाल के रहने वाले दो स्कूली छात्रों का पता लगाने का आग्रह किया है।

### संवेदनशील मामले पर चर्चा करना नहीं चाहता विपक्ष : ईरानी

**नयी दिल्ली।** मणिपुर वायरल वीडियो पर केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि इस संवेदनशील मुद्दे पर विपक्ष संसद में चर्चा नहीं करना चाहता। स्मृति ने शनिवार को कहा कि मणिपुर वायरल वीडियो मुद्दा न केवल संवेदनशील है, बल्कि इसका राष्ट्रीय सुरक्षा पर भी प्रभाव पड़ता है। विपक्षी नेताओं को इसकी जानकारी है पर वे इस मुद्दे पर विपक्ष संसद में चर्चा नहीं करना चाहते।स्मृति ने कहा कि सरकार मणिपुर मामले पर संसद में चर्चा करना चाहती थी लेकिन आश्चर्य है कि विपक्ष ने इससे इनकार कर दिया। ईरानी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस राजस्थान में महिलाओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार के बारे में सच्चाई नहीं सुनना चाहती है।

# बेटी को साइंटिस्ट बनायेंगी आलिया भट्ट

**मुंबई।** आलिया भट्ट पिछले साल एक्टर रणबीर कपूर के साथ विवाह बंधन में बंध गई थीं। वे तब से प्रोफेशनल लाइफ के बजाय परिवार पर ज्यादा ध्यान दे रही हैं। मीडिया से कई दफा रूबरू होते हुए आलिया ने कहा है कि शादी के बाद उनके ऊपर कई जिम्मेदारियां बढ़ गई हैं। वह अपनी बेटी राहा की परवरिश में कोई कोताही नहीं बरतना चाहतीं।आम तौर पर माना जाता है कि एक्टर अपने बच्चों को एक्टिंग की दुनिया में ही लाना चाहते हैं, लेकिन आलिया के मामले में ऐसा नहीं है। उन्होंने बेटी राहा के करिअर को लेकर भी फैंस की जिज्ञासा को शांत किया। आलिया ने कहा कि जब भी मैं अपनी बेटी की ओर देखती हूं तो लगता है वह तो साइंटिस्ट (वैज्ञानिक) ही बनेगी। आलिया को कुछ लोग इस बात के कारण सोशल मीडिया पर ट्रोल कर रहे हैं। यूजर्स का कहना है कि राहा अभी एक साल की भी नहीं हुई और आलिया ने उसका करिअर डिसाइड कर दिया।



### फिल्म भारत भाग्य विधाता का ट्रेलर रिलीज



सुपर स्टार प्रदीप पांडेय चिंटू और संचिता बनर्जी स्टारर भोजपुरी फिल्म भारत भाग्य विधाता का धांसू ट्रेलर आउट हो गया है। फिल्म का ट्रेलर टीजर का विस्तार है, जिसमें एक बार फिर से प्रदीप पांडेय चिंटू छाए रहे। उनका एक्शन, उनके डायलॉग, उनके रोमांस का जादू भोजपुरी के दर्शकों पर भी छा गया है और ट्रेलर रिलीज होने के साथ वायरल हो रहा है। भारत भाग्य विधाता के ट्रेलर का रन टाइम 3:54 है, जिसकी प्रस्तुति पलक झपकने का वक्त तक नहीं देती है। फिल्म के ट्रेलर को बी4यू के वाइस प्रेसिडेंट संदीप सिंह ने तगड़ा बताते हुए कहा कि कई अवॉर्ड शो में बेस्ट एक्टर रह चुके प्रदीप पांडेय चिंटू का रंग फिल्म के ट्रेलर में खूब चढ़ा है। फिल्म की कहानी में बेहद फिट भी नजर आए हैं। फिल्म को लेकर प्रदीप पांडेय चिंटू ने कहा कि यह फिल्म बिहार और यूपी के एक पुलिस वाले के जीवन पर आधारित है। मैंने फिल्म में पुलिस का किरदार निभाया है। इससे पहले भी कई फिल्मों में पुलिस का किरदार निभा चुका हूं, लेकिन यह उन सबसे अलग है। आपने अगर ट्रेलर देखा है तो आपको अंदाजा हो गया होगा कि फिल्म कितनी बड़ी और व्यापक बनी है। बाकी आपको फिल्म देखनी होगी, फिर पता लग जाएगा कि यह कितनी बड़ी फिल्म होने वाली है।

### सपना चौधरी का पैपी हरियाणवी नंबर नंदी के बीर हुआ रिलीज



**मुंबई।** टी सीरीज ने सपना चौधरी का पैपी हरियाणवी नंबर नंदी के बीर रिलीज किया है। टी सीरीज ने एक हरियाणवी अपबीट सॉन्ग लॉन्च किया है जिसका टाइटल नंदी के बीयर है, जिसमे बिगबॉस 3 फेम सपना चौधरी नजर आ रही हैं और उनके साथ विवेक राघव दिख रहे हैं। यह एक पैपी रोमांटिक नंबर है। यह गाना अब टी सीरीज के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध है।


वर्मा प्रेस प्रा० लि० रॉंची

VERMA PRESS

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !